# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 21 सितम्बर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-213 | पृष्ठ-16 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## वाल्मीकिनगर में 60 करोड़ से बनेगा लव-कुश पार्क : सम्राट

### मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए एकजुटता का किया आह्वान



पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित विकसित बिहार : नींव से निर्माण तक महामंथन सह लव-कुश प्रतिभा सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। प्रोग्रेसिव बुद्धिजीवी एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुये सीएम ने कहा कि लव-कुश समाज की एकता की नींव वर्ष 1994 में रखी गई थी और यह एकता आज भी कायम है। उन्होंने कहा कि लव-कुश समाज किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि न्याय के साथ आगे बढ़ते हुए बिहार की समृद्धि और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाना चाहता है। वर्ष 1992-93 में कुर्मी चेतना रैली और कुशवाहा सम्मेलन के बाद 1994 में दोनों समाजों ने मिलकर लव-कुश सम्मेलन का आयोजन किया था। इसकी शुरूआत करनेवाले सभी नेताओं को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि इसी सामाजिक

**विकसित भारत व समृद्ध बिहार की कल्पना को साकार करने का समय : सीएम**

एकता ने आगे चलकर राजनीतिक स्वरूप ग्रहण किया और इससे जुड़ी राजनीतिक पार्टियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज विकसित भारत और समृद्ध बिहार की कल्पना को साकार करने का समय है। सीएम ने कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है। चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक जैसे महान शासकों ने इसी धरती से भारत और दुनिया को दिशा दी। बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने और मजबूती से प्रस्तुत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बोधगया में भव्य कॉरिडोर विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। वाल्मीकि नगर में लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से भव्य लव-कुश पार्क के निर्माण की पहल की गई है। साथ ही, सीतामढ़ी में भव्य सीता मंदिर के निर्माण का कार्य भी आगे बढ़ाया जा रहा है। लगभग 1000 करोड़ रुपए की लागत से इसका शिलान्यास किया गया है। 2028 के 31 दिसंबर से पहले भव्य सीता मंदिर को स्थापित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति विरासत को दुनिया के सामने लाने के साथ-साथ राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सभी लोग मिलकर आगे बढ़ते हैं तो बड़ी उपलब्धियां हासिल होती हैं। उन्होंने पांच उंगलियों का उदाहरण देते हुए कहा कि अलग-अलग होने पर उनकी ताकत सीमित होती है, लेकिन मुट्ठी बनने पर यही एकता की ताकत बन जाती है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भाप्रसे के अधिकारी संजीव कुमार, बिप्रसे की अधिकारी प्रीति कुमारी और सहायक आयुक्त धरनीधरा को मोमेंटो देकर उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने स्वर्णिम दिन सम्राट के नामक स्मारिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में मंत्री कुमार, श्री निशांत, विज्ञान, शीला कुमारी, सांसद उपेंद्र कुशवाहा, विधायक पप्पू वर्मा, रत्नेश कुशवाहा, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

## वित्तरहित शिक्षकों की समस्याओं का किया जायेगा समाधान, कमेटी गठित

**एसकेएम में अभिनंदन समारोह का सीएम ने किया शुभारंभ**

पटना (एनएसबी)। रविवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित वित्तरहित शिक्षकों के अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि युवा पीढ़ियों को आप शिक्षित कर रहे हैं, उन्हें गढ़ रहे हैं, वे सभी बिहार को समृद्ध बनाने में तथा इसके गौरवशाली अतीत को वापस लाने में बड़ी भूमिका निभायेंगे। सीएम ने कहा कि वित्तरहित शिक्षकों एवं उनके प्रतिनिधियों से बात कर समस्याओं का समाधान किया जायेगा। हमने पदाधिकारियों को भी इस संबंध में निर्देशित किया है। आपकी समस्याओं के समाधान के लिये कमिटी गठित की गयी है। आप सभी का सम्मान बना रहेगा, सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था पर शुरू से ध्यान दिया है। बच्चों को बेहतर शिक्षा हमलोगों की प्राथमिकता में रही है। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिये सरकार द्वारा राशि उपलब्ध करायी जा रही है।

## दिल्ली SIR : आडवाणी, पूर्व सेनाध्यक्ष और बांसुरी स्वराज को भी नोटिस

### वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों पर EC की कार्रवाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची में सामने आ रही खामियों ने कई नामचीन लोगों के नाम भी जांच के दायरे में ला दिए हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, सांसद बांसुरी स्वराज और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी समेत कई प्रमुख मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें अधिकतर मामले पिछली एसआइआर की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं होने के बताए गए हैं। हालांकि, इस पूरी कवायद में सबसे चौंकाने वाला मामला दिवंगत अर्थशास्त्री और पद्म पुरस्कार से सम्मानित बिबेक देबराय का है। वर्ष 2024 में निधन के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज मिला और उन्हें भी नोटिस जारी कर दिया गया।

**नो मैपिंग के मामले में भेजे गए नोटिस :** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार करीब 33.13 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने हैं। इनमें से 31,63,930 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग के साफ्टवेयर से सामने आई 11 तरह की लाजिकल डिस्क्रेपेंसी और पिछली एसआइआर सूची से नो-मैपिंग के मामलों में ये नोटिस भेजे गए हैं।

## ट्रांसफर के लिए ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर 4 से आवेदन कर सकेंगे शिक्षक

**बाढ़ के कारण स्थानांतरण तिथि में किया गया बदलाव**

पटना (एनएसबी)। राज्य के शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए अब चार अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने आवेदन लेने के लिए तिथि निर्धारित कर दी है। मालूम हो कि पूर्व में बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 सितंबर से करने के लिए तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन राज्य में बाढ़ आने के कारण शिक्षा विभाग ने तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया। शिक्षा विभाग ने बाढ़ की गंभीर स्थिति और प्राकृतिक आपदा को देखते हुए यह निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने संशोधित समय-सारणी जारी किया है, जिसमें समायोजन एवं पारस्परिक स्थानांतरण के बाद सामान्य स्थानांतरण के लिए संशोधित विद्यालयवार रिक्तियों का प्रकाशन एक अक्टूबर को किया जाएगा। इसके बाद शिक्षक चार से 10 अक्टूबर तक अपनी वरीयता के अनुसार विद्यालयों का विकल्प चुनकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद सामान्य स्थानांतरण की सूची के प्रकाशन, अपील और अपीलों के निष्पादन की प्रक्रिया 12 अक्टूबर से 18 नवंबर तक पूरी की जाएगी।

## एमएलसी चुनाव : जन सुराज ने की 5 उम्मीदवारों की घोषणा



**पीके ने कहा- जीते तो 7वां वेतनामान कराएंगे लागू**

पटना (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर जन सुराज पार्टी ने 5 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। रविवार को जनसुराज के सूत्रधार व बांकीपुर विधायक प्रशांत किशोर ने पाटलिपुत्रा कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया। पार्टी ने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से दिव्या ज्योति, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एसपी राय और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से रवीन्द्र यादव, सारण शिक्षक क्षेत्र से आफाक अहमद और कोसी स्नातक क्षेत्र से रजनीश रंजन को उम्मीदवार बनाया है। बाकी तिरहुत शिक्षक और स्नातक, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारों की घोषणा अगले तीन-चार दिनों में करने की बात कही है। इस दौरान प्रशांत किशोर ने शिक्षकों को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लड़ाई पिछले कई सालों से व्यवस्था के साथ चल रही है। शिक्षक समुदाय की जन सुराज से अपेक्षा है कि उनकी जायज मांगों या उनके आंदोलन की मदद के लिए खड़ा हो। कई शिक्षकों से मुलाकात और बात के बाद ये तय किया है कि सभी शिक्षक संगठनों को एक साथ लाकर संघर्ष समिति बनाई जाएगी और उनकी जो 3 प्रमुख मांग है। जिसे जन सुराज आने वाले 2-3 साल तक शिक्षक साथियों के साथ मिलकर काम करेगा।

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे खोदा

**सुरक्षाबलों की गाड़ियों पर पत्थर-पेट्रोल बम फेंके**

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार रात हिंसक प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने मोतबुंग और आसपास के इलाकों में सड़कें जाम कीं, टायर जलाए और गाड़ियों पर पत्थर फेंके। इन लोगों ने नेशनल हाईवे-2 भी खोद दिया, ताकि गाड़ियां आगे न बढ़ सकें। यह रास्ता इंफाल से दीमापुर तक जाता है। हालांकि सुरक्षा बलों ने भीड़ को हटाने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले छोड़े। ये लोग खोलेन गांव के 7 कुकी ग्रामीणों को हिरासत में लिए जाने का विरोध कर रहे थे। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में प्रदर्शनकारी गाड़ियों पर गोलियां चलाते हुए भी दिखे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक सुरक्षा बलों ने बाद में 7 विलेज वॉलंटियर्स को छोड़ दिया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं।

## अब जल्द जेडीयू को मिलेगा विधान परिषद सभापति का पद



**भाजपा विधान परिषद सभापति पद जदयू को सौंपने पर सहमत**

**वर्तमान सभापति अवधेश नारायण सिंह जल्द देंगे इस्तीफा**

**जदयू के रामवचन राय कार्यकारी सभापति का दायित्व संभालेंगे**

पटना (एनएसबी)। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग सरकार में एक बार फिर से सत्ता संतुलन के लिए फेरबदल की चर्चा तेज है। भाजपा से सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के उपरांत ही जदयू ने विधानसभा अध्यक्ष एवं विधान परिषद के सभापति की कुर्सी पर दावेदारी बढ़ा दी थी। अब जदयू की ओर से दबाव बढ़ने पर तत्काल भाजपा नेतृत्व ने विधान परिषद के सभापति का पद छोड़ने का निर्देश अवधेश नारायण सिंह को दिया है।

**जल्द देंगे त्यागपत्र :** सत्ता के गलियारे में चर्चा है कि अगले एक-दो दिन के बीच वर्तमान सभापति अवधेश नारायण सिंह पद से त्यागपत्र देंगे। इसके उपरांत जदयू की ओर से कार्यकारी सभापति पद पर उपसभापति रामवचन राय दायित्व सौंपने की तैयारी है। इसे लेकर भाजपा एवं जदयू के शीर्ष नेतृत्व के बीच सहमति बन गई है। दरअसल, मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद नई सरकार के गठन के साथ ही जदयू खेमे में विधान परिषद सभापति का पद जाने की चर्चा शुरू हो गई थी। अभी मुख्यमंत्री के अतिरिक्त बिहार विधानसभा के अध्यक्ष एवं विधान परिषद के सभापति पद भाजपा के पास हैं। ऐसे में जदयू की दावेदारी के तहत परिषद सभापति का पद स्वभाविक रूप से उसके पास आ रहा है। विदित हो कि पूर्व में जदयू के उपसभापति हारुण रसीद विधान परिषद के कार्यकारी सभापति के रूप में लगभग तीन वर्ष आसीन रहे थे।

**सदन में दलगत स्थिति :** वर्तमान में 75 सदस्यी विधान परिषद में भाजपा के 26, जदयू के 20, राजद के 15, कांग्रेस के दो, निर्दलीय सात, सीपीआई के एक, सीपीएम (एल) के एक, हम (से.) के एक, रालोमो के एक, लोजपा (रा) एवं रालोजपा के एक-एक सदस्य हैं।

## विकास की गति सुरक्षित रखते हुए जलवायु परिवर्तन का सामना करना जरूरी : राष्ट्रपति




नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को कहा कि संधारणीय वनीकरण का वास्तविक लक्ष्य केवल पेड़ लगाना नहीं बल्कि स्वस्थ और स्वःनिर्भर पारिस्थितिक तंत्रों को फिर से स्थापित करना है। राष्ट्रपति ने यह बात आज दिल्ली में राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन का भविष्य विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में कही। उन्होंने कहा, "हमें पारंपरिक ज्ञान पर आधारित लोक केन्द्रित एवं समुदाय आधारित अनुकूलन तरीकों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता को सुदृढ़ करने के प्रयास करने चाहिए।"

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव अस्तित्व के अनेक स्तरों पर असंतुलन पैदा करता है। जैव-विविधता का ह्रास, जल संकट और भू-क्षरण जैसी समस्याएं इससे गहराई से जुड़ी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन के खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका पर भी गंभीर प्रभाव सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी जटिल चुनौती का समुचित प्रकार से सामना करने के लिए नीतियों और कार्रवाई का एक सुगठित ढांचा आवश्यक है। ऐसी व्यवस्था, जिसमें केवल सरकारें और कानूनी विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि वे समुदाय भी सक्रिय रूप से भागीदार हों, जिनको जलवायु परिवर्तन सर्वाधिक प्रभावित करता है। ग्रामीण और वनवासी समाज, छोटे किसान, महिलाएं तथा अन्य कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं के प्रति विशेष संवेदनशीलता आवश्यक है क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं का सबसे अधिक प्रभाव इन्हीं पर पड़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां, स्थानीय समुदायों की प्रथाएं और उनके जीवन के अनुभव जलवायु अनुकूलन की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें पारंपरिक ज्ञान पर आधारित लोक-केन्द्रित एवं समुदाय आधारित अनुकूलन तरीकों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता को सुदृढ़ करने के प्रयास करने चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता को बढ़ाने में संधारणीय वनीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जैव विविधता का पोषण करने वाला और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप वनीकरण इसमें सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को ऐसा मार्ग तय करना चाहिए जो विकास की गति को सुरक्षित रखते हुए जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता बढ़ाए। जिम्मेदार जलवायुपरक उपायों की प्रतिबद्धताएं देश की विकास संबंधी आवश्यकताओं और आर्थिक आकांक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए।

## मुंबई में BMW कार फ्लाईओवर से नीचे गिरी तीन लोगों की गई जान

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार सुबह तेज रफ्तार BMW कार हादसे का शिकार हो गई। हादसा मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जाने वाले कोस्टल रोड पर लाला कॉलेज के सामने, लोटस जेट्टी के पास हुआ. शुरूआती जानकारी के मुताबिक, कार तेज रफ्तार में होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुई। कोस्टल रोड कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार, हादसे की सूचना 20 सितंबर 2026 को सुबह करीब 5:20 बजे मिली। दुर्घटना के बाद चार घायलों को इलाज के लिए नायर अस्पताल भेजा गया। नायर अस्पताल के CMO से मिली जानकारी के मुताबिक, हादसे में घायल चार लोगों में से 20 वर्षीय एक अज्ञात युवक को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, 21 वर्षीय शनाय गज्जल, 17 वर्षीय धीर्या सेठ और करीब 25 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

## इटली के स्कूलों में बुर्का व हिजाब पर लगेगा बैन

### विदेशी छात्रों की संख्या भी होगी सीमित



**प्रत्येक कक्षा में विदेशी छात्रों की संख्या सीमित की जाएगी**

इटली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने रविवार को अपनी पार्टी 'ब्रदर्स ऑफ इटली' के एक युवा कार्यक्रम में घोषणा की कि इटली स्कूलों में चेहरा ढकने वाली चीजों जैसे- बुर्का और हिजाब पर रोक लगाएगा, और हर क्लाश में विदेशी छात्रों की संख्या सीमित करेगा।

मेनोली ने कहा कि जल्द ही कैबिनेट की बैठक में एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा ताकि हर क्लास में विदेशी छात्रों की अधिकतम संख्या कानूनी रूप से तय की जा सके। इसमें उन विदेशी छात्रों के माता-पिता के लिए इतालवी भाषा सीखना जरूरी होगा जिन्हें स्कूल सिस्टम में घुलन-मिलने में गंभीर दिक्कते आ रही हैं। साथ ही स्कूलों में बुर्का और नकाब पर रोक लगाई जाएगी। एफएन गवर्निंग कोएलिशन का हिस्सा नहीं है। वह मेलोनी की पार्टी से ज्यादा राइट विंग की है और फरवरी में लॉन्च होने के बाद से पोल्स में तेजी से आगे बढ़ते हुए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। हालांकि इटली में ऐसा कोई कानून नहीं है जो स्कूलों या पब्लिक जगहों पर बुर्के पर साफ तौर पर बैन लगाता हो, लेकिन 1975 का एक कानून बिना किसी सही वजह के हेलमेट या ऐसे कपड़ों के इस्तेमाल पर रोक लगाता है जिनसे पहचान मुश्किल हो। एंटी-इमिग्रेंट लीग पार्टी जो मेलोनी के कोएलिशन का हिस्सा है ने इस साल की शुरूआत में सीनेट में एक बिल पेश किया था जो कुछ खास हालात, जैसे स्पोर्ट्स इवेंट या पूजा की जगहों को छोड़कर हेलमेट या कपड़ों पर बैन लगाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम एशियन गेम्स के फाइनल में




निशिन। भारत ने एशियन गेम्स के विमेंस क्रिकेट सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने शेफाली वर्मा के नाबाद शतक की मदद से 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर ऑलआउट हो गई। यानी टीम अकेली शेफाली के स्कोर से 19 रन पीछे रह गई। रविवार को शेफाली ने 49 गेंदों पर नाबाद 100 रन की पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 3 छक्के लगाए। हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की।

### एशियन गेम्स के पहले दिन भारत को 2 सिल्वर



नई दिल्ली। भारत ने 20वें एशियन गेम्स के पहले दिन 2 सिल्वर मेडल जीत लिए हैं। दोनों मेडल 10 मीटर राइफल शूटिंग में आए। जबकि स्विमिंग और वुशु के मेडल गंवाए हैं। रविवार को एलावेनिल वलारिवन ने 10 मीटर राइफल इंडिविजुअल्स इवेंट में 252.4 अंक के साथ सिल्वर जीता। वे 0.6 अंक से गोल्ड मेडल चूक गईं। जापान की हिनाता ताइची ने 253.0 पॉइंट्स लेकर गोल्ड जीता। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने 1898.0 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। इस टीम में एलावेनिल, सोनम मस्कर और विदारसा विनोद शामिल रहीं।

### इमरान खान की बहन लाहौर से गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की बहन अलीमा को रविवार को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। वह इमरान की रिहाई की मांग को लेकर 27 सितंबर को होने वाले पीटीआई के प्रदर्शन में शामिल होने वाली थीं। इससे एक दिन पहले शनिवार को अडियाला जेल में इमरान खान का मेडिकल चेकअप किया गया था। जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पीआईएमएस के डॉक्टर की अगुआई में उनकी जांच हुई।

### दिल्ली हाईकोर्ट में आज 7 नए जज शपथ लेंगे

नई दिल्ली। ट्रायल कोर्ट के सात जज सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जज के तौर पर शपथ लेंगे। हाईकोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 60 है और इन सात नई नियुक्तियों के साथ, मौजूदा संख्या बढ़कर 50 हो जाएगी। चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय, निवेदिता अनिल शर्मा, निशा सहाय सक्सेना, संजय शर्मा, भरत पाराशर, अदिति चौधरी, दिनेश भट्ट और अरुण भारद्वाज को शपथ दिलाएंगे। ये सभी यहां जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारी के तौर पर काम कर रहे थे।

### तेलंगाना में डॉक्टर की कार में जिंदा जलकर मौत

तेलंगाना। तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में रविवार को सड़क डिवाइडर से टकराने के बाद कार में आग लग गई। हादसे में कार चला रहे डॉक्टर की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 7:15 बजे हैदराबाद-खम्मम हाईवे पर पिल्ललमारी फ्लाईओवर के पास हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार की ड्राइविंग सीट पर एक जला हुआ शव मिला।

# 1294 अनुदानित विद्यालयों के लिए 300 करोड़ रुपए मंजूर : शिक्षा मंत्री

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि राज्य के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों एवं शैक्षणिक संस्थानों के हितों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग लगातार प्रभावी पहल कर रहा है। इसी क्रम में राज्य के 1294 अनुदानित विद्यालयों के लिए 300 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इस कदम से अनुदानित विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मियों को जरूरी सहयोग मिलेगा।

श्री तिवारी ने रविवार को बताया कि 695 माध्यमिक विद्यालयों के लिए शैक्षणिक सत्र 2019-20 के अंतर्गत 60.92 करोड़ मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा 599 उच्च माध्यमिक विद्यालयों (प्लस टू) के लिए शैक्षणिक सत्र 2017-19 से 2018-20 के अंतर्गत 239.07 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं।


शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि अनुदानित कॉलेजों को मिला कर यह राशि 416 करोड़ रुपए है जो शिक्षकों-कर्मियों के लिए बड़ा तोहफा है।

उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार जताया और कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, शिक्षकों के हितों की रक्षा करने और शैक्षणिक संस्थानों के सुचारु संचालन के लिए प्रतिबद्ध है। वित्तरहित शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों की जरूरतों और हितों को ध्यान में रखते हुए यह राशि स्वीकृत की गई है।

श्री तिवारी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए उनसे जुड़े विषयों पर राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। इस फैसले पर अनुदानित विद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार जताया और शिक्षक हित में की गई इस पहल का स्वागत किया।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हैसियत नहीं है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को बाढ़ प्रभावित बिहार का दौरा करवा दें : तेजस्वी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार बाढ़ की विभीषिका ही नहीं बल्कि सुखाड़ की भी मार झेल रहा है। राज्य में कम बारिश हुई है। भीषण सूखे के कारण राज्य के लाखों हेक्टेयर जमीन में खड़ी फसलें नष्ट हो रही हैं। लाखों किसानों का लागत मूल्य भी नहीं निकल रहा है। सूखे का किसानों पर अभी कोई आकलन भी नहीं किया है। किसानों के सामने आजीविका का संकट है।

इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय जनता दल के नेता शक्ति सिंह यादव एवं एजाज अहमद भी उपस्थित थे।


नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि एक तरफ बिहार विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित है वहीं दूसरी ओर सुखाड़ की स्थिति भी भयावह है। राज्य के लोग बाढ़ से प्रभावित है लेकिन फिर भी एनडीए की संवेदनहीन सरकार बाढ़ पीड़ितों की कोई सुध नहीं ले रही है। खानापूर्ति के लिए नाम मात्र की गिनी चुनी कुछ सामुदायिक रसोई और राहत शिविर शुरू किए थे वो भी फंड के अभाव के चलते बंद कर दिए गए।

तेजस्वी ने कहा कि बताइए जरा, जिन गरीबों के मकान गिर गए, जिनके घरों में पानी भरा है, जिनकी दिनचर्या का सामान जैसे जूते-चप्पल, कपड़े और बर्तन पानी में बह गये है, जिनके घरों के पास अब भी पानी की वदद है। इस बेशर्म सरकार ने राहत शिविर बंद कर दिए है, बताइए वो बाढ़ पीड़ित इन परिस्थितियों में कहाँ जाएंगे बाढ़ पीड़ितों से आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज मांगे जा रहे हैं जिस कारण लोगों के बीच सही ढंग से राहत कार्य भी नहीं पहुंच पा रहे हैं।

तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार से हैं और उन बेचारे की इतनी भी हैसियत नहीं कि प्रधानमंत्री से आग्रह कर सके कि हे, मेरे नन-बायोलॉजिकल हुजूर, एक बार मेरे राज्य का दौरा कर लीजिए। बिहार में प्रथम बार बीजेपी का मुख्यमंत्री बना है, बिहार से केंद्रीय मंत्री और एनडीए के सांसद हैं, सांसद लोकसभा और राज्यसभा तथा विधायक और विधान पार्षद हैं, लेकिन सब नकारे और निकम्मे हैं। जनता ऐसे नकारे जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही सुनिश्चित करेगी। कथित डबल इंजन सरकार बाढ़ पीड़ितों को अविलंब मदद तथा सुखाड़ और बाढ़ प्रभावित किसानों का सर्वेक्षण करा उन्हें यथाशीघ्र मुआवजा दें।

## खबरें खास-खास

### 25 सितंबर को फिल्म 'द वन : फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही

**'द वन' की रिलीज से पहले पटना पहुंचे सिद्धार्थ मल्होत्रा, तमन्ना और एकता कपूर**

**वन देवी व हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की मुलाकात, गंगा घाट पर की गंगा आरती**


फिल्म की रिलीज से पहले वन देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लेते कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा, तमन्ना, निर्माता एकता कपूर और निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द वन : फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसके कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा, तमन्ना, निर्माता एकता कपूर और निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा पटना पहुंचे। टीम ने वन देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। फिल्म की कहानी में वन देवी और प्राचीन मान्यताओं की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है।

पटना दौरे के दौरान फिल्म की टीम ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी मुलाकात की। इस दौरान फिल्म और बिहार के बीच जुड़े सांस्कृतिक संबंधों के साथ-साथ छठ पर्व को लेकर भी चर्चा हुई। टीम ने हनुमान मंदिर में पूजा कर फिल्म की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया। इसके बाद गंगा घाट पहुंचकर गंगा आरती में भी हिस्सा लिया।

'द वन' को रहस्य, लोककथा, आस्था और फैंटेसी की पृष्ठभूमि पर आधारित बड़े पर्दे की फिल्म के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना पहली बार साथ नजर आएंगे। फिल्म को 70 एमएम स्क्रीन के लिए बड़े स्तर पर तैयार किया गया है। फिल्म के निर्माण से टीवीएफ के अरुणाभ कुमार, निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा और एकता कपूर जुड़े हैं। फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड की इकाई, टीवीएफ और 11.11 प्रोडक्शन के सहयोग से प्रस्तुत की गई है। फिल्म की कहानी अरुणाभ कुमार ने लिखी है और निर्देशन दीपक कुमार मिश्रा ने किया है। मनु आनंद फिल्म के डीओपी एवं विजुअल डायरेक्टर हैं। फिल्म का निर्माण शोभा कपूर, एकता आर. कपूर, अरुणाभ कुमार और नीरज कोठारी ने किया है।

फिल्म की दुनिया को विस्तार देने के लिए 'द लीजेंड ऑफ वन' नामक कॉमिक बुक भी पेश की जा चुकी है, जिसके जरिए दर्शकों को फिल्म से जुड़े लोककथात्मक संसार से परिचित कराया जा रहा है। 'द वन' 25 सितंबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## खबरें : एक नजर में

### 7 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**खुसरूपुर (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र में भिन्न भिन्न अपराध में 7 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें पायल कुमारी उम्र 18 वर्ष पिता लक्ष्मण राम खुशी कुमारी उम्र 18 वर्ष पिता पंकज राम दोनों साकिन चट्टीपर बड़ी दुर्गा स्थान विकास कुमार उम्र 20 वर्ष पिता धनेश प्रसाद धनेश प्रसाद उम्र 58 वर्ष पिता स्वरू रामजी साव दोनों साकिन बड़ी संगत खुसरूपुर मद्यनिषेध में पकड़ा गया । जमाहिर महतो उम्र 60वर्ष पिता स्व. तूफानी महतो साकिन हरदासबीघा बिन्द टोली इसको वारंटी में गिरफ्तार किया है । सियाराम महतो उम्र 32 वर्ष पिता जतन महतो साकिन हरदासबीघा आर्म्स एक्ट में एवं कारण साव उर्फ अजीत कुमार उम्र 27 वर्ष पिता गणेश साव साकिन गोविन्दपुर से गिरफ्तार किया गया है खुसरूपुर थाना अध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर सभी को गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है ।

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ के द्वारा गया बार एसोसिएशन परिसर में हर्षोल्लास के साथ समारोह आयोजित

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के द्वारा गया बार एसोसिएशन परिसर में हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।



इस कार्यक्रम में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुनील कुमार एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद सहित कई अधिवक्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं। समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ मनाया है।राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। बधाई शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक रुद्र प्रताप एस राजेश आनंद सतीश गुप्ता प्रदीप कुमार नागेंद्र प्रसाद शर्मा कमलेश कुमार महेंद्र प्रसाद सिंह उमेश प्रसाद सिंह प्रमोद कुमार अशोक कुमार संजीव कुमार प्रदीप कुमार एजाज किवरिया नोटरी अजय सिंह अजीत कुमार सिंह ललित कुमार गुप्ता सहित।

### 31 सफाई कर्मियों को मिला सम्मान

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गया नगर निगम की ओर से रविवार को नगर निगम कार्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में मेयर. वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव और नगर आयुक्त गगन कुमार ने सफाई कर्मियों को सम्मानित किया है। ये सभी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सहित सफाई कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में 12 महिला और 19 पुरुष समेत कुल 31 सफाई कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। मेयर गणेश पासवान ने कहा कि सफाई कर्मियों की सेवा



मानवता की सेवा है। कड़ाके की गर्मी हो, बारिश हो या प्रतिकूल परिस्थितियां, सफाई कर्मी लगातार शहर की स्वच्छता के लिए काम करते हैं। कोरोना काल में भी सफाई कर्मियों ने योद्धाओं की तरह अपनी जिम्मेदारी निभाई थी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की मेहनत और योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि गया नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में बिहार में लगातार तीन बार से पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस दौरान स्वच्छता पदाधिकारी चंदन कुमार, शुभम कुमार, चन्द्र मोहन उर्फ चिंटू सहित अन्य मौजूद थे।

# बिहार भ्रमण को पहुंचा थाईलैंड का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित 'फैम टूर ऑफ लोटस ट्रायंगलट्रैवल टू लैंड ऑफ एनलाइटनमेंट' के अंतर्गत बिहार भ्रमण को थाईलैंड से आए 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को बोधगया स्थित विश्वप्रसिद्ध महाबोधि मंदिर का दर्शन किया। पवित्र बौद्ध परिपथ की यात्रा पर आए प्रतिनिधिमंडल ने महाबोधि मंदिर में प्रार्थना कर भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली का आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया।

यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए विश्व का प्रमुख तीर्थस्थल और आध्यात्मिक केंद्र है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने उस पवित्र स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा व्यक्त की, जहां भगवान बुद्ध ने बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया था। सदियों से चली आ रही श्रद्धा, शांति और करुणा की अनुभूति ने थाई अतिथियों को गहराई से प्रभावित किया।

उदयन मिश्रा, विशेष सचिव सह पर्यटन निदेशक ने बताया कि राज्य में बौद्ध परिपथ से जुड़े स्थलों के विकास, प्रचार-प्रसार और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। थाईलैंड से आए प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा बिहार की बौद्ध विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने तथा भारत-थाईलैंड के पर्यटन एवं सांस्कृतिक संबंधों को नई गति देने में सहायक होगा।

इस अवसर पर थाई प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि बोधगया की यात्रा उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है। भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली पर उपस्थित होना उनके लिए आध्यात्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण और भावनात्मक क्षण रहा। महाबोधि मंदिर परिसर की शांति और आध्यात्मिक वातावरण ने उन्हें विशेष रूप से आकर्षित किया।

प्रतिनिधिमंडल ने बोधगया में डूंगरेश्वरी पहाड़ी, सुजाता मंदिर और सुजाता स्तूप का भी भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने थाई मंदिर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संग्रहालय तथा 80 फीट ऊंची बुद्ध प्रतिमा का अवलोकन किया। बिहार पर्यटन विभाग द्वारा तैयार कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के बौद्ध, ऐतिहासिक और सांसतिक स्थलों से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को परिचित कराना है। यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल को बिहार की समृद्ध विरासत, स्थानीय संस्कृति और आतिथ्य से भी अवगत कराया जा रहा है।

थाई प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा भारत और थाईलैंड के बीच साझा बौद्ध विरासत तथा सदियों पुराने आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। बोधगया से प्रारंभ हुई यह यात्रा राजगीर, नालंदा, वैशाली और पटना के प्रमुख पर्यटन एवं विरासत स्थलों तक जारी रहेगी।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा बोधगया के बाद 21 सितम्बर को गेहलौर में दशरथ मांझी स्मारक, राजगीर नेचर सफारी और ग्लास ब्रिज का भ्रमण किया जाएगा। इसके उपरांत नालंदा में विश्व धरोहर स्थल प्राचीन नालंदा महाविहार तथा राजगीर में विश्व शांति स्तूप, वेणुवन और अन्य प्रमुख स्थलों का अवलोकन प्रस्तावित है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल वैशाली में तमसपब`जनचं, विश्व शांति स्तूप और कोल्हुआ स्थित अशोक स्तंभ का भ्रमण करेगा। यात्रा के अंतिम चरण में पटना में स्थानीय पर्यटन हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

## नियोजित शिक्षक स्वाभिमान समूह की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जगजीवन राम संसदीय एवं राजनीतिक शोध संस्थान सरदार पटेल मार्ग, पटना के बड़े सभागार में नियोजित शिक्षक स्वाभिमान समूह की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की परिचर्चा का विषय- नियोजित शिक्षक दशा दिशा एवं छात्रोत्थान में उनकी भूमिका तथा भविष्य को चुनौतियां । इस बैठक में बिहार के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। कार्य कम का उद्घाटन एटक के महासिचव गजफर नबाब ने दीप प्रज्वलित करकिया । विषय पर प्रकाश डालते हुए कैमुर से आए शिक्षक समुह के संस्थापक संजय कुमार ने कहा की 2007 से 2023 तक शिक्षा के उत्थान में नियोजित शिक्षकों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। बिहार के शिक्षा व्यवस्था जब चरमरा गयी थी तब नियोजित शिक्षको ने शिक्षा रूपी मशाल को जलाकर शंखनाद किया। शिक्षा के अलख को जगाने में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए उन्होने कहा कि आज हम भले ही संख्या बल में कमजोर हो गए हो, पर हम अगर एक जुट रहे तो हम अपनी मंजिल को पा सकते है। उन्होने कहा कि वर्षो से बिहार के अनेक संघों के अनेक नेताओं ने आपसी मत भिन्नता से जो हासिल नहीं कर पाए, वह सब हम अपनी एक जुटता से हासिल करके रहेगें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए श्रमिक नेता एवं एटक के महासचिव गजफर नबाब ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप निरंतर एक जुट होकर संघर्ष करते रहे तो उन तमाम तरह की सुविधाऐ आप हासिल कर सकते है जो अन्य राज्यकर्मी को उपलब्ध है। उदाहरण के तौर पर उपादान लाभ (ग्रेच्युटी), उपार्जित अवकाश का सेवानिवृति के बाद नगद भुगतान, योगदान की तिथि से भविष्य निधि का लाभ तथा अन्य प्रकार के लाभ। इन सब के लिए एक जुट होकर संधर्ष ही एक मात्र रास्ता है। सरकार स्वेच्छा से कोई भी चिज नहीं देती है। बैठक को संबोधित करते हुए पटना जिला के अध्यक्ष नवल किशोर ने कहा कि भविष्य की चुनौतिया मुँह बाये खड़ी है। बहुत लोग सेवा निवृत हो गए है, अधिकांश लोग सेवानिवृति के कगार पर है, हम मेंसे अधिकांश लोग विशिष्ट बन गए है।




## तस्वीर दिखे, फाइल पर नियंत्रण रहे : जेडकेटीओआर का नो-यूआरएल मॉडल

**डेटा स्क्रैपिंग और डीपफेक के जोखिम घटाने पर जोर, कंपनी के अनुसार 10 महीने के सार्वजनिक बीटा में 10 लाख से अधिक उपयोगकर्ता**

**नई दिल्ली/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सॉफ्टा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने सोशल सुपर-ऐप जेडकेटीओआर में तस्वीर और वीडियो देखने की अनुमति को उनके अनियंत्रित वितरण से अलग रखने वाला नो-यूआरएल मीडिया आर्किटेक्चर प्रस्तुत किया है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में लाइव तकनीकी प्रदर्शन के दौरान संस्थापक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि भारत, नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका में 10 महीने के मास पब्लिक बीटा में 10 लाख से अधिक उपयोगकर्ता जुड़े हैं। कंपनी के अनुसार भूटान और मालदीव में भी देश-आधारित परीक्षण बढ़ाए गए हैं। कंपनी के मुताबिक, प्राइवेसी एंड डेटा सेफ्टी बाई डिजाइन के तहत संरक्षित मीडिया के सामान्य, दोबारा इस्तेमाल होने वाले सार्वजनिक फाइल लिंक नहीं बनाए जाते। हर डिलीवरी पर रिक्वेस्ट ऑथराइजेशन चेक उपयोगकर्ता की चुनी ऑडियंस के अनुसार अनुमति जाँचता है। तकनीकी संदर्भ मिल जाने पर भी अनधिकृत अनुरोध खारिज होता है। इस एड्रेस और ऑथरिटी के अलगाव में सुरक्षा सिर्फ स्क्रीन की सेटिंग नहीं, सर्वर से फाइल देने की शर्त है। इसका उद्देश्य ऑटोमेटेड बट्स की अनधिकृत डेटा स्क्रैपिंग और इमेज एक्सट्रैक्शन सीमित कर डीपफेक, सिंथेटिक मीडिया के दुरुपयोग और प्रतिरूपण का जोखिम घटाना है। यह स्क्रीनशॉट, स्क्रीन रिकार्डिंग, बाहरी कैमरे या अधिकृत प्राप्तकर्ता द्वारा नकल रोकने की गारंटी नहीं है। वयस्कों की पोस्ट में दिखने वाले बच्चों, जिनका अपना खाता नहीं है, की तस्वीरें भी उन्हीं मीडिया-सुरक्षा सीमाओं में आती हैं।


प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में लाइव तकनीकी प्रदर्शन के दौरान संस्थापक सुनील कुमार सिंह।

सॉफ्टा के अनुसार, डेटा संप्रभुता के लिए प्रत्येक देश में अलग सर्वर, एन्क्रिप्शन बाउंड्री, रोटेटिंग कीज और एक्सेस कंट्रोल के साथ स्थानीय बैकअप तथा डिजास्टर रिकवरी रखी गई है।

## अमृत जन्म-महोत्सव पर पुस्तक का विमोचन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ब्रह्मलीन स्वामी शरणानन्द महाराज का 89वाँ अमृत जन्म-महोत्सव श्रीमद् भगवत् सेवा आश्रम दड़ौली जिला रेवाड़ी में हर्षोल्लास से मनाया गया। आचार्य आर्य बहादुर सिंह बटौड़ी ने प्रकाण्ड विद्वानों के साथ मिलकर वैदिक रीति से यज्ञ संपादित करवाया। महन्त स्वामी समर्पणानन्द जी ने जोड़ों को गृहस्थ धर्म के करणीय कर्तव्यों का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में राव नरबीर सिंह उद्योग एवं वाणिज्य , पर्यावरण और वन्य जीवन , विदेशी सहयोग तथा सैनिक एवम् अर्ध सैनिक कल्याण मंत्रालय हरियाणा सरकार ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया ।


अमृत जन्म-महोत्सव पर पुस्तक का विमोचन।

उनके साथ पधारे अति विशिष्ट अतिथि विधायक रेवाड़ी लक्ष्मण सिंह यादव , अहीरवाल सांस्कृतिक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवत शास्त्री , पूर्व विधायक ठेकेदार विक्रम सिंह सहित अतिथियों व प्रशासनिक अधिकारियों का भी महन्त स्वामी समर्पणानन्द जी महाराज द्वारा आश्रम के नियमानुसार स्वागत-सत्कार किया गया। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने अपनी विशिष्ट शैली में श्रीराम संकीर्तन भी करवाया।

इस महोत्सव में स्वामी जी के जीवन पर पं नेमीचंद शाण्डिल्य द्वारा सम्पादित पुस्तक 'युगर्षि भगवान श्री शरणानन्द चरितम्' तथा स्वामीजी की दीक्षिता शिष्या कीर्ति यादव व सदस्यों द्वारा तैयार किए गए 'आश्रम संविधान' , आशु कवि प्रख्यात वरिष्ठ साहित्यकार सेवानिवृत्त प्राध्यापक गुरुदेव शुभ राम शास्त्री खालेटा द्वारा लिखित 'गुरु मंगल चालीसा' और 'गुरु मंगल शतक' इन चार कृतियों का विमोचन भी स्वामी समर्पणानन्द महाराज एवं मंत्री जी के कर-कमलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ग्राम खालेटा के डा जयभगवान यादव ने अपनी 'वन नेशन : वन इलेक्शन' शोध-पत्रिका की प्रतियां भी मंत्री राव नरबीर सिंह व आगंतुकों को वितरित की ।

## सेवा पखवाड़ा के तहत चला स्वच्छता अभियान

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा के तहत नूतन नगर कालीबाड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. मनीष पंकज मिश्रा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने झाड़ू लगाकर परिसर की सफाई की और आसपास बिखरे प्लास्टिक व कचरे को एकत्र कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है।अभियान के दौरान प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने का संकल्प भी लिया गया है। डा. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन या अभियान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की दैनिक जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति अपने घर, दुकान और आसपास के क्षेत्र को साफ रखने का संकल्प ले तथा कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डाले, तो पूरे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गया जी धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं। ऐसे में शहर की स्वच्छता यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के सामने गया की सकारात्मक पहचान प्रस्तुत करती है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यटक गया से स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश लेकर लौटें।उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों से भी अपील की कि स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का रूप दें और अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में निरंतर योगदान करें। स्वच्छ गया जी सुंदर गया जी यही हमारी सामूहिक जिम्मेदारी और संकल्प है। स्वच्छता अभियान में शामिल ,राणा रणजीत सिंह,सुनील सिन्हा,सुनील बम्बईया,गोपाल प्रसाद यादव,भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर,विजय प्रसाद उर्फ काला नाग,कुंदन सिंह,बबलू गुप्ता,महेश यादव,भोला सरकार,चिंता देवी,मनीता देवी सहित उपस्थित होकर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए।





कानू विकास संघ की बैठक ।

# आध्यात्मिक चेतना से संस्कारित युवा पीढ़ी ही बनाएगी सशक्त समाज : डा. रणबीर नंदन

**श्रीमद् फाउंडेशन के वार्षिक समारोह में साहित्य, समाजसेवा, न्यासयोग, महिला उद्यमिता, पर्यावरण एवं कला-संस्कृति के क्षेत्र में योगदान देने वाली प्रतिभाएं सम्मानित**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्रीमद् फाउंडेशन का वार्षिक समारोह-2026 उत्साह, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक रंगों के बीच सम्पन्न हुआ। समारोह का मुख्य विषय आध्यात्मिक चेतना से संस्कारित युवा पीढ़ी का निर्माण रहा। कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा, आध्यात्मिकता, महिला उद्यमिता, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा कला-संसति के क्षेत्र में योगदान देने वाले अनेक लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. रणबीर नंदन, अध्यक्ष, बिहार धार्मिक न्यास परिषद, बिहार थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डा. गीता पुष्प शॉ, बिहार महिला उद्योग संघ, पटना की अध्यक्ष श्रीमती उषा झा, शिक्षक श्री सुधीर कुमार तथा डा. जय नारायण दुबे, प्राध्यापक, मानवाधिकार संस्थान, नई दिल्ली उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथि सम्मान के साथ हुआ। इसके बाद स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ और शालिनी ने किया। श्रीमद् फाउंडेशन के सचिव ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान वर्षभर की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। संस्था की सहयोगी संस्था डिजिटल विहान के डायरेक्टर अमित कुमार और शुभंकर मुखर्जी द्वारा फाउंडेशन की नई वेबसाइट का शुभारंभ भी किया गया।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. रणबीर नंदन, अध्यक्ष, बिहार धार्मिक न्यास परिषद व अन्य।

समारोह के दूसरे सत्र में आध्यात्मिक चेतना से संस्कारित युवा पीढ़ी का निर्माण विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। शिक्षक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा से जुड़े जय नारायण दुबे ने विषय प्रवेश कराया। इसके बाद डा. गीता पुष्प शॉ, जय प्रकाश दुबे एवं श्रीमती उषा झा ने विषय पर अपने विचार रखे। अध्यक्षीय संबोधन में मुख्य अतिथि डा. रणबीर नंदन ने युवा पीढ़ी में संस्कार, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह विषय सिर्फ श्रीमद फाउंडेशन का नहीं बल्कि पूरे समाज का उद्देश्य जिम्मेदार, संवेदनशील और संस्कारित नागरिक तैयार करना भी है। इसके बाद डा. रीता सिंह के मार्गदर्शन में न्यासयोग सेशन आयोजित किया गया, जिसमें आध्यात्मिक चेतना एवं सकारात्मक जीवनशैली के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। समारोह में आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहन एवं समाजसेवा सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। श्रीमद् न्यासयोग हीलर सम्मान-2026 न्यासयोग आध्यात्मिक चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती स्मिता सुप्रीति एवं श्रीमती निलोत्पला सिंह को प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हथियार, कारतूस एवं मैगजीन के साथ बदमाश गिरफ्तार

**आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थाना पुलिस द्वारा बिसौनी टोला गांव में शनिवार की रात छापेमारी की। इस दौरान एक देशी पिस्टल, दो मैगजीन एवं एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। वह पीरो थाना क्षेत्र के बसौनी टोला गांव निवासी लालबिहारी सिंह का पुत्र प्रेमचंद सिंह है। एसडीपीओ कन्हैया कुमार ने बताया कि शनिवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बसौनी टोला गांव निवासी प्रेमचंद सिंह अपने घर में अवैध हथियार छुपा कर रखे हुआ है।

### विषैले सांप के डंसने से बुजुर्ग महिला की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदूनी गांव में शनिवार की देर शाम विषैले सांप के डंसने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदूनी गांव निवासी रामाकांत सिंह की 60 वर्षीया पत्नी सुमला देवी हैं।

### एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के दिशा निर्देश पर अधीक्षक कार्यालय में साइबर डीएसपी साह साइबर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में जिले के सभी थानों के आईटी ऑफिसर एवं असिस्टेंट का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान एनसीआरपी (नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल) समन्वय, जीआरएम (ग्रिएवंस रिड्रेससल मॉड्यूल), एमआरएम (मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल) पीएसएम (पुलिस स्टेशन मैनेजमेंट) पोर्टल एवं संचार साथी के संचालन, उपयोग एवं कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही संबंधित पहलुओं के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिसिंग कार्यों में तकनीकी दक्षता एवं सूचना प्रबंधन को सुदृढ करना, संबंधित पुतलों का प्रभावी व सुचारु संचालन सुनिश्चित करना एवं साइबर संबंधित शिकायत के थाना स्तर पर टीवी एवं प्रभावी निराकरण में सहायता दिलवाना है।

### हत्या के प्रयास में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के महकमपुर गांव से रविवार को हुई। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महकमपुर गांव निवासी स्व. रामनाथ पासवान का पुत्र सभा पासवान है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी।

### देशी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा देशी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के पैठानपुर गांव से शनिवार को की गयी। तलाशी के दौरान उनके पास से 13.800 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार कारोबारियो में पैठानपुर गांव निवासी शेष कुमार सिंह एवं गजराजगंज ओपी के बीबीगंज गांव निवासी भुअर राम शामिल है।

### ठेकेदार से छिनतई मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उदवंतनगर पुलिस द्वारा ठेकेदार से छिनतई मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के दर्शन छपरा गांव से हुई। वह उदवंतनगर थाना के दर्शन छपरा गांव निवासी चंदन कुमार है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। पवना थाना के पवार गांव निवासी ठेकेदार सचिन कुमार सिंह बीते 23 जून की देर शाम बाइक द्वारा आरा से घर लौट रहे रहे थे और इसी क्रम में वह जैसे ही थाना क्षेत्र के सुढ़नी मोड़ के पास पहुंचे। तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनके पॉकेट में रहे मोबाइल एवं पांच हजार रुपये नगद झपट्टा मारकर फरार हो गए थे।

### कुर्की के दौरान आरोपित ने किया सरेंडर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेश पर थाना क्षेत्र के सेमरांव दुलौर टोला गांव में किये जा रहे कुर्की के दौरान फरार चल रहे आरोपित ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। उक्त आरोपित चरपोखरी थाना के सेमरांव दुलौर टोला निवासी राजेश यादव है।

### चुन्नु यादव हत्याकांड के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना पहुंचे ग्रामीण

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार ओपी अंतर्गत कचनथ गांव निवासी चुन्नु यादव की हत्या के मामले में नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजन सहित करीब 100 की संख्या में ग्रामीण पीरो थाना पहुंच गए। मृतक के पिता ने थानाध्यक्ष व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से मिलकर हत्याकांड के नामजद आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। इस घटना के चार दिन बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीण काफी आक्रोशित दिखाई दिए। वैसे पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस इस मामले में गंभीर है। थानाध्यक्ष ने कहा बहुत जल्द ही पुलिस द्वारा इस हत्याकांड की सच्चाई सामने ला दी जाएगी।

### मंडल कारा, आरा का औचक निरीक्षण




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर आरा-01 द्वारा मंडल कारा, आरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारा की सुरक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न वार्डों की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों द्वारा कारा परिसर में साफ-सफाई, बंदियों के लिए भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा सहित उपलब्ध अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही कारा में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान कारा की सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बंदियों को नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा कारा परिसर में स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

# 20 धर्मकांटों के खिलाफ केस दर्ज, सील करने के साथ लाइसेंस रद्द करने की तैयारी

**अवैध तरीके से हो रहा था वजन के नाम पर बालू कटिंग ● छह किमी में 20 से ज्यादा धर्मकांटे, डेढ़ करोड़ रुपये का दंड**



**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर चांदी थाना क्षेत्र में धर्मकांटों की आड़ में चल रहे अवैध बालू कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने चांदी चैक से भदवर गांव के बीच करीब छह किलोमीटर के इलाके में एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 20 से अधिक धर्मकांटे जांच के घेरे में आए। भनक लगते ही संचालक और कर्मचारी मौके से फरार हो गए। टीम ने कई स्थानों पर बालू के अवैध भंडारण की जांच की और संचालकों से बालू की खरीद-बिक्री तथा भंडारण से जुड़े दस्तावेज मांगे। कई जगहों पर आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। कुछ धर्मकांटों पर वाहनों का वजन करने के साथ-साथ ओवरलोड बालू लदे ट्रकों से अतिरिक्त बालू उतरवाया जा रहा था। इस बालू को धर्मकांटों के आसपास जमा करने के बाद ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर बेचने की बात कही गई है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो यह खनन नियमों के उल्लंघन के साथ-साथ सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का मामला भी बनता है। विभाग अब इन धर्मकांटों के संचालन, लाइसेंस की शर्तों और बालू से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रहा है। करीब 20 धर्मकांटा संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। संबंधित धर्मकांटा संचालकों के खिलाफ पहले भी चार मामले दर्ज किए जा चुके हैं। पूर्व में लगाए गए शमन शुल्क का भुगतान किए बिना ही कुछ संचालकों द्वारा कथित रूप से गतिविधियां जारी रखी गईं। संबंधित धर्मकांटों को सील कर उनके लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का दंड अधिरोपित किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि धर्म कांटों का काम सिर्फ वजन करना है। बालू की अवैध कटिंग नहीं। 50 मीटर से कम की दूरी पर धर्म कांटे खोल दिए गए हैं। लगातार गाड़ियों के आवा-गमन से सड़क खराब और जाम की स्थिति भी बनती है। अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी आरा ने किया। जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनिज विकास पदाधिकारी, खान निरीक्षक, चांदी थाना पुलिस और सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# जिला कार्यालय में भोजपुर के संगठन विस्तार को लेकर बैठक

**प्रदेश महासचिव हेमंत चैबे ने कहा- संगठन विस्तार मोतियों को चुनकर माला बनाने जैसा**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज पार्टी भोजपुर के संगठन विस्तार को लेकर रविवार को चंदवा मोड़ स्थित जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा अब तक हुए कार्यों की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव सिंह एवं संचालन जिला प्रवक्ता रूपेन्द्र मिश्र ने किया। शाहाबाद विस्तारक बनाए गए कमलेश सिंह का आरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र का प्रभारी बनाए जाने पर अभिनंदन किया गया। प्रदेश महासचिव हेमंत चैबे ने कहा कि जन सुराज से जुड़े कार्यकर्ता प्रशांत किशोर की सोच और दूरदर्शिता के साथ बिहार को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति पहले स्वयं को जीतता है, उसके बाद दुनिया जीतने की दिशा में आगे बढ़ता है। इसलिए संगठन में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का अपना निर्णय और उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए। शाहाबाद प्रभारी रवीन्द्र द्विवेदी ने कहा कि भोजपुर में संगठन विस्तार का कार्य प्रभावी ढंग से चल रहा है। ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रभानु गुप्ता ने कहा कि संगठन विस्तार में प्रदेश स्तर से जिले को पूरा सहयोग मिलेगा। इससे पूर्व जिला महामंत्री कमलेश्वर मिश्र ने विषय प्रवेश कराते हुए संगठन की वर्तमान गतिविधियों से प्रदेश पदाधिकारियों को अवगत कराया। मुख्य प्रवक्ता मधुलिका सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक मे संघर्ष वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू पासवान, शाहाबाद मीडिया




प्रभारी सुधीर मिश्रा एवं विनय कृष्ण मिश्र रहे। सोनिया सिंह, स्वीटी मिश्रा, विजय पाण्डेय, जुनैद अख्तर, राम नारायण राम, रिजवानउल्लाह अहमद, शिवसागर कुशवाहा, अवध सिंह, डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. कुणाल कुमार, डॉ. तरुण पाण्डेय, कौशलेंद्र सिंह, विनय मिश्र, यूके ओझा, धीरेन्द्र पाण्डेय, वीरेंद्र राय, शत्रुघ्न तिवारी, संजीत शरारती, अमरजीत सिंह, काजल दूबे, धनजी सिंह, शुभम सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक आरा नें दर्ज किया 7.41 करोड़ का शुद्ध लाभ

**समृद्धि मॉडल के तहत योजनाओं का कियान्वयन-सत्येन्द्र सिंह**



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., आरा का वर्ष 2025-26 का वार्षिक आम-समा आज होटल आरा ग्राण्ड के सभागार में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण सिंह ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन कर रमेशचंद्र चैबे, अध्यक्ष, बिहार राज्य सहकारी बैंक, पटना ने किया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह, अपर निबंधक बिहार थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बैंक के अध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक कुल 7.41 करोड़ रुपए सकल लाभ अर्जित किया है, जो गत वर्ष के लाभ से 3 गुना से अधिक वृद्धि है। बैंक का कुल आय 62.55 करोड़, कुल जमा 646.49 करोड़ रिजर्व एवं सरप्लस 23.84 करोड़ तथा बैलेस सीट का आकार 1053.57 करोड़ रहा। साथ ही बैंक प्रति शेयर आय भी गत वर्ष 42.66 के विरूद्ध 283.84 रुपए रहा, जो बैंक की वित्तीय सुदृढता का प्रतीक है। मनोज कुमार सिंह, अपर निबंधक ने कहा कि राज्य सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्व्यन में भी बैंक की उपलब्धि अच्छी रहती है। उन्होंने पैक्स संचालन में आ रही विभिन्न कठिनाईयों का समाधान का भरोसा जताया। उद्घाटनकर्ता ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों के कारण सभी पैक्स व्यवसाय में हानि उठा रही है। इस प्रकार सभी समितियाँ डिफाल्टर हो जाऐगी। आगामी अधिप्राप्ति में जब तक समितियों की समस्या का निदान नहीं किया जाता है, तब तक अधिप्राप्ति का कार्य स्थगित रखा जाएगा। डीडीएम नाबार्ड श्रीमती सुरभी द्वारा सीजीएम नाबार्ड का संदेश सुनाते हुए आवश्यक सुविधाएं पैक्सों को दिए जाने का आश्वासन दिया गया। भोला प्रसाद सिंह, उप महाप्रबंधक नाबार्ड द्वारा रेगुलेटरी संस्था के प्रतिनिधि के तौर पर बताया कियह बैंक भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड द्वारा निर्धारित सभी मापदंडो को पूर्ण करता है। इस अवसर पर भोजपुर एवं बक्सर जिला के सभी पैक्स अध्यक्ष, व्यापार मंडल अध्यक्ष तथा समितियों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक का संचालन कुमार राजीव रंजन ने किया।

# गरीब एवं अशिक्षितों को मुख्यधारा में शामिल करना हर व्यक्ति का दायित्व : अरविंद दूबे

**इलाहाबाद के अधिवकता ने वितरण किया बैग एवं पाठ्य सामग्री**

**गरीबों की अलग जाति और क्षेत्र नहीं होते-अरविंद प्रबोध दूबे**



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता अरविंद प्रबोध दूबे एवं उनके सहयोगियों द्वारा विभिन्न विभिन्न महादलित टोलों में बैग एवं पाठ्य-सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर अरविंद प्रबोद दूबे ने कहा कि गरीब, गरीब होते हैं। इनकी न तो कोई जाति होती है न कोई भौगोलिक। इनका इतिहास भी सपाट होता है। इनकी पीड़ा और संघर्ष कभी मुखर जुबान पाकर अपनी अलग पहचान नहीं बना पाते। इनकी मदद करके हम अपने समाज और राष्ट्र दोनों को सबल बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि किसी समाज या देश का विकास सिर्फ कुछ या अधिकांश लोगों के विकास से संभव नहीं है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों का समुचित विकास होना चाहिए। आज विश्व के जितने भी विकसित देश हैं, उनमें विकसित एवं शिक्षित लोगों की संख्या अधिकतम है। समाज का कोई वर्ग बहुत पीछे रह जाए और एक वर्ग बहुत आगे चल जाए तो समाज और देश संतुलित नहीं हो सकता। श्री दुबे ने उदवंतनगर प्रखंड के चैराई स्थित श्रीराम शबरी सेंटर, सकड़ी मुसहर टोला एवं गिद्धा मुसहर टोला के लड़के-लड़कियों के बीच स्कूली बैग, पाठ्य सामग्री एवं अन्य सामग्री का वितरण किया। श्री दूबे ने बच्चों के साथ बैठकर संवाद करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे भी जहाज चला सकते हैं। हीरो, पुलिस और डॉक्टर-वकील बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि इनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता सिर्फ प्रोत्साहन की है। इस दरमियान अलका सिलाई सह पढ़ाई केंद्र गीधा की युवतियों के लिए सलवार समीज का कपड़ा सहित अन्य सहयोग की बातें कहीं। उन्होंने केन्द्र के संचालक राजीव भटनागर से भी वार्ता कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नई आशा के संरक्षक डॉ. भीम सिंह भवेश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता अशोक गिरी, पुनीत मिश्रा एवं रवि सिंह सहित मनीष कुमार सिंह, कुंदन कुमार, मनीष वत्स, सूर्यमणी कुमार, सुमित पांडे एवं शिवशंकर सिंह आदि भी थे।

### चुन्नु हत्याकांड में पुलिस ने दो को लिया हिरासत में

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कचनथ गांव निवासी चुन्नु यादव हत्याकांड में पुलिस ने पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार दोनों संदिग्ध लोगों से पुलिस आवश्यक पूछताछ कर रही है। बता दें कि बुधवार की सुबह पुलिस ने पचरुखिया गांव के पास झाडी से चुन्नु यादव का शव बरामद किया था। शव बरामद होने के बाद मृतक के पिता द्वारा अपने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए आठ नामजद व चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध हसनबाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सभी नामजद अभियुक्त पचरुखिया अनुसूचित जाति टोला के हैं। ए

### हत्या मामले के फरार आरोपित गिरफ्तार

**पीरो थाना क्षेत्र के स्नेही टोला गांव में 7 जुलाई को घटी थी घटना**



**आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थाना पुलिस द्वारा हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के स्नेही टोला गांव से शनिवार को हुई। वह पीरो थाना क्षेत्र के स्नेही टोला गांव निवासी स्व. महंगु चैधरी का पुत्र सुनील चैधरी है। इसकी जानकारी पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार ने रविवार को पीरो थाना में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि बीते 7 जुलाई को स्नेही टोला गांव निवासी रामेश्वर चैधरी की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में स्नेही टोला गांव निवासी रूपेश कुमार उर्फ कलुआ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि सुनील चैधरी फरार चल रहा था। बता दें कि पीरो थाना क्षेत्र के स्नेही टोला गांव निवासी रामेश्वर चैधरी बीते 7 जुलाई को अपने बेटे व पत्नी के साथ मढ़ई में बैठे थे। तभी सुनील चैधरी एवं रूपेश कुमार उर्फ कलुआ अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड से मारकर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था।

### डबल मर्डर, आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामलों में वांछित बदमाश गिरफ्तार

**पकड़ा गया विक्की कुमार उर्फ विक्की सिंह**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सहार पुलिस द्वारा डबल मर्डर एवं आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामलों में वांछित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी नवादा थाना क्षेत्र इलाके से शुक्रवार को हुई। वह सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी सुनील सिंह का पुत्र विक्की कुमार उर्फ विक्की सिंह उर्फ सौरभ सिंह है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस रिलीज जारी कर दी। बता दें की बीते 12 अक्टूबर 2024 की शाम संदेश थाना क्षेत्र के बरतीयर गांव (वर्तमान टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला) निवासी रिटायर आर्मी मैन संतोष कुमार राय का पुत्र रोशन कुमार एवं गड़हनी थाना क्षेत्र के खरइचा गांव (वर्तमान टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला) निवासी रजनीश कुमार बाइक द्वारा घर से किसी दोस्त के घर जाने के लिए निकाले थे। इसी बीच 14 अक्टूबर 2024 की सुबह नारायणपुर थाना क्षेत्र के चवरिया गांव स्थित आहर से उन दोनों का शव बरामद हुआ था। मृतक रोशन कुमार के पिता संतोष कुमार राय के द्वारा नारायणपुर थाना में दो नामजद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अनुसंधान के क्रम में विक्की कुमार उर्फ विक्की सिंह उर्फ सौरभ सिंह का नाम आया था। उसी समय से उक्त आरोपी फरार चल रहा था।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को मारी टक्कर, एक की मौत

**आरा/शाहपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर एवं सहजौली गांव के बीच रविवार की शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वही एक अन्य जख्मी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक करनामेपुर थाना क्षेत्र के मानसिंहपुर ईश्वरपुरा गांव निवासी रामरतन राम का 36 वर्षीय पुत्र गोवर्धन राम है। वह पेशे से मजदूर था। जबकि जख्मी उसी गांव निवासी खूबलाल राम के पुत्र 28 वर्षीय धनंजय राम है। दोनों दोस्त बताए जा रहे है। इधर, मृतक के चचेरे भाई धर्मेंद्र राम ने बताया कि गोवर्धन राम को पाइल्स की था। जिसको लेकर वह अपने दोस्त धनंजय राम के साथ बाइक द्वारा दवा लेने के लिए शाहपुर बाजार आया था। दवा लेने के बाद जब दोनों बाइक द्वारा वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान शाहपुर एवं सहजौली गांव के बीच अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तब परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख गोवर्धन राम को मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं जख्मी उसके दोस्त धनंजय राम का इलाज सदर अस्पताल कराया जा रहा है। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी जानकी देवी व दो पुत्र अंकित, अविनाश एवं एक पुत्री डिंपल है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। उसकी पत्नी जानकी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बसौनी गांव स्थित एक घर पर छापेमारी कर एक देशी पिस्टल, दो मैग्जीन व एक जिंदा कारतूस के साथ गृहस्वामी प्रेमचंद सिंह को गिरफ्तार किया है।

# स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति, भोजपुर के द्वारा सहजानंद ब्रह्मर्षि महाविद्यालय, आरा में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स, भोजपुर के जिला भर से प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं के बीच स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें अपने गांव एवं शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। जिला गंगा समिति, भोजपुर के जिला परियोजना पदाधिकारी श्री अमित कुमार सिंह ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के मूल उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यवहार, सोच और सामूहिक जिम्मेदारी से जुड़ा विषय है। उन्होंने प्रेरक कहानियों एवं संवाद के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझाया तथा अपने परिवार, गांव और शहर में स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विकास कुमार गुप्ता, बालाजी कुमार पांडेय, राहुल कुमार पांडेय, शाश्वत पाठक, अंकज कुमार, नंदन कुमार, दिलीप कुमार, सोनू कुमार पांडेय, रंजना कुमारी शांति कुमारी, शिवानी कुमारी कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं कचरा मुक्त गांव और शहर के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात पिकअप की ठोकर से अधिवक्ता के मुंशी गंभीर रूप से घायल, डीएमसीएच में इलाज जारी

**बेनीपुर(एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत डखराम गांव निवासी थक्कन झा (टी.एन. झा) के 48 वर्षीय पुत्र भुलोक नाथ झा आज दोपहर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि वे बेनीपुर से पैड़ी डखराम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान धर्मकांटा के समीप अज्ञात पिकअप वाहन ने उनको ठोकर मार दीया। दुर्घटना में भुलोक झा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अनुमंडल अस्पताल, बेनीपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, डीएमसीएच में चिकित्सकों ने उनकी स्थिति नाजुक बताई है। फिलहाल उनका इलाज जारी है। भुलोक नाथ झा बेनीपुर व्यवहार न्यायालय में मुंशी के रूप में कार्यरत हैं।

### ओल्ड डीएमसीएच सहित कई फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा(एनएसबी)।** दिनांक 21 सितंबर,2026 को "गावर एजेंसी" के द्वारा लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिस कारण से 33 केवी ओल्ड डी एम सी एच फीडर की लाइन प्रातः 5 बजे से 7 बजे पूर्वाहन तक बाधित रहेगी, जिसके कारण 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अर्बन से निकलने वाली सभी 11केवी फीडर की लाइन बाधित रहेगी। ऑल्टरनेटिव सोर्स से 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अर्बन से निकलने वाली सभी 11केवी फीडर एवं 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, डीएमसीएच से निकलने वाली फीडर न० 2 एवं फीडर न० 6 को 30-30 मिनट के रोटेशन पर विद्युत बहाल किया जाएगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्र है - मोगलपुरा, नाका नं - 5, भटियारीसराय, दोनार, मिश्रटोला, मदारपुर, साहसूपन, फैजुल्लाह खान, पुरानी मुन्सफी, नीम चौक, बाजिदपुर, किलाघाट, मुफ्ती मोहल्ला, भगवानदास जे पी चौक, बैंकर्स कॉलोनी रहमगंज, युसुफगंज, मिल्लत कॉलेज, करम गंज, बीबी पाकर, नाका न०- 6, गायत्री मंदिर, महराजगंज, इमामबाड़ा, पुरानी मच्छहट्टा आदि है।

### वृद्ध आश्रय गृह से नेपाली नाबालिग किशोरी लापता

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** भराठी स्थित वृद्ध आश्रय गृह से चौदह वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। गायब किशोरी परोसी देश नेपाल के सरारी जिला के मधबापुर की बताई गई है। इस मामले में बाल गृह की अधीक्षिका कंचन झा के आवेदन पर सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। बताया गया कि लापता किशोरी को दरभंगा बाल कल्याण समिति के आदेश पर 16 सितंबर को बाल गृह में आवासित कराया गया था। 19 सितंबर की देर रात गिनती के दौरान एक बालिका कम पाई गई। इसके बाद बाल गृह परिसर सहित वृद्ध आश्रय गृह के पूरे परिसर में खोजबीन की गई। किशोरी का परिसर एवं आसपास में कहीं पता नहीं चला। अधीक्षिका के अनुसार, लापता किशोरी हरे रंग की कुर्ती और क्रीम रंग की लेगिंस पहन रखी थी। सिमरी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि किशोरी की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### शादी की नीयत से लड़की भगा ले जाने की प्राथमिकी दर्ज,चार नामजद

**जाले (एनएसबी)।** कमतौल थाना क्षेत्र के एक गांव से लड़की अपहरण कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है इस संदर्भ में लड़की के पिता ने कमतौल थाना को एक आवेदन देकर आरोप लगाया है कि बीते 15 सितंबर 2026 की सुबह करीब 7 बजे अपने घर से निकली लड़की को थाना क्षेत्र के लाधा गांव निवासी गोलू कुमार ने अपनी माता इन्द्रासन देवी,महेंद्र यादव एवं दीपक कुमार के सहयोग से शादी करने की नीयत से बहला फुसला कर अपहरण कर लिया है।लड़की की बरामदगी के लिए कमतौल पुलिस छापामारी में लग गई है ।

### अज्ञात के विरुद्ध बिजली तार चोरी करने का प्रयास की प्राथमिकी दर्ज

**जाले (एनएसबी)।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा कमतौल के कनीय विद्युत अभियंता मो0 वकील आलम अंसारी ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध बेलबाड़ा बांध पर रखे11 के0बी0 का तार काट कर चोरी करने का प्रयास ,की एक प्राथमिकी दर्ज कराया है । जिसमें उल्लेख है कि 16 सितंबर के दिन के 10 बजे बेलबाड़ा के ग्रामीण द्वारा सूचना मिली कि बेलबाड़ा बांध पर विद्युत तार की चोरी की जा रही है।सूचना मिलते ही विभागीय कर्मचारी बेलबाड़ा बांध पर पहुंचे तो कोई नहीं मिला , किन्तु बांध पर 11 के0बी0 का तार पोल से कटा हुआ ,नीचे गिरा हुआ पाया गया है ।इससे प्रतीत होता है कि बिजली तार को काट कर चोरी करने का प्रयास किया गया है ,लेकिन विभागीय तत्परता के कारण चोर भाग खड़ा हुआ है ।

### रास्ता घेरने से मना करने पर महिला से मारपीट

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** अरई नया टोला में सरकारी रास्ता घेरने से मना करने पर बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस मामले में पीड़िता ने सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें गांव के ही गनौर सहनी, हरि सहनी, रवि सहनी, रामजी सहनी, संजू देवी, सीता देवी एवं खुशबू कुमारी को नामजद किया है। उसने बताया है कि संजू देवी ने गले से मंगलसूत्र और पर्स सहित दो हजार रुपये छीन लिए। पीड़िता ने आरोपितों से जान-माल व सम्मान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### विश्वकर्मा पूजा देखकर आ रहे व्यक्ति को गोली मार कर घायल किया

**घनश्यामपुर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने मोटरसाइकिल से गोढैल विश्वकर्मा पूजा से नाटक देखकर के आ रहा था। वह नया नगर कमला बांध पर मोटरसाइकिल रोककर अपने पत्नी से बातचीत कर रहा था। इसी बीच कुछ असमाजिक तत्व आकर उनका मोबाइल छीन लिया और गाड़ी छीनने लगा। वह गाड़ी के कुंजी देने से मना किया जिसके फल स्वरुप उनके दाया पांव में गोली मार दिया। उन लोगों ने देखा कि विपरीत दिशा से एक मोटरसाइकिल आ रही थी जिसे देख असामाजिक तत्व भाग गए ।वह मोटरसाइकिल वाले वहां आकर रुक कर उनके परिजनों को खबर किया। उनका पहचान नया नगर तुमौल गांव के रामकांत पासवान के पुत्र नरेश पासवान उम्र 30 के रूप में की गई।यह घटना 1:00 बजे रात की है। परिजन वहां से उठाकर उन्हें डीएमसीएच इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया। गोली उनके दाया पांव में आर पार कर गया है। यह सारी बात स्वयं नरेश पासवान ने बताया।

### बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ जिला इकाई की हुई बैठक



बैठक में भाग लेते पदाधिकारी एवं सदस्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ जिला इकाई दरभंगा की एक अत्यंत महत्वपूर्ण, निर्णायक एवं ऐतिहासिक आम सभा आज 20 सितंबर 2026 को जिला निर्वाचन समिति की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में जिले के सभी 18 प्रखंडों, समाहरणालय, अनुमंडल कार्यालयों सहित पंचायती राज, आरटीपीएस, ग्रामीण आवास, राजस्व, स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना , मनरेगा, स्वच्छता एवं विद्युत विभाग में पदस्थापित सैकड़ों कार्यपालक सहायकों ने एकजुटता दिखाते हुए भारी संख्या में भाग लिया। बैठक की शुरुआत विगत दिनों से चल रही संगठनात्मक प्रक्रिया की समीक्षा एवं सांगठनिक एकता के संकल्प के साथ हुई। उपस्थित साथियों ने एक स्वर में कहा कि कार्यपालक सहायकों की लंबित मांगों, सेवा सुरक्षा और मान-सम्मान की रक्षा के लिए एक जुझारू और निष्पक्ष जिला नेतृत्व का होना नितांत आवश्यक था। विशेष रूप से तब, जब प्रदेश कार्यसमिति, पटना द्वारा सेवा स्थायीकरण एवं मानदेय विसंगति के निराकरण हेतु आगामी बड़े राज्यव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंका जा चुका है।

**आपसी सौहार्द और सर्वसम्मति से हुआ नई टीम का चयन:** जिला निर्वाचन समिति द्वारा संचालित इस सत्र में उपस्थित सभी विभागीय साथियों ने परिपक्वता का परिचय दिया। बिना किसी गतिरोध के, खुले मंच पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी के प्रमुख पदों का चयन संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष नवीन कुमार, महासचिव विकास, सचिव अमरनाथ, कोषाध्यक्ष गौतम मीडिया प्रभारी दुर्गा दास, पूर्व जिलाध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं, संगठन की मजबूती पर दिया। बैठक को विशेष रूप से संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष सोहन झा ने नवनिर्वाचित टीम को साधुवाद और शुभकामनाएं दीं।

# दरभंगा गौशाला जमीन का सीमांकन तथा अतिक्रममुक्त करना जरूरी : डॉ. गोपाल जी

■ सांसद ने कहा दरभंगा गौशाला का होगा जीर्णोद्धार तथा नवनिर्माण

■ गौशाला परिसर में मिट्टी भराई तथा आधुनिकीकरण का सांसद ने दिया निर्देश

## गौशाला परिसर स्थित राधा कृष्ण मंदिर का भी किया जाएगा विकास



निरीक्षण करते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

**दरभंग (एनएसबी)।** दरभंगा गौशाला का ऐतिहासिक महत्व है। इस गौशाला का आधुनिकरण कर इसके आधुनिकीकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके स्थापना काल में दरभंगा राजपरिवार के द्वारा दी गई जमीन का सीमांकन तथा अतिक्रममुक्त करवाने के लिए स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किए गए हैं तथा गौशाला परिसर के मध्य में अवस्थित राधा कृष्ण मंदिर का भी नवीनीकरण किया जाएगा।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने शनिवार की देर संध्या मिजार्पुर स्थित गौशाला परिसर में वहां के स्थानीय बुद्धिजीवियों तथा भाजपा नेताओं के साथ गौशाला का निरीक्षण करने के बाद उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने गौशाला परिसर में नव निर्मित पशु शेड के साथ साथ हाई मास्क लाइट का भी निरीक्षण किया तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली।

सांसद डा ठाकुर ने गौशाला परिसर स्थित राधा कृष्ण मंदिर के जीणोर्धार के लिए वहां उपस्थित गौशाला कमेटी के सदस्यों तथा बुद्धिजीवियों से चर्चा करते हुए कहा कि इस मंदिर का नवीनीकरण कर इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। सांसद डा ठाकुर ने गौशाला परिसर में जल जमाव तथा इसके अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए स्थानीय प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि इसकी प्राचीन गरिमा को वापस लौटाने के लिए हर सम्भव पहल किए जायेंगे। गौशाला की ऐतिहासिक महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि 1934 में दरभंगा राज परिवार ने 46 एकड़ जमीन तथा पंद्रह हजार रुपए देकर गौशाला की स्थापना की थी तथा इस गौशाला में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद तथ्य पुरुषोत्तम दास टंडन जैसे विभूतियों ने यहां पहुंचकर इस गौशाला की महत्ता की सराहना की थी जिस गरिमा को फिर से स्थापित करने के लिए वे संकल्पित हैं।सांसद डा ठाकुर गौशाला भ्रमण के क्रम में गौशाला में रह रहे गायों, बछड़े, उनके खाद्यान्य की व्यवस्था साफ सफाई आदि का जायजा लिया तथा गाय बछड़े को अपने हाथों से गुड़ एवं खाद्यान्न खिलाते हुए कहा कि गौ सेवा से बढ़कर कलियुग में कोई धर्म नहीं है। गौशाला में पशु चिकित्सा अस्पताल, परिसर में सीसीटीवी कैमरा शौचालयों पशु एंबुलेंस आदि की व्यवस्था के आवश्यक पहल किया जा रहे है जिसका शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम साकार होगा। मौके पर गौशाला कमिटी के अध्यक्ष पवन सुरेका, प्रदीप गुप्ता, भूपेंद्र गुड्डू, राकेश कुमार झा आदि मौजूद थे।

## मिथिला की कला संस्कृति से रूबरू हुए प्रशासनिक सेवा के अधिकारी



प्रशासनिक सेवा के अधिकारी।

**दरभंगा (एनएसबी)।** एक साथ छह आईएएस तथा एक इंडियन फॉरेस्ट सर्विस के अधिकारियों ने किए माँ श्यामा के दर्शन।दर्शन व पूजन के उपरांत सभी हुए अभिभूत।उक्त बातें मिथिला की कला,संस्कृति तथा पुरातात्विक विशेषताओं से रूबरू होने के उपरांत सातों पदाधिकारी माधवेश्वर परिसर अवस्थित माँ श्यामा के साथ-साथ लक्ष्मीश्वरी तारा,माँ अन्नपूर्णा,रुद्रेश्वरी काली तथा कामेश्वरी श्यामा आदि के दर्शन के क्रम में इन मंदिरों की वास्तु कला तथा अन्य विशेषताओं का गंभीरता से अवलोकन किया।

इन अधिकारियों को दर्शन के क्रम में संस्कृत विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर साहित्य विभागाध्यक्ष सह माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति के न्यासी सदस्य डॉ.संतोष कुमार पासवान ने इन मंदिरों के इतिहास तथा इनके संस्थापकों की आध्यात्मिक चेतना व सांस्कृतिक दृष्टिकोण के विषय में विस्तार से बताया।यूनाइटेड मिथिला फेडरेशन के सह-संस्थापक सुमितजय झा के नेतृत्व में पधारे यूपीएससी में ऑल इंडिया रैंक होल्डर क्रमशः आकाश कुमार,उज्ज्वल प्रियांक, राघव झुनझुनवाला,यशवर्धन राज,प्राची हनी, हर्ष वर्धन अशोक,कुमार विवेकानंद आदि को न्यासी सदस्य डॉ.पासवान तथा आचार्य डॉ.सोमेश्वर नाथ झा दधीचि द्वारा संयुक्त रूप से माँ श्यामा के आशीर्वाद स्वरूप माँ की चुनरी व माँ के विग्रह की तस्वीर भेंट की गई। माँ श्यामा के दर्शन के उपरांत इन सभी अतिथियों ने कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय का परिभ्रमण किया। इसी क्रम में उज्ज्वल कुमार ने कहा कि मिथिला के अंतिम नरेश महाराजाधिराज डॉ.सर कामेश्वर सिंह की प्राच्य विद्या व संस्कृत के प्रति अपार निष्ठा व अगाध प्रेम के कारण यह विश्वविद्यालय महाराजा की अकल्पनीय दानशीलता का जीवंत परिचायक है। विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन लक्ष्मी विलास पैलेस की नक्काशी तथा इस ऐतिहासिक भवन में प्रयुक्त लाल ईंटों को देखकर सभी मुग्ध हो गए।

## स्नातकों, शिक्षकों व युवाओं की समस्याओं और आकांक्षाओं को मजबूती से उठाएंगे : रविंद्र कुमार

■ दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज ने रविंद्र कुमार यादव को बनाया उम्मीदवार



प्रशांत किशोर के साथ रविंद्र कुमार यादव।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज पार्टी द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने पर रवीन्द्र कुमार यादव ने पार्टी नेतृत्व के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि क्षेत्र के स्नातकों, शिक्षकों, युवाओं, शिक्षित बेरोजगारों एवं जागरूक मतदाताओं की उम्मीदों और विश्वास का प्रतिनिधित्व करने का अवसर है।रवीन्द्र कुमार यादव ने जन सुराज के सूत्रधार एवं बांकिपुर विधायक प्रशांत किशोर, प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती तथा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकताओं और समर्थकों का तहे दिल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।उन्होंने कहा कि जन सुराज पार्टी की सोच बिहार में नई राजनीति, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को मजबूत करने की है। इसी विचारधारा से प्रेरित होकर वे 05-दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के स्नातकों, शिक्षकों और युवाओं की समस्याओं एवं आकांक्षाओं को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विधान परिषद में पहुँचने पर वे शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा करने, स्नातकों के सम्मान एवं हितों को प्राथमिकता देने तथा शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। वर्षों से स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता ऐसे प्रतिनिधित्व की अपेक्षा कर रहे हैं जो चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि हर समय उनके बीच उपस्थित रहे और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति का आधार केवल वादे नहीं, बल्कि कार्य, जवाबदेही और जनसेवा है। वे क्षेत्र के प्रत्येक स्नातक, शिक्षक, युवा एवं बुद्धिजीवी वर्ग के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर उनकी अपेक्षाओं को नीति निर्माण तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे। दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय के स्नातक मतदाताओं की समस्याएँ और चुनौतियाँ भिन्न हो सकती हैं, लेकिन सभी की अपेक्षा एक बेहतर, सक्रिय और जवाबदेह प्रतिनिधित्व की है। वे क्षेत्र के सभी वर्गों को साथ लेकर शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, डिजिटल सुविधाओं, उच्च शिक्षा संस्थानों के सुदृढ़ीकरण तथा क्षेत्रीय विकास के लिए सतत प्रयास करेंगे।

## डीयू छात्र संघ चुनाव में पघारी की हर्षना कुमारी चौधरी ने दर्ज की जीत



हर्षना कुमारी चौधरी।

**बहेड़ी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पघारी गांव निवासी अमरनाथ चौधरी एवं अंजू देवी की पुत्री हर्षना कुमारी चौधरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में शहीद भगत सिंह कॉलेज से सेंट्रल काउंसलर-02 के पद पर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

हर्षना वर्तमान में शहीद भगत सिंह कॉलेज में स्नातक कला की तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। चार भाई-बहनों में सबसे छोटी हर्षना की इस उपलब्धि से उनके पैतृक गांव पघारी सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है।उनके भाई हरिओम कुमार चौधरी तथा बहनें शारदा कुमारी एवं साक्षी कुमारी भी दिल्ली में रहकर व्यवसाय एवं शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी हैं। हर्षना की सफलता पर मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## सिंहवाड़ा मे जिला ट्रक यूनियन की हुई बैठक, लिये गये कई निर्णय

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** जिला ट्रक यूनियन की बैठक रविवार को सिंहवाड़ा में हुई। कैप्टन विक्की ठाकुर की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे ट्रक के संचालन एवं बालू की खरीद बिक्री के संबंध में कई तरह के निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। ट्रक मालिकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मनोज चौधरी सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि ट्रक मालिकों को बालू ढुलाई में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह सीएफटी के हिसाब से बालू की बिक्री होने के कारण ट्रक मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बालू की खरीद-बिक्री के लिए प्रत्येक मंडी में आपसी सहमति से दर निर्धारित किया जाएगा।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिस गाड़ी का संचालन जिस मंडी के लिए निर्धारित होगा, उसकी सामग्री उसी मंडी में बिक्री की जाएगी। नियम नहीं मानने वाले ट्रक संचालकों के खिलाफ संघ कार्रवाई करेगा। बैठक को अवधेश कुमार, डब्लू कुमार, रोहित कुमार, संजीव कुमार, मिथिलेश कुमार, सुमन ठाकुर, मुकेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पचाढ़ी दरभंगा में अभिभावक आम सभा



आमसभा में भाग लेते प्राचार्य व अन्य।

**केवटी (एनएसबी)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पचाढ़ी दरभंगा में रविवार को प्राचार्य की अध्यक्षता में अभिभावक आम सभा (जनरल बॉडी मीटिंग) का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं विभिन्न प्रखंडों से आए अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में वरिष्ठ शिक्षक डॉ. हेमनाथ झा के स्वागत संबोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं के संवेगात्मक विकास व व्यवहार प्रबंधन में शिक्षक और अभिभावकों के साझा सहयोग पर बल दिया। इसके उपरांत कक्षा छात्रा निधि कुमारी व समूह ने स्वागत गान तथा परिधि कुमारी व समूह ने मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुत कर नवोदय संस्कृति की छटा बिखेरी।

विद्यालय के पीजीटी भूगोल शशिकांत सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बोर्ड परीक्षाओं के शत-प्रतिशत परिणाम, राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं, पीएम श्री योजना के तहत शैक्षणिक उन्नयन, 700 से अधिक प्रमाण-पत्र वितरण तथा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस व ओलंपियाड में विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन की जानकारी दी। बैठक में श्री अनुपम चंद्रा एवं श्री गणेश प्रसाद सिंह के निर्देशन में सर्वसम्मति से अभिभावक समिति का गठन किया गया। नवगठित समिति में विभिन्न प्रखंडों से अभिभावक प्रतिनिधियों के रूप में रविन्द्र कुमार प्रसाद अलीनगर, सुरेश प्रसाद सिंह बहादुरपुर, गोपाल कुमार यादव कुशेश्वरस्थान गणेश साहु बेनीपुर शिव कुमार यादव बिरौल, अनिल कुमार घनश्यामपुर अजय कुमार सिंह तारडीह, मनीष कुमार मिश्रा दरभंगा ग्रामीण, अनिल कुमार यादव गौड़ा बौराम, राजेश साफी हनुमान नगर, मंजू कुमारी (हायाघाट), जन्नती प्रवीण बहेड़ी नीलम कुमारी (किरतपुर), देवकी देवी (जाले) एवं गीता ठाकुर (केवटी) एवं का चयन किया गया।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने आवासीय अनुशासन, मेस व्यवस्था और छात्रावास संचालन की व्यवस्थाओं को रेखांकित किया। उन्होंने सीमित बजट में विद्यार्थियों के संतुलित पोषण, मेस व छात्रावास की स्वच्छता, तय दिनचर्या के पालन तथा विद्यालय संपत्ति के संरक्षण पर विशेष बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर में अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स व मोबाइल के उपयोग पर कड़ा अंकुश लगाने, रैगिंग के प्रति विद्यालय की शून्य-सहनशीलता की नीति को दोहराते हुए अभिभावकों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में कार्यालय अधीक्षक जे. बी. झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## स्टॉफ बचत व साख स्वावलंबी सहकारी समिति की 25वीं आमसभा आयोजित




संबोधित करते प्रदीप मिश्र व अन्य।

**दरभंगा(एनएसबी)।** मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्टाफ बचत एवं साख स्वाबलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड दरभंगा का 25 वीं आम सभा सत्कार होटल एण्ड बैंकेट ( उत्सव विवाह भवन) में प्रदीप कुमार मिश्र चेयरमैन की अध्यक्षता में हुई ।

उद्घाटन सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधक आनन्द मोहन दास ने प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में कहा श्री दास ने कहा कि समिति ने अपने सदस्यों के साख आवश्यकता पूर्ति करने में सफल रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 मे 3658692.00 का लाभ अर्जित कर कीतीर्मान स्थापित किया है ।

अध्यक्षीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि हमारा बहुप्रतीक्षित मॉग की समिति का अपना घर हो पूरा हो गया । समिति ने ए वी सिगनेचर रेजिडेंसी बी ब्लॉक में 002 नम्बर का फ्लैट खरीदा है । आलोच्य अवधि में शेयर पूँजी, गारण्टी फण्ड, थ्रीफ्ट फण्ड, वेलफेयर फण्ड, फिक्स्ड डिपॉजिट, रेकरिंग डिपॉजिट में वृद्धि परस्पर समिति के प्रति विश्वास को दशार्ता है । आलोच्य अवधि मे 30 सदस्यों के बीच 17450000 ऋण वितरित किया। निदेशक मण्डल कुछ सदस्यों के द्वारा जानबूझकर ऋण चूकता नही किए जाने को गंभीरता से लिया है और निर्णय लिया है कि अक्टूबर, 2026 तक ऋण किस्त अद्यतन नही करते हैं तो ऐसे चूककर्ता ऋणी सदस्यों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जाएगा । आम सभा में ए एस जी ए एस जी हॉस्पिटल भाग लिया तथा उननके प्रतिनिधि को सम्मानित किया गया। ऑख के ईलाज में समिति के सदस्यों को रियायत दर पर सेवा करने की उद्घोषणा की गई । सभा में हॉस्पिटल के मो इम्तियाज, विवेक चौधरी, कुन्दन कुमार ने भाग लिया। सभा को धीरेन्द्र झा, कमलेश कुमार, सरिता रानी, प्रवीण कुमार, नीरज कुमार चौधरी, भाष्कर कुमार सिंह, चन्द्र किशोर महतो, सुकेश झा, कृष्णा नन्द साफी, राम बाबू महतो, भोला पासवान, आनन्द राज, लक्ष्मी नारायण मिश्र, धनन्जय चौधरी, कृष्ण कान्त झा, तथा अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

## ब्लैक स्पॉट पर सफाई की दस्तक, स्वच्छता के लिए स्थानीय लोगों ने भी बढ़ाया हाथ



**मधुबनी।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिले में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण को लेकर लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मधुबनी शहर अंतर्गत अत्यधिक गंदगी वाले क्षेत्रों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित कर वहां विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर निगम, मधुबनी द्वारा वार्ड संख्या-18 के रांटी स्थित चिह्नित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में वृहत स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर निगम के सफाईकर्मियों द्वारा चिन्हित स्थलों से कचरे एवं गंदगी की सफाई की गई तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। स्वच्छता अभियान में नगर निगम के सफाईकर्मियों के साथ स्वच्छता साथियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। इस दौरान स्वच्छता साथियों ने स्थानीय लोगों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित स्वच्छता साथी अविनाश चौधरी, मिनातुल्लाह, कन्हैया कुमार, इंद्रदेव यादव एवं कुलदीप राम ने स्थानीय लोगों से स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील की। उन्होंने लोगों को कचरे का उचित निस्तारण करने, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी नहीं फैलाने तथा अपने आसपास के क्षेत्रों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों की नियमित सफाई के साथ-साथ आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सामूहिक सहभागिता के माध्यम से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करना है।

## स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर निकाली बाइक रैली




**बेनीपट्टी।** स्वच्छ ही सेवा 2026 एवं स्वच्छ भारत, विकसित भारत अभियान के तहत नगर पंचायत बेनीपट्टी के तत्वावधान में एक माह तक चलने वाले स्वच्छता में सहयोग के दसवें दिन शनिवार को जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। संध्याकाल में श्री लीलाधर प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर से बाइक रैली को रवाना किया गया। रैली संसार पोखरा से फोरलेन सड़क होते हुए उच्चैठ पहुंची। इसके बाद मल्हामोड़, अम्बेडकर चौक, विद्यापति चौक एवं इंदिरा चौक होते हुए विद्यालाय परिसर पहुंची। विद्यालय परिसर में जागरूकता क्रिकेट फैन्सी मैच का आयोजन किया गया। रैली के दौरान लोगों को कचरा डस्टबिन में डालने, अपने घर-दुकान व कार्यालय को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य पार्षद मंजू देवी के नेतृत्व में एवं कार्यपालक पदाधिकारी गौतम आनंद की देखरेख में किया गया। इसमें नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मी एवं वार्ड पार्षद शामिल हुए। मौके पर उप मुख्य पार्षद दीपशिखा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डीएम ने जिले में शिक्षा का अलख जगाने के लिए अभिभावकों शिक्षकों व आम नागरिकों से जागरूक होने का किया आह्वान

**मधुबनी।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक, डिजिटल एवं समयानुकूल बनाने की दिशा में जिलाधिकारी, मधुबनी द्वारा व्यापक स्तर पर सतत एवं प्रभावी पहल की जा रही है। उन्होंने शिक्षा के मंदिर मे शिक्षकों की भूमिका तथा समाज मे शिक्षकों की महिमा को अनुपम,अप्रतिम एवं अद्वितीय बताते हुए अभिभावकों एवं आम नागरिकों को स्वयं जागरूक होने तथा दूसरों को प्रेरित करने का आह्वान किया ताकि जिलांतर्गत घर घर मे शिक्षा का अलख जगे तथा शिक्षा का मंदिर वास्तव मे शिक्षण का केंद्र बन सके। यह बातें जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने प्राइवेट स्कूल एवं चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन मधुबनी के तत्वावधान में आयोजित शिक्षाविद सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कही।



उन्होंने विद्यालयों को संरचनात्मक एवं गुणात्मक रूप से सुदृढ एवं आधुनिक बनाने के निमित्त ह्यमिशन कायाकल्प मधुबनीह्ल की कार्ययोजना को कार्यान्वित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके माध्यम से सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने से लेकर आधुनिक डिजिटल शिक्षण संसाधनों की उपलब्धता तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तक एक समग्र कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों को केवल बेहतर भौतिक संसाधनों से सुसज्जित करना ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए ऐसा अनुकूल शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है, जहां वे आधुनिक तकनीक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अपने भविष्य को नई दिशा दे सकें।

जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने जिले के सभी अभिभावकों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से शिक्षा के प्रति जागरूक होने तथा शिक्षा व्यवस्था में सतत सुधार की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागी बनने एवं सहयोग करने का आह्वान किया ।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र के निर्माण की मजबूत नींव शिक्षा से तैयार होती है। शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व, विचार, संस्कार, अनुशासन और भविष्य को आकार देने का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य के निमार्ता हैं। समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में उनका योगदान अप्रतिम, अनुपम एवं अद्वितीय है। उन्होंने गुरु की महिमा को रेखांकित करते हुए शिक्षकों को वंदनीय एवं पूजनीय बताया।

### शिक्षकों से कर्तव्यपरायणता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

जिलाधिकारी ने शिक्षकों को उनके कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का आह्वान करते हुए कहा कि विद्यालयों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे ही कल देश के भविष्य होंगे। उन्हें बेहतर शिक्षा, संस्कार, मार्गदर्शन एवं अवसर प्रदान कर ही एक सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। डिजिटल तकनीक और आधुनिक शिक्षण पद्धतियां शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध करा रही हैं। ऐसे में बच्चों को केवल पारंपरिक पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। उन्हें आधुनिक तकनीक, डिजिटल संसाधनों और नये शिक्षण माध्यमों से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

### तीन श्रेणियों में विद्यालयों का वर्गीकरण, जरूरत के अनुरूप होगी कार्ययोजना

जिलाधिकारी ने मिशन कायाकल्प मधुबनीह्ल एवं "आपका विद्यालय, आपका स्वाभिमान" के तहत जिले के सरकारी विद्यालयों में किए जा रहे सुधारात्मक प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालयों की वर्तमान स्थिति एवं आवश्यकताओं के आधार पर उनका वर्गीकरण करते हुए अलग-अलग स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई है। इससे विद्यालयों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप संसाधनों का विकास एवं शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रथम श्रेणी में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित किया गया है, जो आधारभूत संरचना की दृष्टि से क्रिटिकल श्रेणी में आते हैं। ऐसे विद्यालयों में भवन निर्माण एवं आवश्यक आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। द्वितीय श्रेणी में वैसे विद्यालयों को शामिल किया गया है, जहां बच्चों के लिए जरूरी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इन विद्यालयों में बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, पंखा, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यालयों को बच्चों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित, सुविधाजनक एवं अनुकूल वातावरण के रूप में विकसित करना है। तृतीय श्रेणी में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित किया गया है, जहां आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों के विकास की संभावना है। ऐसे विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, ऑनलाइन क्लास, प्रयोगशाला सहित आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं को विकसित करने पर बल दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों को बदलते समय की आवश्यकता के अनुरूप तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने तथा शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायता मिलेगी।

### प्रशासन के साथ समाज की सहभागिता से बदलेगा शिक्षा का परिदृश्य

जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में स्थायी एवं व्यापक बदलाव केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल सरकारी संस्थान नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य निर्माण के केंद्र हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से जिले के ह्यशिक्षा के मंदिरोंह्ल में सकारात्मक बदलाव लाने तथा जन-जन में शिक्षा की अलख जगाने में सक्रिय एवं प्रभावशाली भूमिका निभाने की अपील की।

जिलाधिकारी ने अभिभावकों से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि एवं चेतना जागृत करें। बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई, उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रगति पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन की पहल के साथ शिक्षक की कर्तव्यपरायणता, अभिभावकों की जागरूकता और समाज की सहभागिता जुड़ेगी है, तब शिक्षा व्यवस्था में व्यापक एवं स्थायी परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि ह्यमिशन कायाकल्प मधुबनीह्ल केवल विद्यालयों के भवन एवं सुविधाओं के कायाकल्प तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक उद्देश्य बच्चों के भविष्य और जिले की शिक्षा व्यवस्था का कायाकल्प करना है। आधारभूत सुविधाओं के साथ आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता को जोड़कर जिले में शिक्षा के लिए एक मजबूत एवं सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं शिक्षाविदों का सम्मान न केवल उनके योगदान के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति है, बल्कि इससे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री चंदन कुमार झा, उपनिदेशक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना एवं लेखा, विद्यालय संघ के अध्यक्ष श्री देवानंद झा सहित जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के शिक्षकगण एवं छात्रगण उपस्थित थे।

## बिस्फी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सुधा ने की आत्महत्या

**बिस्फी।** प्रखंड क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्फी में कार्यरत जीएन एम सुधा कुमारी की मौत का मामला सामने आया है। घटना परसौनी दक्षिणबाड़ी टोल स्थित उनके किराये के मकान की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सुधा कुमारी करीब एक वर्ष से परसौनी दक्षिणबाड़ी टोल में किराये के मकान में रह रही थीं और बिस्फी पीएचसी में जीएम एम के पद पर कार्यरत थीं। वह मूल रूप से दरभंगा जिले के शरीफ बहेरा थाना क्षेत्र की रहने वाली थीं।



बताया जा रहा है कि उनके पति मुंबई में रहते हैं। सुधा कुमारी के दो बच्चे हैं, जिनमें एक की उम्र करीब 10 वर्ष और दूसरे की करीब 6 वर्ष बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि रात के समय सुधा कुमारी ने अपने किराये के मकान के बरामदे में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी अनुराग कुमार ने बताया कि महिला द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुधा कुमारी शांत और गंभीर स्वभाव की थीं। हालांकि, उनकी मौत के पीछे क्या वजह रही, इसे लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## जिलाधिकारी के सतत अनुश्रवण व डॉक्टर स्वास्थ्यकर्मी की सक्रियता एवं तत्परता का दिखा असर

**मधुबनी।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं जनोपयोगी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा द्वारा जिले के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा सरकार द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निदेर्शो का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों को लगातार आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन सहित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की नियमित निगरानी करने तथा मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले जरूरतमंद मरीजों को समय पर जांच, उपचार एवं आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करायें। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर जिलाधिकारी द्वारा स्वयं भी अस्पतालों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति मे निरंतर सुधार लाया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा इन बैठकों एवं निरीक्षणों के माध्यम से स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों, चिकित्सकीय सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी सतत अनुश्रवण एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों तथा कर्मियों की सक्रियता का सकारात्मक परिणाम एनसीडी स्क्रीनिंग अभियान में भी सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी 18 सितंबर की राज्य स्तरीय रैंकिंग में मधुबनी जिला ने एनसीडी स्क्रीनिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इसके तहत हाइपरटेंशन डायबिटीज कैंसर स्क्रीनिंग, ह्रदय रोग, लीवर आदि की जांच कर आवश्यक उपचार किए जाते हैं। इसके लिए सभी पीएचसी, सीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर, अनुमंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल आदि में एनसीडी का कार्य चल रहे हैं। इस अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लोगों की स्क्रीनिंग कर संभावित रोगियों की पहचान एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। 18 सितंबर को जारी राज्य स्तरीय रैंकिंग के अनुसार मधुबनी जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 95 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले को 515100 के लक्ष्य के विरुद्ध 489909 स्क्रीनिंग की उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि के आधार पर मधुबनी जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है।

जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, पदाधिकारियों एवं सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक तत्परता एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी योजनाओं एवं अभियानों का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहज रूप से पहुंचे। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि एनसीडी स्क्रीनिंग अभियान सहित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए तथा मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए।

## 24 सितंबर को विस्फी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर सभी भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल जमीन देने के लिए ऐतिहासिक प्रतिरोध होगा : मनोज

**बिस्फी।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) विस्फी के छोरहिया ब्रांच की जी बी बैठक आयोजित हुई , इस बैठक की अध्यक्षता कुशेश्वर सदाय ने किया, बैठक में बतौर माकपा के जिला सचिव मनोज कुमार यादव मौजूद रहे।

माकपा मधुबनी जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि डबल इंजन के सरकार बिहार को बर्बाद करने पर तुली हुई है, उन्होंने कहा सरकार अपने घोषणा को उन्ही के पदाधिकारी लागू नहीं कर पाते है, बसेरा 2 एक छलावा बनकर रह गया है,किसी गरीब भूमिहीन परिवारों को बसने के लिए जमीन नहीं दिया जा रहा है,गरीब एक घर में कई लोग रहने को बिवश है, उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 24 सितंबर को विस्फी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन होगी जिसमें सभी गरीब भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल जमीन आवासीय पर्चा देने का सवाल जोरदार तरीके से उठाया जाएगा, इस प्रदर्शन में किसान मजदूर, नौजवानों की



बड़ी संख्या में भाग लेंगे,खाद बीज,पटवन, बिजली, खेती के लिए उपकरण, किसानों की ऋण माफी, सर्वे से पहले सभी रैयतों को जमीन का पेपर उपलब्ध कराने, परिमार्जन पर विशेष ध्यान देने के साथ रशीद काटने में मनमानी के खिलाफ लोग प्रदर्शन में भाग लेंगे जिसकी तैयारी जोरों पर चल रहा है, किसान मजदूरों की बैठक चहुटा,जीवन,रघौली,बलहा छोड़हिया सहित दर्जनों गांवों में जी बी बैठक के माध्यम से धरना प्रदर्शन की तैयारी चल रहा है। बैठक में माकपा विस्फी लोकल सचिव बाबूलाल महतो, हरिप्रसाद साहू,जगदीश दास,बीसो सदाय,रामू सदाय, श्रवण सदाय, कुशेश्वर सदाय,कुमर सदाय, जसिया देवी,सीता देवी सहित अन्य लोग सामिल हुए।

## उर्वरक प्रशिक्षण से किसानों को मिलेगी वैज्ञानिक खेती की जानकारी

- 45 प्रशिक्षुओं के बीच बांटे गए प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, मिट्टी जांच से लेकर उर्वरक के संतुलित प्रयोग तक दी गई जानकारी

**बेनीपट्टी।** प्रखंड के बसैठ चानपुरा गांव स्थित एसके शिक्षा न्यास द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में शनिवार को पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डॉ. संत कुमार चौधरी ने की। इस दौरान पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 45 उर्वरक प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

डॉ. संत कुमार चौधरी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि के विकास से किसानों की खुशहाली के साथ देश की अर्थव्यवस्था और जीडीपी को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण में मिली वैज्ञानिक जानकारी को किसानों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने बताया कि




संस्थान की ओर से कृषि, शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में जिले के अलावा विभिन्न राज्यों और विदेशों में भी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। किसानों और बेरोजगार युवाओं के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संस्थान के वरीय वैज्ञानिक मंगलानंद झा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मिट्टी के प्रकार एवं संरचना, उपलब्ध खनिज तत्व, अम्लीय एवं क्षारीय मिट्टी की पहचान व सुधार, मिट्टी जांच के लिए वैज्ञानिक तरीके से नमूना लेने, बीज के प्रकार एवं बीज उत्पादन की विधि की जानकारी दी जाती है। साथ ही हरी खाद, वर्मी कंपोस्ट, जैविक एवं जीवाणु खाद तथा विभिन्न रासायनिक उर्वरकों में उपलब्ध पोषक तत्वों के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। विभिन्न फसलों की वैज्ञानिक खेती, बेहतर उत्पादन के लिए खाद एवं उर्वरक की उचित मात्रा तथा खाद एवं उर्वरक अधिनियम की जानकारी भी प्रशिक्षण का हिस्सा है। वैज्ञानिक प्रमोद कुमार झा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षु उर्वरक बिक्री की अनुज्ञप्ति प्राप्त कर सकेंगे। वहीं पूर्व से अनुज्ञप्तिधारी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने लाइसेंस का नवीकरण करा सकेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता ललन पांडेय, मो. वशील, वैज्ञानिक राकेश सिंह यादव, अरविंद कुमार महतो, ईश्वरचंद्र झा, परमानंद चौधरी, प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुशवाहा, प्रो. संजना, प्रो. कंचन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। चाहें तो मैं इसे ?और ज्यादा प्रभावशाली स्थानीय अखबार की शैली में 250झ्र300 शब्दों की खबर बनाकर भी दे सकता हूं।

# अहियापुर में मजदूर की हत्या के बाद फरार महिला उसकी पत्नी नहीं, प्रेमिका निकली

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अहियापुर थाना क्षेत्र के चाणक्यपुरी वार्ड संख्या 6 स्थित किराए के कमरे मे दो दिन पहले हुई मजदूर 35 वर्षीय उपेंद्र पासवान की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी बनाई गई महिला कामनी देवी को करजा थाना क्षेत्र के मड़वन के पास से गिरफ्तार कर लिया है। कामनी देवी सरैया थाना क्षेत्र की निवासी बताई गई है।

उपेंद्र पासवान की हत्या के लिए परिजनों ने कथित प्रेमिका कामनी, जो पहले से शादीशुदा है, को जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद पुलिस ने अहियापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी थी। इस दौरान पुलिस मामले की छानबीन और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगालने में जुटी थी। मामले में पुलिस की मानवीय सूचना संकलन और तकनीकी टीम ने करजा थाना क्षेत्र के मड़वन के पास महिला को एक रिश्तेदार के यहां जाने के दौरान पकड़ लिया। आशंका है कि वह किसी अन्य प्रेमी के पास जा रही थी।

ज्ञात हो कि किराये के कमरे में 35 वर्षीय मजदूर उपेंद्र पासवान का शव मिलने के बाद पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में मकान मालिक शिवशंकर सिंह ने बताया था कि मृतक उपेंद्र पासवान अपनी पत्नी कामिनी देवी और अपने दो बच्चों के साथ 18 सौ रुपए मासिक किराया देकर उनके मकान में रह रहा था। लेकिन उपेंद्र पासवान की हत्या के बाद जांच के दौरान उपेंद्र पासवान की पत्नी और दोनों बच्चे गायब मिले थे। तभी पुलिस ने महिला के बच्चे सहित घर से गायब होने को लेकर महिला पर शंका जाहिर की थी। लेकिन मृतक मजदूर के परिजनों द्वारा यह स्पष्ट करते हुए कि मृतक उपेंद्र पासवान के



मृतक मजदूर की प्रेमिका को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

साथ दो बच्चों को लेकर रह रही महिला मृतक की पत्नी नहीं, बल्कि प्रेमिका थी और उपेंद्र पासवान की हत्या में उसकी संलिप्तता हो सकती है कि आशंका जताते हुए परिजनों ने कामिनी देवी को अभियुक्त बनाते हुए मामले कि प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद से हीं पुलिस कामिनी देवी की खोज मे लग गई थी और अंततः उसे

**घटना के बाद से दो बच्चों सहित फरार मृतक मजदूर की प्रेमिका गिरफ्तार, लेकिन अबतक नहीं खुला मजदूर के मौत का राज**

पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। लेकिन इस मामले में पुलिस ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि उपेंद्र पासवान की मौत किस कारण से हुई। यह मामला प्रेम प्रसंग में हत्या है या फिर हत्या अथवा आत्महत्या, इन सभी बिंदुओं पर पुलिस का अनुसंधान अभी जारी है।

इस मामले में एसडीपीओ टाउन टू कार्तिकेयन के नेतृत्व में बनाई गई टीम जांच में जुटी हुई है। पुलिस की जांच के अनुसार, महिला ने बताया है कि सिर में गहरी चोट लगने से उपेंद्र की मौत हुई थी। मौत के बाद वह घबरा गई और अपने बच्चों के साथ वहां से निकल गई। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में उसे जाते हुए देखा गया है। वहीं एसडीपीओ टाउन-2 कार्तिकेयन ने बताया कि इस मामले में पुलिस टीम का अनुसंधान अभी जारी है। मामले में एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाकर बारीकी से जांच कराई गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। फिलहाल आरोपी बनाई गई महिला के साथ घटनास्थल पर सीन रीक्रिएट कर पूरे घटनाक्रम को एक बार फिर समझने की कोशिश की जाएगी, ताकि पता चल सके कि आखिर उस रात उपेंद्र की मौत किस वजह से हुई थी और महिला के बयान में कितनी सच्चाई है।

पूरे मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि बीते दिनों अहियापुर थाना क्षेत्र के चाणक्यपुरी गली नंबर-6 के पास शिवशंकर सिंह के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में उमेश पासवान की मौत के मामले में आरोपी बनाई गई कथित प्रेमिका को पुलिस ने करजा थाना क्षेत्र के मड़वन से गिरफ्तार कर लिया है। महिला से पूछताछ में गिरकर मौत होने की बात सामने आई है। हालांकि, पुलिस इस बात का इंतजार कर रही है कि मौत की वास्तविक वजह क्या थी। पुलिस को एफएसएल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। आरोपी महिला ने खुद के फंदे से लटककर जान देने और गिरकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौत की बात बताई है। फिलहाल पुलिस का कई बिंदुओं पर अनुसंधान जारी है। पकड़ी गई महिला की पहले से शादी हो चुकी है। उसका पति पुणे में रहता है और महिला उससे अलग हो चुकी है। इसके बाद उसके एक अन्य व्यक्ति से संबंध होने की बात सामने आई है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांटी विधायक के प्रयास से रौतिनिया में बनेगा 50 टीपीडी क्षमता का कचरा प्रसंस्करण केंद्र

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार के प्रयास से शहर के कचरा प्रबंधन को नई दिशा देने की पहल शुरू हो गई है। नगर निगम की ओर से 50 टीपीडी (टन प्रतिदिन) क्षमता वाले मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) के निर्माण का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। इससे रौतिनिया में सूखे कचरे के संग्रहण, छंटाई और वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण की व्यवस्था विकसित होगी। कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने बताया कि एक पखवारे के अंदर इसका शिलान्यास किया जाएगा। नगर निगम की स्वच्छता शाखा की ओर से जारी आदेश के अनुसार, एमआरएफ के निर्माण के लिए मेसर्स हर्ष एंगिकॉन प्राइवेट लिमिटेड पटना को कायार्देश दिया गया है।परियोजना की स्वीकृत राशि 9 करोड़ 71 लाख 33 हजार 440.84 रुपये है। एजेंसी को अनुसूचित दर से 11.27 प्रतिशत कम दर पर कार्य आवंटित किया गया है। वर्क ऑर्डर में निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता एवं मानकों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। इसमें इस्तेमाल होने वाले ईंट, बालू, सीमेंट, मेटल आदि की गुणवत्ता की जांच प्रमाणित लैब से कराने, पीसीसी एवं आरसीसी कार्य में क्यूब कास्ट के बाद क्रशिंग स्ट्रेंथ की जांच कराने तथा निर्माण में कम से कम टीएमटी एफई-500 ग्रेड की सरिया का इस्तेमाल करने को कहा गया है। नगर निगम ने कार्यस्थल पर निर्माण सामग्री व उपकरणों के सुरक्षित भंडारण तथा कचरा उठाव के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। कार्य पूरा करने की अवधि वर्क ऑर्डर जारी होने की तिथि से छह माह निर्धारित की गई है। इससे शहर में सूखे कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और प्रसंस्करण की व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है।



मडवन प्रखंड स्थित रौतिनिया कचरा डंपिंग स्थल, जहाँ बनेगा प्रसंस्करण केंद्र

**नगर निगम ने जारी किया वर्क ऑर्डर, करीब 9.71 करोड़ की लागत से सूखे कचरे का होगा वैज्ञानिक प्रबंधन**

**विधायक ने कहा : नए प्रसंस्करण केंद्र का एक पखवारे के अंदर होगा शिलान्यास**

### एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी को सोशल मीडिया पर धमकी, पुलिस जांच में जुटी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद सदस्य बंशीधर बुजवासी को सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी दिए जाने तथा आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले को लेकर काजी मोहम्मदपुर थाना पुलिस ने ब्रजवासी द्वारा किए गए लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सोशल मीडिया पर एमएलसी के खिलाफ कथित तौर पर गाली-गलौज, आपत्तिजनक टिप्पणियां और धमकी भरे पोस्ट किए गए। शिकायत में 'वैभव मिश्रा' नाम के फेसबुक अकाउंट से 15 सितंबर 2026 को धमकी दिए जाने तथा 16 सितंबर को आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने का आरोप लगाया गया है। वहीं राहुल झा नाम के एक अन्य फेसबुक अकाउंट से भी कथित रूप से भड़काऊ टिप्पणियां किए जाने की बात कही गई है। वहीं 'उज्ज्वल कुमार ओझा' नाम के फेसबुक हैंडल से एमएलसी के वास्तविक नाम की जगह कथित तौर पर आपत्ति जनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए क्षेत्र में सामाजिक तनाव पैदा करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने ऐसे पोस्ट के पीछे आपराधिक मंशा होने की आशंका भी व्यक्त की है। वहीं काजी मोहम्मदपुर थाना पुलिस ने प्राथमिकी के आधार पर मामला दर्ज कर सोशल मीडिया अकाउंट्स और संबंधित पोस्ट की जांच शुरू कर दी है। पुलिस कथित पोस्ट के आईपी एड्रेस, अकाउंट की जानकारी और पोस्ट की सत्यता की तकनीकी जांच कर रही है। थानाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार सिंह के अनुसार मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच की जा रही है।



### रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर द्वारा ब्रह्मपुरा थाना चौक के समीप स्थित बथुआ नर्सिंग होम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर लेवल एवं अन्य आवश्यक रक्त जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। वहीं शिविर मे आए हुए कुल 50 लोगों के स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग की गई। समाज के लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करने तथा समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान में मरीजों का सहयोग करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर द्वारा इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था। क्लब की अध्यक्ष रो रूपा सिंहा ने मौके पर कहा कि जनसेवा के लिए हमेशा प्रयासरत रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर द्वारा इससे पूर्व भी कई बड़े स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं और आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। मौके पर क्लब की अध्यक्ष के साथ साथ सचिव निशर्ग शंकर, डॉ एच एन भारद्वाज, सुधीर कुमार सिंहा, बीएल लाहौड़ी, यदुनंदन पंडित, रंजन कुमार श्रीवास्तव सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने इस आयोजन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




मुजफ्फरपुर की खबरें पेज 12 पर भी

**बेहोशी के डॉक्टर की तैनाती से खुली राह, अब जटिल प्रसव के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे जिला अस्पताल के चक्कर**

# मीनापुर सीएचसी में शुरू हुआ सी-सेक्शन

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** ग्रामीण अंचल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान बनाने की दिशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीनापुर ने एक मजबूत और व्यावहारिक नवाचार की शुरूआत की है। अमूमन जिला अस्पतालों तक सीमित रहने वाली सिजेरियन प्रसव की सुविधा को ब्लॉक स्तर पर धरातल पर उतारना सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र के लिए एक नया और प्रभावी प्रयोग साबित हो रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं के विकेंद्रीकरण की इस पहल के तहत मीनापुर सीएचसी में निश्चेतक (एनेस्थेटिस्ट) की विशेष तैनाती कर ऑपरेशन थिएटर को पूरी तरह क्रियाशील बना दिया गया है, जिससे आपात स्थिति में महिलाओं को तत्काल स्थानीय स्तर पर ही शल्य चिकित्सा का सुरक्षा कवच मिलने लगा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से जटिल प्रसव मामलों को सीधे जिला अस्पताल रेफर करने की पुरानी परिपाटी पर यह पहल सकारात्मक चोट करती है। ग्रामीण इलाकों में प्रसव पीड़ा के दौरान जिला मुख्यालय जाने में लगने वाला समय कई बार जच्चा और बच्चा दोनों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर देता था।

इस भौगोलिक और ढांचागत दूरी को पाटने के लिए ब्लॉक स्तर पर ही आवश्यक विशेषज्ञता उपलब्ध कराना व्यवस्था की सोच में आए बड़े बदलाव को दशार्ता है, जिससे रेफरल के बोझ में कमी आने के साथ-साथ 'गोल्डन आवर' में चिकित्सकीय हस्तक्षेप संभव हो सका है। प्रखंड स्तर के अस्पतालों में अक्सर



मीनापुर सीएचसी में ऑपरेशन थिएटर क्रियाशील, एनेस्थेटिस्ट नियुक्त।

बुनियादी ढांचे के बावजूद विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के चलते आधुनिक सुविधाएं बंद पड़ी रह जाती थीं। मीनापुर में निश्चेतक विशेषज्ञ की सुनिश्चित मौजूदगी ने इस तकनीकी गतिरोध को दूर कर यह साबित किया है कि सही मानव संसाधन प्रबंधन से प्राथमिक तंत्र को भी अत्यधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। शल्य चिकित्सा दल में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की भागीदारी ने न केवल सुरक्षित प्रसव का भरोसा दिया है, बल्कि स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों के पेशेवर आत्मविश्वास को भी नई मजबूती दी है।

मीनापुर सीएचसी में अपनाई गई यह कार्ययोजना अन्य प्रखंडों के लिए एक अनुकरणीय प्रारूप के रूप में उभर रही है। यदि इसी नवाचारी दृष्टिकोण के साथ विशेषज्ञ टीम, ब्लड लिंकेज और नवजात शिशु देखभाल की कड़ियों को निरंतर मजबूत रखा जाए, तो यह प्रयोग भविष्य में ग्रामीण स्वास्थ्य प्रणाली को आत्मनिर्भर बनाने और मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## पर्यटन मंत्री ने दाता कंबल शाह दरगाह शरीफ पर चादरपोशी कर की अमन चैन भाईचारे व सामाजिक सौहार्द की दुआ



दाता कंबल शाह दरगाह शरीफ पर चादरपोशी करते पर्यटन मंत्री केदार प्र गुप्ता व अन्य नेतागण।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के हजरत दाता कंबल शाह चिश्ती दरगाह शरीफ पर रविवार को चादरपोशी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने दरगाह शरीफ पर चादरपोशी कर देश और राज्य में अमन-चैन, भाईचारे, सामाजिक सौहार्द तथा नागरिकों के कल्याण की दुआ की। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु एवं अच्छे स्वास्थ्य की भी कामना की। आयोजन में भाजपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक भाजपा के जिला प्रवक्ता जुनेद खान रहे। पर्यटन मंत्री कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल थे, जिन्होंने मुख्य रूप से दाता के दरगाह पर चादरपोशी कर देश, प्रदेश और पुरे समाज के कल्याण के लिए दुआ की। दरगाह के सचिव तनवीर आलम ने धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विधिवत इबादत और दुआ कराई, जिसके बाद चादरपोशी की रस्म पूरी की गई। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सैयद अफरीदी रहमान समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने मुजफ्फरपुर की गंगा-जमुनी तहजीब, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी विश्वास और सद्भाव को बढ़ाने का माध्यम हैं। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रविन्द्र प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, फेकू राम, जिला महामंत्री मनोज तिवारी, जिला मंत्री कृष्णा महतो, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. साकेत शुभम ठाकुर, कार्यालय मंत्री दिलीप कुमार, मोहम्मद निजाम सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## दोहरा हत्याकांड में चारों आरोपित दोषी करार

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** चर्चित रोहित कुमार और उसकी मां जानकी देवी की गोली मारकर हत्या के मामले में अदालत ने चारों नामजद आरोपितों को दोषी करार दिया है। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-पंचम कुमारी ज्योत्सना की अदालत ने शनिवार को मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद विनोद साह, उसकी पत्नी हेमलता कुमारी, दशरथ साह और अमर कुमार को दोषी माना।

अदालत अब 6 अक्टूबर को दोषियों की सजा के बिंदु पर सुनवाई करेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक नरेश कुमार वर्मा ने मामले में अदालत के समक्ष पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान कुल नौ गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। घटना से जुड़े वैज्ञानिक और दस्तावेजी साक्ष्य भी अदालत के समक्ष पेश किए गए। विचारण के दौरान अधिवक्ता आशीष कुमार त्रिवेदी ने

**6 अक्टूबर को सजा के बिंदु पर होंगी सुनवाई**

अभियोजन पक्ष को सहयोग किया। सदर थाना पुलिस के अनुसंधानकर्ता ने मामले की जांच के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपितों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले को लेकर पताही हरि निवासी कृष्णा देवी ने 6 फरवरी 2024 को सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार, 4 फरवरी 2024 की शाम करीब छह बजे कृष्णा देवी अपनी गोतनी जानकी देवी और अन्य लोगों के साथ घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान आरोपित हथियार लेकर वहां पहुंचे। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि हेमलता कुमारी के उकसाने पर उसके पति विनोद साह ने पिस्टल निकालकर अमर कुमार को सौंप दी।

इसके बाद अमर कुमार ने रोहित कुमार पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद दशरथ साह के ललकारने पर हमलावरों ने जानकी देवी को भी गोली मार दी। गोली लगने से उनकी भी मौत हो गई। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने चारों आरोपितों को दोषी करार दिया है। अब 6 अक्टूबर को सजा के बिंदु पर होने वाली सुनवाई के बाद अदालत दोषियों को सजा सुनाएगी।

## बेनीबाद पुलिस ने तकनीकी जांच के द्वारा 12वें दिन घर से गायब हुए छात्र को मधुबनी से किया सकुशल बरामद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बेनीबाद थाना क्षेत्र के केवटसा गांव से 8 सितंबर को लापता हुए 16 वर्षीय गौरव कुमार को पुलिस ने 12वें दिन मधुबनी से सकुशल बरामद कर लिया। तकनीकी जांच और लगातार प्रयास के बाद पुलिस को गौरव तक पहुंचने में सफलता मिली। उसके सकुशल बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली।

केवटसा निवासी गोविंद कुंवर का 16वर्षीय पुत्र 8 सितंबर को अचानक घर से गायब हो गया था। उसके लापता होने के बाद परिजन लगातार उसकी खोजबीन में जुटे रहे। काफी प्रयास के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर



बारहवें दिन पुलिस द्वारा बरामद छात्र गौरव कुमार।

परिजनों ने पुलिस से उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए बेनीबाद पुलिस ने तकनीकी टीम की मदद से जांच शुरू की।

पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर गौरव से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटाई और संभावित ठिकानों पर तलाश तेज की। तकनीकी सुराग के आधार पर पुलिस टीम ने मधुबनी में कार्रवाई करते हुए गौरव कुमार को सकुशल बरामद कर लिया।

गौरव के बरामद होने की जानकारी मिलते ही परिजनों की चिंता दूर हुई और परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस द्वारा गौरव से पूछताछ सहित मामले में आगे की आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# मुजफ्फरपुर में 'बज्जिका लोक' पत्रिका एवं 'अइसने हिआं तिजारत हए' बज्जिका गजल संग्रह का हुआ लोकार्पण

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** स्थानीय नयाटोला स्थित थियोसाफिकल लौज के सभागार में आयोजित समारोह में बज्जिका विकास मंच की पत्रिका 'बज्जिका लोक' तथा ज्वाला सांध्यपुष्प रचित बज्जिका गजलों के संग्रह "अइसने हिआं तिजारत हए" का लोकार्पण किया गया। समारोह की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष और प्रधान संपादक चितरंजन सिन्हा कनक ने की तथा साहित्यकारों का स्वागत और विषय प्रवेश डा शारदा चरण ने किया।

डा बिनोद कुमार सिन्हा ने बज्जिका लोक की निरंतरता और भाषा स्तर का उल्लेख किया। साथ ही ज्वाला सांध्यपुष्प की गजल गोई की व्याख्या की। पत्रिका के संपादक एवं अध्यक्ष ने यह घोषणा की कि बज्जिका लोक का अगला शीघ्र प्रकाश्य अंक समालोचना अंक होगा। जिसका दायित्व डॉ शारदा चरण को दिया गया। प्रबंध संपादक अमिताभ कुमार सिन्हा ने आधुनिक बज्जिका साहित्यकार संघ के प्रतिनिधि रचना भाग 4 के प्रकाशन की सूचना दी तथा कहा कि नौ रचनाकारों की सहमति मिल गई हैं। महाकवि अवधेश्वर अरुण बज्जिका शिखर सम्मान से सम्मान समारोह 2025 में अनुपलब्ध डॉ शारदा चरण को आज के समारोह में डॉ अवधेश्वर अरुण के पुत्र प्रो ( डॉ) रणवीर राजन द्वारा अध्यक्ष के माध्यम से उक्त सम्मान से सम्मानित किया गया। हाजीपुर में आयोजित डॉ उमाकांत वर्मा शताब्दी समारोह में नहीं जा पाने दिवंगत साहित्यकार डॉ योगेंद्र प्रसाद सिंह एवं रामानंद सिंह के वंशज को रामनरेश शर्मा, विद्या चौधरी, अखौरी चंद्रशेखर ने अध्यक्ष के माध्यम से सम्मानित कराया।




बज्जिका पत्रिका एवं गजल संग्रह का लोकार्पण करते अतिथि गण।।

कार्यक्रम में दरभंगा से डॉ सतीश चंद्र भगत, ई राणा ब्रजेश, पटना से रामनरेश शर्मा, डॉ विद्या चौधरी, डॉ मायानंद, हाजीपुर से अखौरी चंद्रशेखर, सुरेन्द्र मानपुरी, रविन्द्र कुमार रतन, समस्तीपुर से ज्वाला सांध्य पुष्प, मुजफ्फरपुर से रणवीर राजन, सविता राज, डा विनोद कुमार सिन्हा, प्रेम कुमार वर्मा, हरि किशोर सिंह, पुष्पा गुप्ता उमाशंकर प्रसाद चौरसिया, डा विरेंद्र कुमार मल्लिक, सुरेश शर्मा, रितेश कुमार आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रबन्ध संपादक अमिताभ कुमार सिन्हा ने किया।

# 'जयपुर से पत्र' के जरिए सीतामढ़ी और जयपुर के बच्चों ने साझा किए अनुभव

## गूगल मीट के माध्यम से दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को दी पर्यटन स्थलों की जानकारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में अनुभव आधारित शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जवाहर नगर, सीतामढ़ी और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-5, जयपुर, राजस्थान के कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों के बीच जयपुर से पत्र पाठ पर आधारित एक विशेष शैक्षणिक गतिविधि आयोजित की गई। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को पाठ्यपुस्तक के विषय को वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ने का अवसर मिला।

गतिविधि के दौरान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जवाहर नगर, सीतामढ़ी के प्रधानाध्यापक आरके रंजन एवं शिक्षिका अर्चना यादव के मार्गदर्शन में कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों दिव्या, सौम्या, अवंतिका, वैदिक वंदन, भाव्या, आशिक, जयंती, शिक्षा भारती, अनुष्का, अनुपम, प्रत्ययांश, धृति मिश्रा एवं हर्षिता ने जयपुर के विद्यार्थियों को पत्र लिखे। वहीं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-5, जयपुर की प्रधानाध्यापिका सुशीला एवं शिक्षक संजय मीणा के मार्गदर्शन में कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों वरुण, रितिका, युग, आरव, सारांश, मोहित, अभिमन्यु, लक्ष्य, हितांश, दशरथ आदि ने सीतामढ़ी के बच्चों को पत्र लिखे।



दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों की गूगल मीट के माध्यम से बड़े स्क्रीन पर शैक्षणिक गतिविधि।

दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए पत्र डाक के माध्यम से एक-दूसरे तक पहुंचेंगे। इस गतिविधि ने बच्चों में पत्र लेखन के साथ-साथ संवाद, अभिव्यक्ति और दूसरे स्थानों की संस्कृति एवं जीवनशैली को समझने की रुचि भी विकसित की।

आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों को गूगल मीट के माध्यम से बड़े स्क्रीन पर ऑनलाइन जोड़ा गया। इस दौरान सीतामढ़ी और जयपुर के बच्चों ने एक-दूसरे से संवाद करते हुए अपने-अपने शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी साझा की। बच्चों ने अपने शहर की विशेषताओं के बारे में उत्साहपूर्वक जानकारी दी और दूसरे शहर के बारे में भी कई नई बातें सीखीं।

विद्यालय के प्राचार्य पंकज अग्रवाल एवं उप प्राचार्य आरके मीणा ने इस गतिविधि की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि उन्हें अनुभवों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करती हैं। शिक्षिका रिजवाना ने भी गतिविधि की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के बीच इस प्रकार का संवाद उनकी रचनात्मकता, संचार कौशल और आत्मविश्वास को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि अनुभव आधारित शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी अपने पूर्वजों द्वारा ज्ञान-विज्ञान और अनुभव के आधार पर विभिन्न समस्याओं के समाधान के तरीकों को समझने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक समझ भी विकसित कर सकते हैं। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में सहयोग, संवाद, जिज्ञासा और सीखने की नई दृष्टि विकसित करने में सहायक होती हैं।

# जिले के थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ 26 सितम्बर को पुपरी में होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उप जिला शाखा, पुपरी के तत्वावधान में आगामी 26 सितम्बर शनिवार को पुपरी डाकबंगला परिसर में प्रातः 10 बजे से संध्या 04 बजे तक जिले के थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए रेडक्रॉस पुपरी शाखा के सचिव अतुल कुमार ने बतलाया कि जिले में चार दर्जन से अधिक थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे हैं जिन्हें प्रत्येक माह एक से दो बार रक्त चढ़वाने का दंश झेलना पड़ता है। वर्त्तमान में सदर अस्पताल अवस्थित रक्त केंद्र में रक्त की कमी होने से इन थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के समक्ष जीवनरक्षा की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इसी परिपेक्ष्य में आगामी 26 सितम्बर शनिवार को रक्तदाता समूह, पुपरी के सहयोग से स्थानीय डाकबंगला परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे पुपरी के युवा एसडीएम गौरव कुमार समेत 3 दर्जन से अधिक स्थानीय नियमित रक्तदानी स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील भी किया कि मानवता की रक्षा हेतु जिले के थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ आगे आयें और शिविर में रक्तदान कर पुण्य के भागी बनें। शिविर का सोशल मीडिया पार्टनर ऑफिसियल पुपरी पेज को बनाया गया है। शिविर में रक्त संग्रह का कार्य जिला रक्त केंद्र, सदर अस्पताल, सीतामढ़ी की टीम करेगी। शिविर के संयोजक एवं वरीय रेडक्रॉस आजीवन सदस्य मो शाकीर हुसैन के नेतृत्व में शिविर के सफल आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदानियों को रेडक्रॉस पुपरी शाखा की ओर से अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बैरगनिया के दर्शन कुमार बने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के ऑफिस सुप्रिटेंडेंट, रोजगार मेला में मिला नियुक्ति पत्र

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शहर के शिवपट्टी निवासी स्व. लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता के पुत्र दर्शन कुमार ने रोजगार मेला में इनकमटैक्स डिपार्टमेंट के ऑफिस सुप्रिटेंडेंट का नियुक्ति पत्र प्राप्त कर बैरगनिया सहित सीतामढ़ी जिले का नाम रौशन किया है।श्री कुमार राजकीयकृत उच्च विद्यालय से बर्ष 2015 में मैट्रिक,डीडीएम कॉलेज से 2017 में इंटर एवं 2021 में प्रियारानी राय डिग्री कॉलेज से स्नातक ऑनर्स की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए।श्री कुमार बताते है कि बड़े भाई मोहन कुमार के मार्गदर्शन,मां शारदा देवी के आशीर्वाद सहित अन्य परिजन की दुआओं के साथ ही ऑनलाइन पढाई कर एसएससी की परीक्षा में पहली ही बार मे 14 मई 2026 के आए परिणाम में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में ऑफिस सुप्रिटेंडेंट के पद पर चयन हुआ था जिसका नियुक्ति पत्र 19 सितम्बर को पटना स्थित पुराना सचिवालय के अधिवेशन भवन में आहुत रोजगार मेला में प्राप्त हुआ है।श्री दर्शन के सफल होने पर नगर परिषद के सभापति सिंघु गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मो.बशीर अंसारी,समाजिक कार्यकर्ता भाई ओमप्रकाश,पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामाशीष राय सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र प्राप्त करते दर्शन कुमार।

### गणेश पूजा कार्यक्रम में लापरवाही पर प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने शैक्षणिक व्यवस्था में लापरवाही एवं वरीय अधिकारियों के निर्देश की अवहेलना के मामले में एसबीएलसी उच्च विद्यालय (सरस्वती विद्या निकेतन), रायपुर, प्रखंड-नानपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक जगमोहन सहनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार विद्यालय परिसर में गणेश पूजा/मेले के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर, जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचना तथा प्रसारित वीडियो/समाचार के आलोक में प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया था। इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना के पत्रांक 3755, दिनांक 20 सितंबर 2026 के माध्यम से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। आदेश में कहा गया है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा शाम छह बजे तक स्पष्टीकरण/प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे प्रथम दृष्टया वरीय अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश के बावजूद उदासीनता बरतने की बात सामने आई। इसे गंभीरता से लेते हुए डीईओ राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के तहत जगमोहन सहनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, रून्नीसैदपुर के कार्यालय में निर्धारित किया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान उन्हें जीवन निर्वहन भत्ता उपस्थिति विवरण के आधार पर देय होगा तथा पत्र प्राप्त होते ही निर्धारित मुख्यालय में योगदान देना सुनिश्चित करना होगा। मामले में जगमोहन सहनी के विरुद्ध आरोप-पत्र अलग से निर्गत किया जाएगा।

## गांव के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का संकल्प, कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई

# ब्रह्मर्षि सेना की नई कार्यकारिणी का विस्तार

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** ब्रह्मर्षि सेना, सीतामढ़ी की बैठक रविवार को नगर स्थित फ्रंटेज स्कूल परिसर में में अध्यक्ष बालकृष्ण कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यकारिणी के विस्तार, संगठन की आगामी गतिविधियों तथा सर्व समाज के हित में कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखते हुए गांव के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का संकल्प लिया।

बैठक का संचालन संगठन के संयोजक डॉ. राजीव कुमार काजू ने किया। इस दौरान अध्यक्ष ने वर्ष 2026-27 के लिए नई जिम्मेदारियों की घोषणा की। राहुल मिश्रा को सचिव, भानु प्रताप सिंह को सहसचिव, राहुल सिंह को कोषाध्यक्ष तथा दीपक कुमार को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी शशि रंजन, बुलेट चौधरी, अंकित सिंह, केशव सिंह, रजनीश कुमार बल्लू, रणधीर पांडेय, केशव कुमार सिंह, शुभम कुमार, सोनू कुमार, आशीष कुमार, संजीव चौधरी, शशि रंजन कुमार, दीपक भारद्वाज, संजीव चौधरी आदि को दी गई।


ब्रह्मर्षि सेना की बैठक में शामिल संस्था के पदाधिकारी व अन्य।

वहीं प्रखंड स्तर पर अश्वनी कुमार को चोरौत, अवनीश कुमार शर्मा को पुपरी, अवनीश कुमार झा को सुरसंड, सत्यम प्रियदर्शी को सैदपुर, सुधांशु कुमार को बेलसंड, सत्यम सिंह रमन को डुमरा, राजीव सिंह को रीगा तथा सुशांत कुमार को बाजपट्टी प्रखंड की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यकारिणी विस्तार के अवसर पर संयोजक चंदन सिंह, पूर्व अध्यक्ष अवनीश कुमार, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गौतम कश्यप, संरक्षक डॉ. बैद्यनाथ सिंह, पूर्व संगठन मंत्री धीरज कौशिक, सदस्य रंजन कुमार, आशीष रंजन सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

# बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र के लिए पटना जाने की जरूरत नहीं, अब अंचल कार्यालय में ही जमा होंगे आवेदन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में 1002 सुयोग्य श्रेणी के पात्र लाभुकों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र जारी किए जाने को लेकर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस कार्य के लिए लाभुकों को पटना स्थित राज्य मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। संबंधित लाभुक अपने आवेदन अपने-अपने अंचल कार्यालय में ही जमा करेंगे।

जिला पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा इस संबंध में भ्रामक अफवाहें फैलाए जाने के कारण बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में आवेदन देने पहुंच रहे हैं। इससे विधि-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है।

आदेश के तहत सभी अंचलाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ राजस्व कर्मचारियों एवं विकास मित्रों के साथ बैठक कर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पात्र परिवारों से उनके संबंधित अंचल कार्यालय में आवेदन जमा कराना सुनिश्चित करें।

प्रशासन ने संबंधित लाभुकों को भी स्पष्ट रूप से सूचित करने का निर्देश दिया है कि उक्त कार्य के लिए पटना स्थित राज्य मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा आम लोगों को दिग्भ्रमित कर सीतामढ़ी से पटना भेजे जाने की बात सामने आती है, तो संबंधित अंचलाधिकारी को ऐसे व्यक्ति या संस्था को चिह्नित कर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने आदेश का प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामवृक्ष चौधरी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व. रामवृक्ष चौधरी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय ललित आश्रम गांधी मैदान में जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसजनों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि स्व. रामवृक्ष चौधरी कुशल संगठनकर्ता और राजनीतिक कार्यकर्ता थे। बतौर मंत्री उन्होंने जिला के विकास में अहम भूमिका निभाई। कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने को लिए वो हमेशा प्रयत्नशील रहे। जिला कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील, प्रदेश प्रतिनिधि मो. अफाक खान, डॉ. राजीव कुमार काजू, रितेश रमण सिंह, मो. शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, संजय कुमार बिररख, आफताब अंजुम बिहारी ने कहा कि स्व. रामवृक्ष चौधरी मृदुभाषी, मिलनसार, नेकदिल और ओजस्वी वक्ता थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की प्रेरणा से वो कांग्रेस में शामिल हुए। बतौर पीएचडी मंत्री उन्होंने जिला के विकास कार्यों को गति प्रदान की। श्रद्धांजलि सभा में प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, ऋतु ठाकुर, वीरेंद्र कुशवाहा, शैलेन्द्र कुमार खिरहर, धीरज सिंह, राजू कुमार, मृत्युंजय कुमार यादव, पंकज कुमार, श्याम दास आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।


कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना व पार्टी के अन्य नेता।

**कांग्रेसजनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

# चोरी मामले में दो गिरफ्तार, जेवरात बरामद

**फतुहा।** थाना क्षेत्र के मकसूदपुर स्थित एक घर में दो दिन पूर्व हुई चोरी मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनलोगों के पास से चोरी के जेवरात भी बरामद किए गए हैं। दो दिन पूर्व मकसुदपुर निवासी कवि राय के घर में चोरी हो गई थी। इस सन्दर्भ में कवि राय की पत्नी रीना देवी ने फतुहा थाने में शक के आधार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने नामजद आरोपित रोहित कुमार को मकसूदपुर से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने गोविंदपुर से वसंत गोप को गिरफ्तार कर लिया।

# औचक निरीक्षण में परखी छात्रावास की व्यवस्था, बच्चियों से सीधे संवाद

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला कल्याण पदाधिकारी ने शनिवार को अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय, सीतामढ़ी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) एवं अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। पदाधिकारी ने दोपहर के भोजन के दौरान छात्राओं के साथ बैठकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। भोजन परोसने के समय जीविका दीदियां निर्धारित वर्दी में उपस्थित थीं।

उन्होंने सभी कक्षाओं में छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। कंप्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया। शिक्षकों के साथ बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावी कक्षा दिनचर्या तैयार करने तथा छात्राओं की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इस दौरान छात्राओं ने अपनी चित्रकला प्रतिभा का प्रदर्शन किया और चित्रकला के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराने की मांग रखी।


निरीक्षण के दौरान कक्षा में छात्राओं से सीधे संवाद करते अधिकारी व अन्य।

पदाधिकारी ने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। प्रवेश करने वाले लोगों की अनिवार्य रूप से एंट्री दर्ज करने तथा होमगार्ड जवानों को सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया गया।

# दाता कंबल शाह चिश्ती दरगाह शरीफ पर भाजपा नेताओं ने की चादरपोशी, अमन-चैन एवं सामाजिक सौहार्द की कामना

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** हजरत दाता कंबल शाह चिश्ती दरगाह शरीफ पर रविवार को चादरपोशी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द, शांति एवं सभी के कल्याण की कामना की गई।

कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला प्रवक्ता जुनैद खान रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने की। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दाता कंबल शाह चिश्ती दरगाह शरीफ पर चादरपोशी कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही उन्होंने मुजफ्फरपुर, बिहार एवं पूरे देश के निरंतर विकास, शांति, समृद्धि तथा समाज के सभी वर्गों के कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने देश में शांति, सद्भाव, समृद्धि और सामाजिक एकता की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि मुजफ्फरपुर की गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता की परंपरा हमेशा से समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत रही है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी विश्वास, सद्भाव और एकता को और मजबूती मिलती है।


चादरपोशी के दौरान मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार व जिला प्रवक्ता जुनैद खान व अन्य।

दाता कंबल शाह मजार के सचिव तनवीर आलम ने विधिवत इबादत कराते हुए चादरपोशी की रस्म पूरी कराई। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सैयद अफरीदी रहमान भी शामिल रहे।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविन्द्र प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, फेकु राम, जिला महामंत्री मनोज तिवारी, जिला मंत्री कृष्णा महतो, जिला मीडिया टीम प्रभारी सह कोषाध्यक्ष डॉ. साकेत शुभम ठाकुर, कार्यालय मंत्री दिलीप कुमार, प्रवक्ता मसुदुल हसन गुड्डु, विधानसभा प्रभारी आशीष पिन्टु, पूर्व महामंत्री प्रवीण कुमार, योगेश कुमार टिंकु, प्रो. खुर्शीद अनवर अरमान, वार्ड पार्षद इकबाल हुसैन, मो. अंजार, शहजाद, जफीर फरीयादी, रेयाज अंसारी, नूर आलम अंसारी, नौशाद आलम, मो. इम्तेयाज, राजा बाबू, मो. करीम, शहनवाज, मो. अयुब, मो. साजिद खान, अफरोज आलम, मो. निजाम सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### राहत मांगने की परंपरा से साझा क्षमता की ओर

वर्ष 2026 की रसुवा भोटेकोसी आपदा ने नेपाल को एक कठोर सबक सिखाया है। हाल की आपदा के पुनर्निर्माण के लिए ही लगभग 4 से 5 अरब अमेरिकी डॉलर का शुरुआती अनुमान है। ऐसी स्थिति में नेपाल अब प्रत्येक आपदा के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने हाथ फैलाने वाले सदाबहार राहतग्राही की भूमिका में ही जीवित नहीं रह सकता है। अब नेपाल को भारत के साथ संवाद की भाषा और एजेंडे को पूरी तरह से बदलना चाहिए। आपदा आने के बाद चावल और तिरपाल मांगने की पारंपरिक शैली से ऊपर उठकर अब संस्थागत आपदा पूर्व तैयारी और जलवायु साझेदारी का प्रस्ताव आगे बढ़ाना चाहिए।

इसके लिए सबसे पहले नेपाल और भारत के बीच वास्तविक समय के जल-मौसम आंकड़े साझा करने का स्थायी डिजिटल तंत्र बनाया जाना चाहिए। उच्च हिमालयी क्षेत्रों की नदियों के बहाव, जल स्तर, हिमनद की स्थिति और भारी बारिश की पूर्व सूचना दोनों देशों के तकनीकी निकायों के बीच तत्काल साझा किए जाने पर निचले तटीय क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को समय रहते सुरक्षित किया जा सकता है। इसी तरह, बाढ़ द्वारा पुल बहाए जाने के बाद ही भारत से पुल मांगने की पुरानी शैली को छोड़कर नेपाल के रणनीतिक बिंदुओं पर मॉड्यूलर बेली ब्रिज, भारी क्रेन और इंजीनियरिंग उपकरणों का स्थायी क्षेत्रीय भंडारण भारत के तकनीकी सहयोग से स्थापित किया जाना चाहिए।

इसके साथ ही भारतीय एनडीआरएफ और नेपाली सुरक्षा एजेंसियों के बीच सुरंग बचाव, उच्च हिमालयी खोज और बचाव तथा हवाई बचाव में नियमित संयुक्त अभ्यास चलाए जाने चाहिए। हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में बर्फ पिघलने की दर, हिमनद झीलों के जोखिम मानचित्रण और भूगर्भीय अध्ययन के लिए दोनों देशों के वैज्ञानिकों का एक संयुक्त स्थायी तंत्र गठित किया जाना आवश्यक है। अंततः, नेपाल और भारत दोनों को अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलनों में हिमालय के पारिस्थितिक संकट को संयुक्त रूप से उठाकर वैश्विक हानि तथा नुकसान कोष से अधिकतम जलवायु वित्त प्राप्त करने के लिए साझा कूटनीतिक पैरवी करनी चाहिए। यह कमजोर राष्ट्र द्वारा सहायता मांगने की भाषा नहीं है, बल्कि समान जोखिम उठाने वाले दो पड़ोसियों की रणनीतिक साझेदारी है।

नेपाल और भारत का संबंध किसी कागजी समझौते या राजनीतिक नक्शे से कहीं अधिक गहरा है। यहां प्रेम है, यहां शिकायत है, यहां सहयोग है, यहां संशय है। यह लव-हेट का गतिशील यथार्थ ही इस संबंध का विशिष्ट चरित्र है। लेकिन जब प्रकृति का तांडव शुरू होता है, जब नदियां उफनती हैं, जब पहाड़ खिसकते हैं और जब मानव जीवन संकट में पड़ता है, तब सभी राजनीतिक संशय धुल जाते हैं और केवल एक ही सत्य बचता है- हम भूगोल और नियति से बंधे पड़ोसी हैं।

2015 के भूकंप में काठमांडू के मलबे को खंगालने वाले भारतीय बचावकर्मी हों या 2026 में चिलिमे की अंधेरी सुरंग के भीतर नेपाली सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर 185 मीटर की गहराई तक उतरने वाला तकनीकी दल, रसुवा और नुवाकोट के कीचड़ में प्रत्यक्ष रूप से तैनात रहने वाले भारतीय राजदूत हों या फिर पुनर्निर्मित 50 हजार घर, विद्यालय और बेली ब्रिज- ये सभी इसी अकाट्य सत्य को प्रमाणित करते हैं।

भारत के लिए नेपाल केवल उसकी उत्तरी सुरक्षा परिधि का भूगोल ही नहीं, बल्कि उसकी अपनी पर्यावरणीय और मानवीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है। इसी तरह नेपाल के लिए भारत केवल दबाव बनाने वाला बड़ा पड़ोसी ही नहीं, बल्कि संकट आने पर पहले ही घंटे में पहुंच जाने वाला विश्वसनीय सहयोगी भी है। अब का युग पुराने राजनीतिक संशय के चश्मे को उतारकर संबंध को नए धरातल पर परिभाषित करने का युग है। उस नए अध्याय का शीर्षक पानी, व्यापार या सीमा का विवाद मात्र नहीं होगा। उस नए अध्याय का नाम होगा- साझा हिमालय, साझा पारिस्थितिकी, साझा जोखिम और अविभाज्य मानवीय सुरक्षा। जब तक हिमालय अटल रहता है, तब तक यह साझा जोखिम और साझा सुरक्षा का प्रातिक बंधन भी अटल ही रहेगा।

भारत का संपूर्ण आपदा सहयोग विशुद्ध रूप से सरकार-से-सरकार, सेना-से-सेना और आधिकारिक संस्थागत तंत्रों के माध्यम से ही संचालित हुआ है। नेपाल की आपदा कूटनीति को मजबूत करने के लिए यह संस्थागत अभ्यास अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी माना जाता है, जो राहत को दलीयकरण से बचाता है। इस महाआपदा में भारत की प्रतिक्रिया पिछले सभी सहयोगों से अलग, तीव और तकनीकी रूप से अत्यंत उच्च स्तर की दिखाई दी।

# हर देश के लिए जरूरी है, 'शांति मंत्रालय'

## 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' (21 सितंबर) पर विशेष



कुमार सिद्धार्थ

हर वर्ष 21 सितंबर को दुनिया 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' मनाती है। 'संयुक्त राष्ट्र संघ' (यूएन) ने 1981 में इसकी शुरुआत इस उद्देश्य से की थी कि विश्व समुदाय युद्ध और हिंसा से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सह-अस्तित्व की संस्कृति को मजबूत करे। वर्ष 2001 में 'यूएन' ने सर्वसम्मति से इस दिन को 'वैश्विक संघर्ष-विराम' और 'अहिंसा दिवस' के रूप में भी मान्यता दी, लेकिन दुर्भाग्य से जिस दुनिया में शांति के नाम पर एक दिन समर्पित है, उसी दुनिया में वर्ष के शेष दिनों में युद्धों की तैयारी अधिक व्यवस्थित ढंग से होती दिखती है।

बीसवीं सदी के दो विश्वयुद्धों और हिरोशिमा-नागासाकी की त्रासदी ने मानवता को विश्वास दिलाया था कि शायद अब 'युद्ध' इतिहास की बात बन जाएंगे, किंतु इक्कीसवीं सदी में ऐसा नहीं हुआ। रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में है। गाजा में मानवीय संकट गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया, अफ्रीका के अनेक गृहयुद्ध और एशिया में बढ़ते सामरिक तनाव बताते हैं कि आधुनिक विश्व अभी भी हथियारों के भरोसे सुरक्षा खोज रहा है। परमाणु हथियारों का जखीरा आज भी हजारों की संख्या में मौजूद है और वैश्विक सैन्य बजट लगातार बढ़ रहे हैं। तो क्या हथियारों की बढ़ती संख्या दुनिया को अधिक सुरक्षित बना रही है

गांधीवादी चिंतक और लेखक सतीश कुमार ने इसी प्रश्न को नए दृष्टिकोण से उठाया है। अपने एक लेख में उन्होंने कहा है कि जिस प्रकार लगभग हर देश में रक्षा मंत्रालय हैं, उसी प्रकार प्रत्येक देश में 'शांति मंत्रालय' भी होना चाहिए। ऐसा मंत्रालय समाज में संवाद, मध्यस्थता, शांति शिक्षा, अहिंसक प्रतिरोध, सामुदायिक मेल-मिलाप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का काम कर सकता है। यदि सरकारें युद्ध की तैयारी के लिए विशाल संस्थागत ढाँचे विकसित कर सकती हैं, तो शांति की तैयारी के लिए भी संस्थागत व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

पहली दृष्टि में यह विचार आदर्शवादी लग सकता है, लेकिन वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में इसकी प्रासंगिकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुनिया के लगभग सभी देशों के पास रक्षा मंत्रालय, सेनाएँ, युद्ध रणनीतियाँ और हथियारों के आधुनिकीकरण की योजनाएँ हैं, किंतु शायद ही कोई ऐसा देश हो जहाँ संवाद, मेल-मिलाप, संघर्ष-निवारण और शांति शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अलग मंत्रालय हो।

'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया का सैन्य व्यय लगभग 2.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया था, जो अब तक का सर्वाधिक है। यह लगातार दसवाँ वर्ष था, जब वैश्विक रक्षा व्यय में वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत सबसे अधिक रक्षा व्यय करने वाले देशों में शामिल हैं। इसके विपरीत 'यूएन' की अनेक मानवीय और शांति-स्थापना एजेंसियाँ संसाधनों की कमी से जूझती रहती हैं। यह विरोधाभास बताता है कि विश्व राजनीति की प्राथमिकताएँ किस दिशा में झुकी हुई हैं।

युद्ध की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से अधिक राष्ट्र के आम नागरिक चुकाते हैं। 'संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त' (यूएनएचसीआर) के अनुसार दुनिया में 12 करोड़ से अधिक लोग युद्ध, हिंसा और उत्पीड़न के कारण अपने घर छोड़ने को विवश हैं। गाजा, यूक्रेन और सूडान जैसे क्षेत्रों में स्कूल, अस्पताल और नागरिक बस्तियाँ नष्ट हुई हैं। लाखों बच्चे शिक्षा से वंचित हुए हैं और असंख्य परिवार विस्थापन का जीवन जी रहे हैं। आधुनिक युद्ध केवल सीमाओं को नहीं, बल्कि समाजों के विश्वास, मानवीय गरिमा और भविष्य को भी समाप्त करते हैं।

युद्ध का एक और गंभीर पक्ष पर्यावरणीय विनाश है।

> केवल एक नया मंत्रालय बना देने से युद्ध समाप्त नहीं होंगे। युद्धों के पीछे भू-राजनीतिक हित, संसाधनों की प्रतिस्पर्धा और वैचारिक टकराव जैसे अनेक कारण होते हैं। फिर भी संस्थाएँ समाज की प्राथमिकताओं का प्रतीक होती हैं। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण के लिए अलग मंत्रालय बनने के बाद पर्यावरण नीति को नई पहचान मिली और आपदा प्रबंधन के लिए अलग संस्थागत व्यवस्था विकसित हुई, उसी प्रकार शांति के लिए समर्पित संस्थान भी यह संदेश देंगे कि राष्ट्र केवल युद्ध जीतने की नहीं, बल्कि शांति स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। यदि मानवता ने युद्ध के लिए मंत्रालय बनाए हैं, तो क्या अब समय नहीं आ गया कि वह शांति के लिए भी एक मंत्रालय बनाने का साहस दिखाए।

आधुनिक सेनाएँ भारी मात्रा में जीवाश्म ईंधन का उपयोग करती हैं। बमबारी से जंगल, कृषि भूमि और जलस्रोत नष्ट होते हैं। औद्योगिक प्रतिष्ठानों के ध्वस्त होने से विषैले रसायन वातावरण में फैलते हैं और 'ग्रीनहाउस गैसों' का उत्सर्जन बढ़ता है। सतीश कुमार का प्रस्ताव है कि रक्षा बजट का एक हिस्सा शांति निर्माण के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए। शांति मंत्रालय का कार्य केवल युद्ध रोकना नहीं, बल्कि शांति शिक्षा, संवाद, मध्यस्थता, सामुदायिक मेल-मिलाप, अहिंसक प्रतिरोध, संघर्ष-निवारण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना होगा।

दरअसल, शांति को संस्थागत रूप देने का विचार नया नहीं है। महात्मा गांधी का मानना था कि हिंसा अंततः प्रतिहिंसा को जन्म देती है। स्वतंत्रता आंदोलन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहाँ करोड़ों लोगों ने बिना हथियार एक साम्राज्य को चुनौती दी। गांधी का स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं था, वह ऐसे समाज की परिकल्पना थी जहाँ संघर्षों का समाधान संवाद और नैतिक शक्ति से हो।

गांधी की इसी परंपरा को विनोबा भावे, दादा धर्माधिकारी, जयप्रकाश नारायण और नारायण देसाई जैसे अनेक विचारकों ने आगे बढ़ाया और समाज में संवाद, रचनात्मक कार्यक्रमों और अहिंसक संघर्षों को लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति माना। इन सभी का विश्वास था कि स्थायी सुरक्षा हथियारों से नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण समाज, लोकतांत्रिक भागीदारी और अहिंसक संस्ंति से आती है। इस दृष्टि से 'शांति मंत्रालय' का प्रस्ताव गांधीवादी चिंतन का समकालीन संस्थागत विस्तार प्रतीत होता है।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन और दार्शनिक बर्टेंड रसेल ने भी मानवता को यही चेतावनी दी थी। 1955 के प्रसिद्ध 'रसेल आइंस्टीन घोषणापत्र' में उन्होंने विश्व नेताओं से आग्रह किया था कि वे युद्ध की बजाय मानव अस्तित्व को प्राथमिकता दें। घोषणापत्र का सबसे प्रसिद्ध वाक्य आज भी प्रासंगिक है 'अपनी मनुष्यता को याद रखिए और बाकी सब भूल जाइए।' यही विचार आगे चलकर परमाणु निरस्त्रीकरण और वैश्विक शांति आंदोलनों की प्रेरणा बना।

'यूएन' की स्थापना इसी विश्वास के साथ हुई थी कि आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से बचाया जाए। 'यूएन चार्टर' की प्रस्तावना में इसका स्पष्ट उल्लेख है। शांति स्थापना अभियानों, संघर्ष-निवारण, मध्यस्थता और 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' जैसी पहलों के माध्यम से 'यूएन' लगातार प्रयास करता रहा है। हालांकि महाशक्तियों के राजनीतिक हित और 'वीटो व्यवस्था' अक्सर इन प्रयासों को सीमित कर देते हैं।

भारत के लिए यह विमर्श विशेष महत्व का है। 'अहिंसा परमो धर्मः,' 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और गांधी का सत्याग्रह केवल आदर्श नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति के वैकल्पिक मूल्य भी हैं। भारत अपनी सुरक्षा जरूरतों से समझौता किए बिना भी शांति शिक्षा, संघर्ष-समाधान, मानवीय कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के क्षेत्रों में नई पहल कर सकता है। यदि भारत 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश विश्व समुदाय को दे सकता है, तो शांति को सार्वजनिक नीति का विषय बनाने की बहस का नेतृत्व भी कर सकता है।

केवल एक नया मंत्रालय बना देने से युद्ध समाप्त नहीं होंगे। युद्धों के पीछे भू-राजनीतिक हित, संसाधनों की प्रतिस्पर्धा और वैचारिक टकराव जैसे अनेक कारण होते हैं। फिर भी संस्थाएँ समाज की प्राथमिकताओं का प्रतीक होती हैं। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण के लिए अलग मंत्रालय बनने के बाद पर्यावरण नीति को नई पहचान मिली और आपदा प्रबंधन के लिए अलग संस्थागत व्यवस्था विकसित हुई, उसी प्रकार शांति के लिए समर्पित संस्थान भी यह संदेश देंगे कि राष्ट्र केवल युद्ध जीतने की नहीं, बल्कि शांति स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। यदि मानवता ने युद्ध के लिए मंत्रालय बनाए हैं, तो क्या अब समय नहीं आ गया कि वह शांति के लिए भी एक मंत्रालय बनाने का साहस दिखाए।

**(कुमार सिद्धार्थ स्वतंत्र पत्रकार एवं सामाजिक कार्यों से संबद्ध हैं)**
***(ये लेखक के निजी विचार हैं।)***

## भागलपुर के नानार गांगुली बाड़ी में शरतचंद चट्टोपाध्याय की जयंती पर उनकी कालजयी रचनाओं को किया गया नमन



नानार गांगुली बाड़ी में शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय की जयंती पर जुटे लोग।

**भागलपुर (दैनिक नवसंदेश)।** मानिक सरकार घाट पथ अवस्थित नानार गांगुली बाड़ी में बंगला के अमर कथाशिल्पी शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय की जयंती बिहार बंगाली समिति बरारी शाखा, भाषा-दृष्टि मिलन मेला और शरतचंद द्वार निर्माण समिति के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई।

साहित्य, संस्कृति के युगद्रष्टा साहित्यकार शरतचंद की अमर विरासत को संजोती इस अविस्मरणीय उत्सव की भागलपुर जिला कला संस्कृति पदाधिकारी अंकित रंजन, पूर्व उपाध्यक्ष बिहार बाल श्रमिक विकास आयोग राजीव कांत मिश्र, शब्दयात्रा गोपाल सिंह नेपाली जन-अभियान प्रणेता पारस कुंज, रंगग्राम संस्कृति मंच निदेशक कपिल देव रंग, दीपक कुमार, कृष्णा कल्याण कलाकेन्द्र निर्देशिका श्वेता सुमन, पूर्व पार्षद देवाशीष बनर्जी एवं उद्यमी गोविंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की।

अंकित रंजन ने कहा शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के जन्मदिवस के अवसर पर भागलपुर स्थित उनके ननिहाल में उपस्थित होना मेरे लिए अत्यंत गौरव की बात है।

राजीव कांत मिश्र ने उनके प्रारंभिक जीवन को उतार-चढ़ाव भरा बताते कहा- पैतृक स्थान को छोड़ अपने नानार बाड़ी भागलपुर में आकर उन्हें रहना पड़ा। यही उन्होंने अपने साहित्यिक जीवन की नींव रखी।

पारस कुंज ने बताया भागलपुर का शरत बाबू से आत्मीय संबंध रहा है। देवदास, श्रीकांत, परिणीता जैसी अमर कृतियों के सृजन-काल में उनकी स्मृतियाँ भागलपुर की गलियों से जुड़ी हैं।

प्रेमचंद शरतचंद स्मृति समिति सचिव तरूण कुमार घोष ने आमंत्रित साहित्यकार रंगकर्मियों का स्वागत किया तो आयोजक भाषा दृष्टि मिलन मेला के तापस कुमार घोष ने अपने संचालन में विषय प्रवेश किया।

कार्यक्रम का महत्वपूर्ण पहलू रहा कथाशिल्पी शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के ममेरे भाई के पुत्र उज्जवल गांगुली एवं शांतनु गांगुली द्वारा शरतचंद्र के पारिवारिक जीवन, उनसे जुड़ी स्मृतियाँ तथा पारिवारिक परिवेश की अनेक बातें सुनाकर उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया जाना। उनके परिवारिक सदस्य श्रीमती अर्पणा गांगुली, समुज्ज्वल गांगुली, स्वर्णालि गांगुली, माला गांगुली आदि की उपस्थिति में साहित्यप्रेमियों और शुभचिंतकों ने मिलकर उस भावपूर्ण संस्मरण को आत्मीयता के साथ सुना और उन अनमोल स्मृतियों के साक्षी बने।

## वसुधैव कुटुम्बकम्- नृत्य नाटिका एवं राग देश की विशेष प्रस्तुति

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना के हनुमान नगर स्थित सांस्कृतिक संस्था संगीत शिक्षायतन के तत्वावधान में रविवार रंगवेदिका, खेमनीचक में एक विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर नृत्य नाटिका - वसुधैव कुटुम्बकम्- भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र सारा विश्व एक परिवार है की भावना पर आधारित इस नृत्य नाटिका में कथक एवं समकालीन नृत्य शैलियों के माध्यम से विश्व-बंधुत्व का संदेश दिया गया। नाटिका का मंचन से कलाकारों ने समता और सौहार्द्य भाव को जागृत किया।इस नृत्य नाटिका में



तान्या शर्मा, पीयूषी मिश्रा, आराध्या श्रीवास्तव, आकृति अवस्थी, ऋषिता कुमारी, अवनी कुमारी, रवि मिश्रा, सनी कुमार, सिद्धि सिंह, जैसमिन जस्सी, सूचित कुमारी ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रकाश राजीव घोष तथा साउंड ऋषि राज का था। संगीत संध्या के दूसरे सत्र में भारतीय शास्त्रीय संगीत के अंतर्गत देश-भक्ति और करुणा रस से परिपूर्ण राग देश की विशेष प्रस्तुति हुई। सुगम संगीत धरती से ऊँचा पर्वत है,पर्वत से आसमान रे, सबसे ऊँचा देश हमारा, प्यारा हिंदुस्तान रे..गीत की मधुर प्रस्तुति हुई। गायन में कलाकार मानस मिश्रा, शौर्य सागर, समृद्धि संस्कृति, स्वस्तिका संस्कृति, अनुपम प्रिया, प्रियांशु पाण्डेय, प्रनिका वर्मा ने गुरु श्री सागर गुप्ता जी के नेतृत्व में प्रस्तुति दी। साथ में तबले संगत पर प्रवीर कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में संगीत शिक्षायतन की मुख्य ट्रस्टी कथक नृत्यांगना गुरु यामिनी, संरक्षक डा किशोर सिन्हा, विशिष्ट अतिथि मो. नसीम अख्तर, रवि किशन, शिवा, अवधेश झा तथा संस्कार भारती पटना से मंत्री डा. शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, सहित शहर के कई गणमान्य साहित्यकार, संगीत प्रेमी एवं कला समीक्षक उपस्थित थे।

## इतिहास और सामाजिक संरचना की नई पड़ताल पर आधारित मिथिलेश के. सिंह की पुस्तक 'शूद्रों का सच' का लोकार्पण



बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने रविवार को लेखक मिथिलेश कुमार सिंह की शोधपरक पुस्तक 'शूद्रों का सच' का लोकार्पण किया गया।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने रविवार को लेखक मिथिलेश कुमार सिंह की शोधपरक पुस्तक 'शूद्रों का सच' का लोकार्पण किया गया।

इस पुस्तक में शूद्रों के इतिहास, वर्ण एवं जाति व्यवस्था, सामाजिक संरचना तथा प्राचीन भारतीय समाज से जुड़ी प्रचलित धारणाओं की ऐतिहासिक स्रोतों और प्रमाणों के आधार पर पड़ताल की गई है।

कार्यक्रम के दौरान बिहार विधान परिषद के सभापति श्री सिंह के साथ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ,परिषद के उपनेता प्रो. (डा.) राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसनिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के क्षेत्र कार्यवाह मोहन सिंह और पूर्व कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

इस दौरान विषय प्रवेश धर्म जागरण समन्वय, उत्तर-पूर्व के क्षेत्र प्रमुख सूबेदार जी ने कराया।

बिहार विधानपरिषद के सभापति श्री सिंह अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भारत का इतिहास व्यापक और विविधतापूर्ण है तथा लंबे समय से चली आ रही धारणाओं की तथ्यात्मक समीक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शूद्रों के इतिहास जैसे जटिल विषय को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में सामने लाने में लेखक की अध्ययनशीलता और शोध प्रवृत्ति दिखाई देती है।

श्री मकवाना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'शूद्रों का सच' शूद्रों के इतिहास को नए दृष्टिकोण से समझने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि इतिहास पर विमर्श समाज में संवाद, सम्मान और सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला होना चाहिए।

आरएसएस के कार्यवाह मोहन सिंह ने कहा कि पुस्तक में इतिहास के विभिन्न पक्षों पर प्रमाण और शोध के आधार पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के इतिहास और योगदान को समझना तथा ऐतिहासिक विषयों पर संवाद के माध्यम से परस्पर सम्मान और समझ बढ़ाना आवश्यक है।

प्रो. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पुस्तक भारतीय सामाजिक इतिहास को मूल ग्रंथों, ऐतिहासिक स्रोतों और उपलब्ध साक्ष्यों के समग्र परीक्षण के आधार पर समझने की आवश्यकता पर बल देती है। श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह कृति भारतीय इतिहास-बोध को नए प्रश्नों और प्रमाणों के आधार पर समझने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

लेखक मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि पुस्तक लंबी और गहन शोध यात्रा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शूद्रों की स्थिति को लेकर प्रचलित कथाओं की ऐतिहासिक पड़ताल करते हुए उनका उद्देश्य इतिहास को सामाजिक न्याय और समानता की दृष्टि से समझने का अवसर उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम के आयोजक मुकुंद राव शोध संस्थान के उप निदेशक डा. आशुतोष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि मंच संचालन डा. रिंकी कुमारी ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, महामंत्री नितिन अभिषेक सहित इतिहास, साहित्य और सामाजिक अध्ययन से जुड़े अनेक लोग उपस्थित थे।

## उम्र के साथ घटने की जगह बढ़ती ही जाती हैं लालसाएँ और आसक्तियाँ

### कल्याणी कुसुम सिंह के लघुकथा-संग्रह घटती जिंदगी : बढ़ती लालसाएँ पर हुई समीक्षा गोष्ठी और लघुकथा-पाठ

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय दर्शन कहता है कि मनुष्य को धीरे-धीरे अपनी लालसाओं, आकांक्षाओं और आसक्तियों को कम करते जाना चाहिए। जब संसार से विदा होने का समय आए तो, परमात्मा से मिलन के अतिरिक्त कोई कामना शेष न रहे। किंतु संसार की माया हमें आसक्ति छोड़ने नहीं देती। उम्र के साथ घटने की जगह यह और बढ़ती ही जाती है।

यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, विदुषी लेखिका डा कल्याणी कुसुम सिंह के लघुकथा-संग्रह घटती जिंदगी : बढ़ती लालसाएँ पर आयोजित समीक्षा-सह-लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, कल्याणी जी विचार-संपदा और भाव-संपदा से अत्यंत समृद्ध और मनोवैज्ञानिक-दृष्टि रखनेवाली एक अत्यंत संवेदनशील कथाकार और कवयित्री हैं। इनकी लघुकथाएँ, देखन में छोटन लगै, घाव करै गम्भीर की तरह अत्यंत प्रभावकारी होती हैं।



बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, विदुषी लेखिका डा कल्याणी कुसुम सिंह के लघुकथा-संग्रह घटती जिंदगी : बढ़ती लालसाएँ पर आयोजित समीक्षा-सह-लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ।

संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और लेखक न्यायमूर्त्ति मान्धाता सिंह ने कहा कि कल्याणी जी की लघकथाएँ पाठकों के मन को झकझोरती है। जो रचनाएँ मन तक पहुँचती हैं, वही सफल मानी जाती है।

मुख्य अतिथि और बिहार के विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि जीवन बहु-आयामी है। उसी प्रकार जीवन से जुड़ी कथाओं के भी आयाम अनेकों होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम हिन्दी को बढ़ावा देनी चाहते हैं तो साहित्य सम्मेलन को चाहिए को वह सरकार से आग्रह करे कि संचिकाओं में टिप्पणियाँ हिन्दी में लिखी जाए। विश्व-साहित्य का हिन्दी में अनुवाद होना भी इसके उन्नयन में सहायक हो सकता है।

आरम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के साहित्य मंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि कल्याणी जी की लेखनी नारी-जगत को समर्पित रही है। इनकी अधिकांश लघुकथाएँ मानक पर खरी उतरती हैं। अनेक लघुकथाएँ कथाओं का स्वाद भी देती हैं। इन्हें डा सतीश राज पुष्करणा से प्रेरणा प्राप्त हुई। इसलिए स्वाभाविक रूप से इन्होंने पुष्करणा जी की लघुकथाओं पर सारगर्भित समीक्षात्मक पुस्तक लिखी है। डा शंकर प्रसाद, डा रत्नेश्वर सिंह, डा सुमेधा पाठक, बच्चा ठाकुर, डा पुष्पा जमुआर तथा डा पूनम आनन्द ने भी पुस्तक पर अपने विचार प्रकट किए।

इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में चित्तरंजन भारती ने नवीनता, सरिता कुमारी ने मदद, शमा कौसर शमा, सदानंद प्रसाद ने फर्ज़ , ईं अशोक कुमार ने चोट, डा मनोज गोवर्धनपुरी ने हाल-चाल, इन्दुभूषण सहाय ने अधूरी, सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने मिट्टी की गंध, रंजना सिंह ने मदद, डा शंकर प्रसाद ने सबक, डा सुमेधा पाठक ने आश्चर्य, डा पूनम आनन्द ने साहस तथा डा पुष्पा जमुआर ने छँटता गया से शीर्षक से अपनी लघकथाओं के पाठ किए। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कृष्णरंजन सिंह ने किया।

इस अवसर पर, सम्मेलन के भवन-अभिरक्षक प्रवीर कुमार पंकज, डा शालिनी पाण्डेय, सदानन्द प्रसाद, शंभुनाथ पाण्डेय, डा एम एच खान, डा विनय कुमार सिन्हा, कुमारी क्रांति, भारती सिंह, अनुराधा सिंह, श्याम मनोहर मिश्र, डा कुन्दन लोहानी आदि सुधीजन उपस्थित थे।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### पीपराकोठी थाने में चाइल्ड हेल्प डेस्क का उद्घाटन

**पीपराकोठी।** स्थानीय थाना परिसरमें रविवार को चाइल्ड हेल्प डेस्क का उद्घाटन थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के जल्दी समाधान के लिए यह डेस्क एक अहम कदम है। एसआई पूजा कुमारी को डेस्क का प्रभारी बनाया गया है। चाइल्ड हेल्प डेस्क के जरिए किसी भी बच्चे को परेशानी होने पर उसकी बात सुनी जाएगी। जरूरत के हिसाब से पुलिस मदद, मार्गदर्शन और सलाह दी जाएगी। बच्चों के साथ ध्यान से बात की जाएगी और उनकी शिकायतों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। उद्घाटन के मौके पर बच्चों को कपी, पेंसिल समेत दूसरी स्टेशनरी का सामान बांटा गया। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को पढ़ाई के लिए बढ़ावा दिया और उनकी सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। थाना परिसर में लगाए गए जागरूकता बोर्ड पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 (24ञ्7) की जानकारी दी गई है। इसके जरिए जरूरतमंद बच्चों को मदद और जरूरी सेवाएं मिलेंगी। डेस्क का मकसद बच्चों को सुरक्षित माहौल देने के साथ-साथ बाल अपराध, उत्पीड़न, गुमशुी या किसी और परेशानी में तुरंत मदद उपलब्ध कराना हैस

उद्घाटन के 20 दिन बाद ही धंसा 13 करोड़ के पुल का एप्रोच पथ

### मजुरहा-हरदिया पुल की सड़क में 20 फीट लंबी दरार

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर नवनिर्मित मजुरहा-हरदिया पुल के एप्रोच पथ में उद्घाटन के महज 20 दिन बाद दरारें पड़ने और सड़क का एक हिस्सा धंसने का मामला सामने आया है। इससे पुल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, करीब 13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 72 मीटर लंबे और 7.5 मीटर चौड़े आरसीसी पुल का उद्घाटन एक सितंबर को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया था। पुल के चालू होने से करीब 10 प्रखंडों के लोगों को जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क मिला था। इससे आवागमन में लगने वाला समय भी कम हुआ था।स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल के एप्रोच पथ में करीब 20 फीट लंबी दरारें पड़ गई हैं। सड़क का एक हिस्सा नीचे की ओर धंस गया है। इससे आवागमन की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### विशेष छापेमारी अभियान में छह शराबी व दो वारंटी गिरफ्तार

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** थाना पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर शराब के नशे में छह लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं, वारंट के मामले में दो अभियुक्तों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष छापामारी अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से छह शराबियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में बनकट निवासी बलि राम, सटहा कचहरी टोला निवासी शिव शंकर राउत, बनकट निवासी जीतन कुमार, इंग्लिश निवासी तवारक अंसारी एवं इराजुल अंसारी तथा सटहा कचहरी टोला निवासी सुखल राउत शामिल हैं।वहीं, वारंटी अभियुक्तों में सरैया वृत्ति टोला निवासी चंदन सिंह एवं मुन्ना सिंह को गिरफ्तार किया गया है। दोनों नागेंद्र सिंह के पुत्र बताए गए हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को विधिवत कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेजा जा रहा है।

### पहाड़पुर थाना में चौकीदारों ने संभाली सफाई की जिम्मेदारी

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** पहाड़पुर थानांतर्गत थाना परिसर में चौकीदारों के द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान चौकीदार थाना परिसर की साफ-सफाई कर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने में जुटे हैं।इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि थाना परिसर की नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है चौकीदारों को परिसर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी दी गई है।

# शिवम सिंह मिस्टर फ्रेशर और दृष्टि मिस फ्रेशर

## नवोन्मेष-2026 में मीडिया विभाग के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**मोतिहारी(एनएसबी)।**महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के सीनियर विद्यार्थियों की ओर से आयोजित 'नवोन्मेष-2026' कार्यक्रम प्रतिभा, रचनात्मकता और उत्साह से भरपूर रहा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार मिश्र और उपमुख्यमंत्री के पूर्व प्रेस सलाहकार राकेश प्रवीर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एवं बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रो अरुण कुमार भगत ने की। स्वागत उोधन वरिष्ठ प्राध्यापक ड़ अंजनी कुमार झा ने किया। सांस्तिक प्रस्तुतियों के बाद प्रदर्शन के आधार पर यूजी-पीजी एकीत पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर के छात्र शिवम सिंह को मिस्टर फ्रेशर और छात्रा ष्टि को मिस फ्रेशर चुना गया। निर्णायक मंडल में ड़ युगल किशोर दाधीच, ड़ अभय विक्रम सिंह एवं ड़ रश्मि श्रीवास्तव शामिल रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, एकल नृत्य, संगीत, भाषण, कविता, नाटक और मोनोएक्ट के जरिए प्रतिभा दिखाई। बीजेएमसी सातवें सेमेस्टर की छात्रा आर्या ने बिहार के लोकनृत्य कजरी की प्रस्तुति दी। मुस्कान ने गणेश वंदना एवं 'ताल से ताल मिला' पर नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। एंजेल, श्वेता प्रिया, जिया और ष्टि ने सोलो व मैशअप प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। श्रेया, अर्पिता, आरुषि और प्रिया की प्रस्तुति भी सराही गई। छात्र कमलेश ने स्वरचित 'मुनिया' गीत के माध्यम से बेटियों की शिक्षा का संदेश दिया। बीजेएमसी पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। भाषण और एक्सटेम्पोर में विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों, पत्रकारिता और युवाओं से जुड़े विषयों पर विचार रखे। पीएचडी शोधार्थी आकाश कुमार के राधा-ष्ण केंद्रित मोनोएक्ट और नवप्रवेशित विद्यार्थियों के नाटक को भी सराहना मिली।

समापन पर विभागाध्यक्ष प्रो अरुण कुमार भगत, ड़ अंजनी कुमार झा, कार्यक्रम संयोजक ड़ साकेत रमण, ड़ सुनील दीपक घोड़के, ड़ उमा यादव, ड़ मयंक भारद्वाज एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मेमेंटो देकर सम्मानित किया। मंच संचालन रविशंकर मिश्रा, अपूर्वा त्रिवेदी, नीतीश कुमार, आर्या, नेहाल, मुस्कान, प्राची और शुभम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ड़ मयंक भारद्वाज ने किया।

## डूसू चुनाव में एबीवीपी की जीत पर मोतिहारी में जश्न

### स्वामी विवेकानंद पार्क में कार्यकर्ताओं ने मनाया विजय उत्सव

**मोतिहारी (एनएसबी)।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की जीत के बाद रविवार को मोतिहारी में परिषद के कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया। राजा बाजार स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।इस अवसर पर मोतिहारी के उपमहापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद ने कहा कि देश के छात्र और युवा राष्ट्रहित के मुद्दों के प्रति जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रहित के मुद्दों को लेकर लगातार सक्रिय रही है।नगर अध्यक्ष प्रभात शक्ति, राज्य विश्वविद्यालय सह संयोजक राम सिंह एवं विभाग संयोजक आयुष किशन ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों की समस्याओं और उनके हितों को लेकर लगातार संघर्ष करती रही है। डूसू चुनाव के परिणाम को उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया।कार्यक्रम में राम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, ऋषभ झा, संजय चौधरी, सियावर सिंह, आयुष किशन, आदित्य राज, कुंदन कुमार, संजीत गिरी, अभिषेक आर्यन, अभिनंदन कुमार, मंगल सिंह चंदेल, उज्ज्वल पराशर, ऋतुराज, गोलू समेत बड़ी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ता मौजूद थे।


जश्न मानाते लोग।

## आरटीआई और मौलिक कर्तव्यों के प्रति किया जागरूक

### डीएलएसए ने बिरता टोला में आयोजित किया विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण की ओर से रविवार को एनपीएस, बिरता टोला, वार्ड संख्या 29, रघुनाथपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 और नागरिकों के मौलिक कर्तव्य रहा।पैनल अधिवक्ता पूनम कुमारी वर्मा एवं उज्जवल कुमार ने लोगों को सरल भाषा में कानूनी अधिकारों, संवैधानिक कर्तव्यों और जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरटीआई के माध्यम से नागरिक सरकारी अभिलेखों और सूचनाओं तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं, निर्माण कार्य, स्वीत राशि, भुगतान विवरण अथवा लंबित आवेदनों से संबंधित उपलब्ध जानकारी संबंधित लोक सूचना पदाधिकारी से मांगी जा सकती है। सामान्य मामलों में सूचना देने की समय-सीमा 30 दिन और जीवन एवं स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में 48 घंटे है। कार्यक्रम में मौलिक अधिकारों के साथ संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों की भी जानकारी दी गई। संविधान, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान, देश की एकता-अखंडता, सामाजिक सद्भाव, महिलाओं की गरिमा, पर्यावरण एवं सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा तथा वैज्ञानिक ष्टिकोण विकसित करने जैसे कर्तव्यों पर चर्चा हुई। अधिवक्ताओं ने बताया कि छह से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है। साथ ही अभिभावकों के संवैधानिक कर्तव्य के रूप में बच्चों को शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को डीएलएसए के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध निःशुल्क विधिक सलाह, अधिवक्ता की सहायता और लोक अदालत सहित विभिन्न विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। जरूरतमंद लोगों को कानूनी सहायता के लिए डीएलएसए से संपर्क करने तथा नालसा की टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100 की जानकारी भी दी गई।

## जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने डॉ. श्रीकांत कुमार

### नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने किया सम्मानित

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जनता दल (यूनाइटेड) चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ, बिहार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्षों की नई सूची जारी की है। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ड़ एलबी सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार ड़ श्रीकांत कुमार को पूर्वी चंपारण जिला चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ड़ श्रीकांत कुमार ने मनोनयन के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री सह पूर्वी चंपारण के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ड़ एलबी सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि एक साधारण एवं निष्ठावान कार्यकर्ता को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना उनके लिए सम्मान की बात है। वे संगठन को मजबूत करने तथा सरकार की स्वास्थ्य संबंधी नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।नई जिम्मेदारी की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखा गया। समर्थकों ने ड़ श्रीकांत कुमार को अंगवस्त्र एवं शल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए बधाई दी।इस मौके पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, अजय पटेल, कुणाल पटेल, बबन कुशवाहा, प्रो दिनेश चंद्र प्रसाद, प्रकाश चौधरी, विनोद पटेल, ड़ प्रशांत कुमार, पत्रकार प्रमोद कुमार, ड़ रौशन कुमार, ड़ चंदन कुमार, ड़ मनीष कुमार, ड़ राजू कुमार, ड़ दीपक कुमार, ड़ राकेश कुमार, ड़ राहुल कुमार, ड़ मुकेश कुमार, ड़ पंकज चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


सम्मानित करते समर्थक।

## गुप्त सूचना पर पताही गैस गोदाम के समीप से अपहृत दो लड़की बरामद

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पताही थाना क्षेत्र के एक गांव से विगत दिनों अपहृत हुई दो लड़कियों को पताही पुलिस ने बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों लड़कियों को पताही गैस गोदाम के समीप से बरामद कर लिया है। जानकारी देते हुए पताही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव से दो लड़कियों के अपहृत होने को लेकर उनके परिजनों द्वारा थाने में आवेदन दिया गया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस लगातार दोनों की बरामी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी।इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दोनों लड़कियां पताही गैस गोदाम के समीप मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों लड़कियों को बरामद करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# महानगर अध्यक्ष राहुल शर्मा का अभिनंदन समारोह आयोजित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मोतिहारी जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले मोतिहारी महानगर के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल शर्मा जी का अभिनंदन सह स्वागत कार्यक्रम जिलाध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश दयाल की अध्यक्षता में किया गयास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोतिहारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राशिद चौधरी ने कहा कि मोतिहारी महानगर के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल शर्मा के नेतृत्व में 46 वार्ड लगभग 20 मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति होनी है।पूर्वी चम्पारण जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला ने कहा कि मोतिहारी महानगर अध्यक्ष राहुल शर्मा सरल एवं संघर्षशील व्यक्ति हैं जिन्हें मोतिहारी महानगर पर मजबूत पकड़ हैं। प्रदेश डेलिगेट मुमताज अहमद ने महानगर अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सबसे ज्यादा महानगर में हमें मजबूत होने की आवश्यकता है मुझे विश्वास है कि इनके नेतृत्व में मोतिहारी महानगर सशक्त होगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अनवर आलम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब बूथ स्तर पर मजबूत होगी।पूर्वी चम्पारण युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिट्टू यादव ने कहा कि छात्र संगठन एनएसयूआई युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस छ महीने के अंदर में वार्ड स्तर पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी मजबूत होगीस छात्र संगठन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कुमार आशीष ने कहा कि मोतिहारी महानगर अध्यक्ष राहुल शर्मा के नेतृत्व में मोतिहारी महानगर बेहद मजबूत होगी की आने वाली वक्त में जो मजबूत दिखेगा वही जनता का नेता बनेगास नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राहुल शर्मा ने कहा कि बूथ कमिटी से लेकर वार्ड स्तर एवं मंडल स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा मोतिहारी महानगर के ज्वलंत समस्याओं को लेकर सड़को पर संघर्ष करेगी।उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी विजयकांत त्रिपाठी, महिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव बच्ची पांडे,मुन्नी सहनी, देशबंधु तिवारी, युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रीतम अग्रवाल, रक्सौल प्रखंड अध्यक्ष बिकेश चन्द्रवंशी,पिपराकोठी प्रखंड कांग्रेस नेता खुर्शीद आलम, मोतिहारी मिडिया सेल प्रभारी दिलनवाज राशिद,युवा नेता सुगौली सद्दाम हुसैन,गुंजन मिश्रा, मोतिहारी प्रखंड कांग्रेस नेता हरेंद्र राम, विजय यादव,चितरंजन पांडे, आनंद ठाकुर, बलुआ व्यवसाई संघ राजीव विजडम, शेखर श्रीवास्तव, प्रभाकर कुमार,सुनिल श्रीवास्तव,मेहुल लाल,अभय तिवारी, देवेन्द्र तिवारी, धनंजय मिश्रा,अजय राज, विजय पासवान, प्रमोद कुमार बैठा, राजाबाबू कुमार, मनीषा देवी, दिलीप कुमार कुशवाहा, सुजीत सिंह,संजय सत्यार्थी, टुनटुन ठाकुर, अभिषेक कुमार,सितेश ठाकुर, अखिलेश कुमार, अशोक दुबे,उदय दुबे, दयाशंकर प्रेमराय,अंशुमान शर्मा,विभाष शर्मा, सरफराज आलम, परवेज आलम, सहित अनेकों कांग्रेसी उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान और स्मारक निर्माण की मांग

#### संगीत कुमार बने मेहसी संगठन के अध्यक्ष, शहीद रामावतार साह का शहादत दिवस मनाने की घोषणा

**मेहसी(एसएनबी)।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संगठन एवं अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन, पूर्वी चम्पारण के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मेहसी स्थित सत्याश्रम में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को संरक्षित करने, स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके उत्तराधिकारियों के सम्मान तथा संगठन को मजबूत बनाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीकिशोर पाण्डेय ने घोषणा की कि अगले वर्ष शहीद रामावतार साह के शहादत दिवस को व्यापक रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के करो या मरो के आह्वान ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई उर्जा दी और चम्पारण की धरती भी इस आंदोलन की महत्वपूर्ण कर्मभूमि बनी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों को अपेक्षित सम्मान नहीं मिल रहा हैस बैठक में अमिता निधि, रंजीत पाण्डेय, संगीत कुमार, विमल कुमार त्रिपाठी एवं रामेश् प्रसाद सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े स्थानीय इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को दस्तावेज के रूप में सुरक्षित करने तथा युवाओं को इससे जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। सत्यदेव राय आर्य ने महान स्वतंत्रता सेनानी सत्यनारायण राय आर्य के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े संघर्ष और योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों की गाथा को सामने लाने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। बैठक में मेहसी क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी वीरेश्वर आजाद सहित अन्य सेनानियों के योगदान को भी याद किया गया।सर्वसम्मति से स्वतंत्रता सेनानी वीरेश्वर आजाद के पुत्र संगीत कुमार को मेहसी संगठन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद संगीत कुमार ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास, उनके संघर्ष और योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर शहीद रामावतार साह के पुत्र मोहन साह सहित सत्यदेव राय आर्य, रामेश प्रसाद एवं संगीत कुमार को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को संरक्षित करने, उनके परिवारों के सम्मान एवं अधिकारों के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने तथा मेहसी में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण की दिशा में पहल करने का संकल्प लिया।बैठक में यशराज, मिथिलेश कुमार सिन्हा, राजेश अस्थाना, किशोरी साह, मेघराज सहनी सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी मौजूद थे।


बैठक में भाग लेते लोग।

### छतौनी थाना में शुरू हुआ चाइल्ड हेल्प डेस्क

**मोतिहारी(एनएसबी)।** छतौनी थाना परिसर में रविवार को चाइल्ड हेल्प डेस्कध्चाइल्ड कर्नर की शुरुआत की गई। बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित सहायता, संरक्षण और संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हेल्प डेस्क को सक्रिय किया गया हैस चाइल्ड हेल्प डेस्क के माध्यम से बच्चों से जुड़े मामलों में पुलिस की ओर से आवश्यक सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। थानों को बच्चों के अनुकूल बनाने के लिए चाइल्ड फ्रेंडली पुलिसिंग की दिशा में यह पहल की जा रही हैस बताया गया कि जिले के सभी थानों में चाइल्ड हेल्प डेस्कध्चाइल्ड कर्नर की शुरुआत की जाएगी। इसके साथ ही बच्चों से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई और संवेदनशीलता सुनिश्चित करने के लिए सभी थानों में सीडब्ल्यूपीओ (बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी) की नियुक्ति की जा रही हैस इस पहल का उद्देश्य बच्चों के लिए पुलिस थाने में सुरक्षित और सहज वातावरण उपलब्ध कराना तथा जरूरत पड़ने पर उन्हें तत्काल सहायता और संरक्षण प्रदान करना है। मौके पर छतौनी थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, दारोगा जयंती तिवारी, अंकुल कुमार सहित मीडिया कर्मी शामिल थे।

### हरसिद्धि थाना में चाइल्ड हेल्प डेस्क का शुभारंभ

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** हरसिद्धि थाना परिसर में रविवार को चाइल्ड हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर पुलिस गंभीर है। बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़ित या परेशान करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। बाल संरक्षण को लेकर दारोगा शिखा कुमारी को बाल संरक्षण पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और उनके अभिभावकों को बाल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की समस्या होने पर इसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान को लेकर क्षेत्र में लोगों ने सराहना की है।

### अखिल भारतीय कांग्रेस सामाजिक संगठन की बिहार प्रदेश की समीक्षा बैठक आयोजित

**पटना।** अखिल भारतीय काँग्रेस सामाजिक संगठन के बिहार प्रदेश के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक का आयोजन वार्ड संख्या -48 के श्रंगकर्मी प्रवीण चन्द्रवंशी स्मृति भवनश सैदपुर पटना में आयोजित किया गया ,जिसमें प्रदेश भर से सैकड़ों काँग्रेसी विचार धारा के लोग की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घघाटन संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव चन्द्रभूषण प्रसाद चन्द्रवंशी , काँग्रेस के कुम्हरार विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी ध्उप विजेता वार्ड पार्षद डॉ0 इन्द्रदीप कुमार चन्द्रवंशी , प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ममता जयशवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मीना निषाद नें संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया । बैठक की अध्यक्षता रविन्द्र कुमार चन्द्रवंशी ने किया । इस बैठक में पूरे बिहार प्रदेश में जिला स्तर, प्रखण्ड स्तर, मण्डल स्तर से लेकर बूथ तक संगठन का विस्तार की समीक्षा की गई ।साथ ही केन्द्र सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया । इस अवसर पर देविता कुमारी गुप्ता, ई0 सुनील प्रसाद,राजकिशोर पासवान,विनय कुमार विद्पार्थी, दिलीप कुमार राम, संतोष कुशवाहा,लक्ष्मण रजक, सुरेश प्रसाद आदी गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में एक सौ तीस लोगों की हुई जांच

**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि आज के इस चिकित्सा शिविर में एक सौ तीस से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया शिविर में ड बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्तहेपेटाइटिस 'ठ' की जांच के लिए 24 मरीजों का खून लिया गया मौके पर शिविर में 91 मरीजों के आँखों की जांच श्री बालाजी नेत्रालय के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ ड शशि मोहनका द्वारा किया गया इनमे 28 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 19 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर ड रचना जैन ने 20 महिला मरीजों की जांच की। ड सुनील अग्रवाल ने 29 मरीजों की जांच की। ड सुभाष कुमार ने मधुमेह के 35 मरीजों को देखा। ड कन्हैया अग्रवाल ने 31 मरीज को होमियोपैथिक की दवा दी।

# रोशन सिंह धोनी सातवीं बार बने राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तकनीकी पदाधिकारी



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी 22 से 24 सितंबर 2026 तक पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित 37 में ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 के सफल आयजनार्थ सहरसा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव सह मध्य विद्यालय पटुआहा के शारीरिक शिक्षा शिक्षक रोशन सिंह धोनी को तकनीकी पदाधिकारी के रूप में जिम्मेवारी दी गई है। जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ सहरसा के उपाध्यक्ष सैयद समी अहमद ने बताया कि रोशन सिंह धोनी इससे पहले छह बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तकनीकी पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं यह काफी ही गर्व का विषय है कि सहरसा जिला एथलेटिक संघ के सचिव सह शारीरिक शिक्षक संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष रोशन सिंह धोनी को पुनः एक बार बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार एथलेटिक्स संघ में इस कार्य के लिए चुना है।

रोशन सिंह धोनी एथलेटिक्स, क्रिकेट, टेबल टेनिस के अच्छे जानकार है इन तीनों ही विद्या में इन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षक और तकनीकी पदाधिकारी के रूप में कई बार कार्य किया हैं। इस अवसर पर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष श्री रविंद्र कुमार सिंह उर्फ आर के सिंह ने कहा कि लगातार सहरसा में खेल का बेहतर माहौल बन रहा है जिसमें रोशन सिंह धोनी का एकल बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। यूं तो कई खेल संघ सहरसा लगातार संचालित हो रहे हैं लेकिन सहरसा में क्रिकेट ,एथलेटिक्स टेबल टेनिस ,बैडमिंटन और हॉकी का बहुत ही अच्छा प्रदर्शन बिहार स्तर पर रहता है। हम लोग बहुत गौरवान्वित हैं रोशन सिंह धोनी को पुनः राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तकनीकी पदाधिकारी के रूप में चयनित होने पर। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी सहरसा श्रीमती कुमारी तौसी ने भी रोशन सिंह धोनी को बधाई देते हुए कहा कि यह सहरसा के शारीरिक शिक्षकों के लिए सम्मान का विषय है। लगातार सहरसा के शारीरिक शिक्षक विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय फलक पर अपना पहचान बना रहे हैं। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, जिला साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डॉक्टर जयंत आशीष, जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष श्री विवेक विशाल, जिला तैराकी संघ अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष श्री सुनील कुमार झा, कोशी स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष अर्जुन चैधरी, क्रीड़ा भारती के प्रदेश मंत्री चंद्र शेखर अधिकारी, जिला रस्सा कसी संघ अध्यक्ष विप्लव रंजन, जिला फुटबाल संघ सचिव अशफाक आलम, जिला बैडमिंटन संघ सचिव रणवीर सिंह राजा, जिला साइकलिंग संघ सचिव दर्शन कुमार गुड्डू, जिला तैराकी संघ सचिव चंदन कुमार, जिला योग संघ सचिव अमन कुमार सिंह, जिला कबड्डी संघ सचिव आशीष रंजन सिंह, जिला ताइक्वांडो संघ सचिव कल्पतरु कृपा करण सिंह, जिला वूशु संघ सचिव मनीष साह जिला बॉलबैडमिंटन संघ के सचिव अंशु मिश्रा आदि ने रोशन सिंह धोनी को एथलेटिक्स के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तकनीकी पदाधिकारी के रूप में चयनित होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# अभिजीत हत्या कांड का मुख्य आरोपित 24 घंटे में गिरफ्तार



**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र के गौतम नगर वार्ड 15/17 स्थित एक बंद कमरे से 18 सितंबर 2026 को बरामद शव के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या कांड के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, विशेष अनुसंधान एवं छापेमारी दल ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना के करीब 24 घंटे के अंदर आरोपित को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक, 18 सितंबर को सदर थाना को गौतम नगर वार्ड 15/17 स्थित एक बंद कमरे में एक व्यक्ति का शव होने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष सदर थाना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मृतक की पहचान अभिजीत सिंह, पिता स्वर्गीय हर्षवर्धन सिंह, निवासी गौतम नगर वार्ड 15/17, थाना सदर, जिला सहरसा के रूप में हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर तथा एफएसएल टीम द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक के भाई अनंत कुमार के फर्दबयान के आधार पर सदर थाना कांड संख्या 1155/2026 दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कांड की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान एवं छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर लगातार कार्रवाई करते हुए हत्या कांड के मुख्य आरोपित को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अर्जुन कुमार सिंह, पिता स्वर्गीय मुन्ना सिंह, निवासी बरआरी, वार्ड 08, थाना लौकहा, जिला सुपौल के रूप में हुई है। पुलिस की इस कार्रवाई में पु.नि.-सह-थानाध्यक्ष अजय कुमार पासवान, सदर थाना तथा सदर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# निजी जमीन पर 25 लाख की लागत से नाला निर्माण कराए जाने के संबंध में डीएम को सौंपा ज्ञापन



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम अंतर्गत वार्ड 34 में वार्ड पार्षद और नगर आयुक्त के मिली भगत से व्यक्ति विशेष के लोगो को सुविधा के लिए सरकारी राशि करीब 25लाख रुपए का निजी जमीन में मैन रोड बटराहा मारूफगंज शिव मंदिर के बगल अनिल यादूका के कैम्पस में नाला निर्माण के संबंध में पूर्व उपसभापति रंजना सिंह ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

श्री मति सिंह नें कहा कि नगर निगम वार्ड नमर 34 मारूफगज पुरानी जेल से आगे मैंन रौड बटराहा जाने वाले सड़क शिव मंदिर के बगल में अनिल यादूका के कैम्पस गेट के अंदर करीब 25 लाख रुपए का नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि उक्त निजी जमीन अनिल यादूका का है जो बाहर से मेन गेट लगा हुआ है। उसके अंदर से करीब एक बीघा जमीन है,उसी के अंदर में नाला का निर्माण नगर निगम से किया जा रहा है। सरकारी राशि का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है।अगर वही राशि से पुरानी जेल के नजदीक सड़क पर दो फीट पानी लगा रहता है। उसी में 25 लाख से खर्चा कर देता तो आम लोगो को जलजमाव से निजात मिलती। उपसभापति ने इस मामले की अविलंब जांच करबा कर उक्त पदाधिकारी पर कानुनी कार्रवाई करना चाहेंगे और उक्त कार्य पर रोक लगाने की मांग की है ताकि सरकारी राशि का बचत हो सके।

# तीन वार्डों की बिजली एक ट्रांसफॉर्मर के भरोसे ग्रामीणों ने एसडीओ को सौंपा आवेदन



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** जमालनगर पंचायत के परसबन्नी गांव में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में परेशानी बनी हुई है। सहुरिया फीडर से जुड़े वार्ड संख्या 09, 10 और 11 के सैकड़ों उपभोक्ताओं को एक ही ट्रांसफॉर्मर से बिजली आपूर्ति की जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि अधिक लोड के कारण आए दिन लो-वोल्टेज और बिजली बाधित होने की समस्या बनी रहती है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अनुमंडल पदाधिकारी, सिमरी बख्तियारपुर को लिखित आवेदन देकर गांव में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, एक ही ट्रांसफॉर्मर से तीनों वार्डों के उपभोक्ताओं के साथ-साथ दो मोबाइल टावरों को भी बिजली दी जा रही है। इससे ट्रांसफॉर्मर पर अत्यधिक लोड पड़ रहा है और बार-बार तकनीकी खराबी की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ग्रामीण शत्रुघ्न कुमार, भीम कुमार, उपेंद्र यादव, रंधीर कुमार, अजित कुमार, संजय कुमार, रोशन यादव, अशोक यादव, मंटू यादव, राजा राम यादव, चंदन कुमार, टुनटुन कुमार, विवेक कुमार और भूपेंद्र कुमार समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज और छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। कई बार घंटों तक बिजली बाधित रहने से लोगों को परेशानी होती है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की है, ताकि तीनों वार्डों में बिजली आपूर्ति सुचारू हो सके। आवेदन पर दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी हैं।

## किन्नर पल्लवी ने ग्रहण की लोजपा की सदस्यता, जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोसी क्षेत्र की चर्चित समाजसेवी व किन्नर गुरु पल्लवी रविवार को अपने समर्थकों व सहयोगियों के साथ विधिवत लोक जनशक्ति पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही संगठन ने बतौर जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन कर जिम्मेवारी भी तय कर दी। लोजपा के जिलाध्यक्ष के आवास पर आयोजित विशेष बैठक में सदस्यता ग्रहण करवाया गया। लोजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संचालित बैठक में सदस्यता ग्रहण करते हुए किन्नर पल्लवी संगठन नेतृत्व व विचार पर अपनी आस्था जताते हुए कही कि संगठन की हरेक गतिविधियों में अपना बहुमूल्य समय देती रहूंगी और संगठन की मजबूती के लिए मेरा प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में एससी एसटी जिलाध्यक्ष दिलीप पासवान, संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष मणिकांत सिंह, व्यावसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेश गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष संदीप पासवान, पिछड़ा व अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रतन कुमार साह, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विनोद मुखिया, जिला उपाध्यक्ष कमलदेव शर्मा, जिला संगठन मंत्री अरुण कुमार साह, जिला महासचिव रौशन कुमार, जिला सचिव आनंदी शर्मा, आई टी सेल जिलाध्यक्ष गगन कुमार, संजुला देवी, संगीता देवी शामिल थे।

# मेरा युवा भारत, सहरसा द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' के अंतर्गत राष्ट्रीय संकल्प समारोह का आयोजन



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मेरा युवा भारत, सहरसा द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत 100 सप्ताह के नशा मुक्त युवा अभियान के क्रम में आज मेरा युवा भारत कार्यालय में राष्ट्रीय संकल्प समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा नशा मुक्त, स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर युवा शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं, मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों एवं युवा क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन तृप्ति जैन, जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर युवाओं एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया तथा अभियान के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों तथा विभिन्न युवा क्लबों के सदस्यों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन ह्लनशा मुक्त युवा और विकसित भारतह्व के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित युवाओं ने जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# शिव के विभिन्न स्वरूपों की पुजा अर्चना की परम्परा सदियों स्थापित रही हैं : भाई परमेश्वर




**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वावधान में महिषी थाना क्षेत्र के पस्तवार गांव स्थित धोष पासवान के आवास पर रविवार को भगवान शिव और उनकी शिष्यता का वर्तमान कालखंड में उद्भव बिषय पर बैठक आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित शिव के शिष्य भाई परमेश्वर ने कहा कि शिव के शिष्य अपने गुरु शिव के तरह जहर को अपने गले में रखकर दुसरों को अमृत बांटने की सलाह देते हैं।

उन्होंने कहा कि वे 19 अप्रैल 1992 को एक पोस्टर, जिस पर लिखा था कि शिव शिष्य होकर व्यक्ति के सारे लौकिक पारलौकिक मनोरथ पूर्ण होते हैं, हमने परीक्षा की है, आप भी शिष्य बनकर परीक्षा करें।उन्होने कहा कि वर्तमान कालखंड में बिहार के सीबान जिला में जन्में साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने सन 1974 में भगवान शिव को अश्रृद्धा, अविश्वास में गुरु माना। सन 1980 के दशक से लोगों को यह कहना प्रारंभ किया कि वह शिव जो घर घर के बाबा है,वही शिव आपके गुरु भी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिव का शिष्य होने के लिए किसी प्रकार के वर्जना नही है। उन्होंने साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी द्वारा प्रदत्त शिव शिष्यता के 3 सुत्र, गुरु के प्रति शिष्य भाव पैदा कर शिव शिष्य होने में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिव के विभिन्न स्वरूपों की पुजा अर्चना की परम्परा सदियों से भारत बर्ष में स्थापित रही हैं। शिव का औढरदानी स्वरुप जो भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं,ज्यादा आकर्षक लगता है।उन्होंने कहा कि भगवान शिव जो आदि गुरु,जगत गुरु के रुप में आदि काल से स्थापित है,ना जाने किन कारणों से भारत वर्ष में शिव के शिष्य होने की परम्परा नही रही। उन्होंने कहा कि शिव के शिष्य एवं शिष्याओं ने साहब श्री के बताए मार्ग पर चलते 3 सुत्र के माध्यम से बड़ी आसानी से शिव के गुरु स्वरुप को शिष्य भाव अर्पित करते अपने सांसारिक जीवन में आध्यात्मिक यात्रा और परेशानी से निजात पाने की अनुभूति प्राप्त किया हैं।उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भारत बर्ष में जबसे शिव शिष्यता की बात चली तब से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिली, छुआछुत खत्म हुआ और दुषित पार्यावरण को मजबुती प्रदान करने के लिए सबसे अधिक वृक्षारोपण शिव शिष्यों के द्वारा किया गया।उन्होंने कहा कि वह शिव जो जगत के गुरु हैं,उनका शिष्य बनने के लिए हर एक व्यक्ति स्वतंत्र है और शिव का शिष्य बनने के लिए कोई शर्त,कोई प्रतिबंध एवं किसी प्रकार की वर्जना नहीं है।मौके पर नवीन पासवान, कुलदीप पासवान,शुभंकर पासवान, बीरबल पासवान,उमेश पासवान आदि ने कहा कि शिव की शिष्यता के आहार, व्यवहार, आचरण को देखकर सेंकड़ों लोगों ने भगवान शिव की शिष्यता ग्रहण किया।

# पब्लिक स्कूल्स वेलफेयर सोसाइटी, कोसी रेंज द्वारा, प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पब्लिक स्कूल्स वेलफेयर सोसाइटी, कोसी रेंज, सहरसा के तत्वावधान में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा-2026 का आयोजन रविवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिला स्कूल सहरसा एवं पीएम श्री हाई स्कूल सहसौल में किया गया।

परीक्षा का आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने, उनकी शैक्षणिक क्षमता को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।परीक्षा केंद्र पर सुबह से ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति देखी गई। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोजक समिति एवं संबंधित शिक्षकों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएँ की गईं। जिला पदाधिकारी के द्वारा परीक्षा के सही संचालन हेतु तीन मजिस्ट्रेट प्रति नियुक्त किए गए स विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया।पब्लिक स्कूल्स वेलफेयर सोसाइटी, कोसी रेंज, सहरसा द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा के सफल आयोजन में अध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता, सचिव अरुण कुमार शाह, परीक्षा संयोजक-सुभाष कुमार सुमन, उपाध्यक्ष-राजकुमार रंजन, संयुक्त सचिव बम शंकर चैपाल, अंकेक्षक चंद्रशेखर ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य रौशन कुमार यादव, उमेश कुमार शाह, अरविंद कुमार गुप्ता, मुरारी कुमार गुप्ता, मिस्टर एवं प्रवक्ता प्रवीण कुमार सहित सभी सदस्य विद्यालयों के निर्देशकों, शिक्षकों एवं परीक्षा से जुड़े सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजक समिति ने परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें भविष्य की शैक्षणिक चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहायक होती हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवा सम्मेलन आयोजित

# देशभक्ति व राष्ट्रप्रेम इस देश की प्राचीन परंपरा रही है : सुमित




**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रविवार को डीबी रोड स्थित पूजा रिसोर्ट में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या मे नवमी कक्षा से स्नातक स्तर के छात्र छात्रा सम्मलित हुए। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक विष्णु कांत मिश्रा के संचालन में योग व्यायाम एवं विकसित भारत निर्माण के लिए युवाओं की टोली के बीच गहन चर्चा आयोजित की गई। वही नगर कार्यवाह श्रवण कुमार के द्वारा शारीरिक योग व्यायाम कराया गया।

इस मौके पर सामूहिक गीत जाग रहा है जन गण मन, निश्चित होगा परिवर्तन एवं देश हमें देता है सब कुछ हम भी कुछ देना सीखें का गायन किया गया। वही विभाग प्रचारक सुमित कुमार के द्वारा युवाओं को बौद्धिक मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि हमें देश हित में तन मन बुद्धि विवेक से काम करना चाहिए। गलत बुद्धि आने से जीवन दुष्चक्र में फंस जाते हैं। गलत निर्णय व गलत मार्ग मिलने से भाग्य भी बगल हो जाता है। सबको साथ मिलकर साथ चलना निस्वार्थ भाव से काम करना विकसित भारत के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति इस देश की प्राचीन परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा व्यक्ति को संस्कारित करने में विगत 100 वर्षों से जुड़ा हुआ है। प्रखर देश भक्ति ही सभी समस्याओं का निदान है। उन्होंने कहा कि सामान्य नागरिक जब तक देशभक्ति नहीं होगा तब तक देश ना खड़ा हो सकता है ना आत्मनिर्भर बन सकता है और ना ही वह विश्व में श्रेष्ठ हो सकता है। देश भक्ति की भाव को जगाने के लिए आरएसएस तन मन से जुटा हुआ है।उन्होंने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में जिले के सभी पंचायत में संघ कार्य खड़ा किया जाएगा। इसके लिए पूर्ण कालीन अल्पकालिक एवं अंशकालीन कार्यकर्ता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जेन जी देश के रीढ है।युवाओं की टोली ही संघ द्वारा शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन के विषय में जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर सकते हैं। इस मौके पर जिलासंचालक सतीश चंद्र वर्मा, नगरसंचालक इंजीनियर रामेश्वर ठाकुर, जिला बौद्धिक प्रमुख ज्ञान प्रकाश, सह बौद्धिक प्रमुख सुभाष चंद्र सिंह, जिला कार्यवाह विद्यावरण सिंह, कार्यवाह रोशन कुमार खां, जिला बाल कार्य प्रमुख माधव मिश्र, जिला सेवा प्रमुख डॉक्टर मुरारी कुमार, प्रचार प्रसार प्रमुख सुनील कुमार, नवहट्टा खंड कार्यवाह प्रवीण कुमार झा, सिमरी बख्तियारपुर नगर कार्यवाह अमित कुमार, प्रोफेसर गौतम कुमार सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

### आंगनवाड़ी केंद्र पर टीआरएच का हुआ वितरण

**खगड़िया।** नगर परिषद क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 274 पर सुखा राशन का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी सेविका कुंदन कुमारी ने बताया कि 64 कुपोषित बच्चा को चावल 1 किलो, 875 ग्राम दाल, सोयाबीन 500 ग्राम सरसों तेल 250 ग्राम मिक्स मसाला एवं नमक एवं गर्भवती एवं धात्री महिला को चावल 2 किलो, 250 ग्राम दाल, सोयाबीन 375 ग्राम एवं सरसों तेल 375 ग्राम एवं मसाला और नमक दिया गया। सेविका ने कहा कि बच्चे को मीनू के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्र पर पका हुआ भोजन खिलाया जाता है। हर माह के 19 तारीख को अन्नप्राशन दिवस मनाया जाता है एवं हर माह 7 तारीख को गर्भवती महिलाओं को गोद भराई का कार्यक्रम भी किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को मातृ वंदना योजना के तहत पांच हजार रूपया आईसीडीएस के द्वारा लाभ दिया जाता है और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान के तहद 0 से 2 वर्श की बच्ची को लाभ भी दिया जाता है।

### शिक्षिका मधु कुमारी विद्यार्थी को किया गया सम्मानित

**खगड़िया।** जिला प्राथमिक शिक्षक संघ और नशा मुक्त भारत के संयुक्त तत्वावधान में गोगरी प्रखंड के जयन्ती ग्राम औता प्राथमिक विद्यालय कि शिक्षिका मधु कुमारी विद्यार्थी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान शिक्षक अविनाश कुमार ने किया, जबकि मंच संचालक प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ गोगरी के अध्यक्ष डाक्टर दिनेश कुमार ने किया। सम्मान स्वरूप उन्हें पुष्प माला, सम्मान-पत्र, पुष्प बुके, अंगवस्त्र, मोमेंटो व अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मौजूद जिला प्राथमिक शिक्षक संघ खगड़िया के जिलाध्यक्ष राकेष कुमार रौषन,नषामुक्त भारत के संस्थापक प्रेम कुमार यषवंत, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष कुमार निलेश निरंजन, सदस्य सह शारीरिक शिक्षक रंजित कुमार, प्रधान शिक्षिका प्राथमिक विद्यालय तेलीहार बेलदौर कि रीया भारती, सभी ने शिक्षिका मधु कुमारी विद्यार्थी के किए गए उत्ष्ट कार्य कि भुरी भुरी प्रशंसा की और कहा कि छात्र एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सदेव आप अपने कर्मपथ पर यु ही चलते रहें। मधु कुमारी और विद्यालय के बच्चों के द्वारा पोषण माह संतुलित आहार का अनाज, हरी शब्जी, फल और मशाला से सुंदर और आकर्षक चित्र भी तैयार किया गया था।

### मारपीट में पिता-पुत्र समेत तीन घायल, एक गंभीर

**बेलदौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीपुर क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पिता-पुत्र समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से बेलदौर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार, चक्रमणिया गाँव निवासी पंकज शाह ने अपने पुत्र प्रियांशु कुमार को श्रीपुर स्थित किराए के मकान से दूध लाने के लिए भेजा था। उनका कहना है कि कैंटीन में चाय बनाने के लिए ही उन्होंने बेटे को दूध लाने भेजा था। इस दौरान गौरीशंकर शाह की दुकान के पास पूर्व से घात लगाकर बैठे राम बहादुर साह के पुत्र गोलू कुमार उर्फ गोल्डन ने अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर प्रियांशु की मोटरसाइकिल रोक ली और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना पाकर जब पंकज शाह बीच-बचाव करने पहुँचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की, जिससे पिता और पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल प्रियांशु की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे इलाज के लिए बेगूसराय के सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में दूसरे पक्ष का गोलू कुमार भी घायल हुआ है। वहीं दूसरे पक्ष के राम बहादुर शाह का आरोप है कि बीते शनिवार को कोचिंग से घर लौट रही कुछ किशोरियों के साथ आरोपी युवक ने छेड़छाड़ का प्रयास किया था। इसी का विरोध करने पर उनके पुत्र गोलू का उक्त युवक के साथ विवाद और मारपीट हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों ने बेलदौर थाने में एक-दूसरे के खिलाफ आवेदन सौंपा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# मोदी सरकार के शासनकाल में महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है : उषा सहनी

**खगड़िया (डीएनएस)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के खगड़िया जिला परिषद की बैठकयोगेंद्र भवन में कैलाश पासवान की अध्यक्षता में एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व विधान पार्षद उषा साहनी एवं बिहार कार्यकारिणी सदस्य खगड़िया जिला प्रभारी प्रभाकर प्रसाद सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पूर्व विधान पार्षद कां उषा साहनी ने कहा देश में मोदी सरकार के शासनकाल में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। देश में डीजल, पेट्रोल और गैस के कीमत ऊंचे दाम पर आम जनता खरीदने पर मजबूर है। मोदी सरकार एक तरफ तेल कम खर्च करने सोना नहीं खरीदने का उपदेश सोशल मीडिया के माध्यम से देश की जनता को देते हैं दूसरे तरफ अपने जन्मदिन के अवसर पर देश के अंदर करोड़ों रुपया का तेल में खर्च कराकर दिया जलवा कर जन्मदिन मनवाने का काम कर सरकारी खजाना में चूना लगाने का काम कर रहे हैं एवं प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रहे हैं। अमेरिका के साथ ट्रैड डिल पर समझौता कर हिंदुस्तान के किसानो के ऊपर षि संकट पैदा कर रहे हैं। मोदी सरकार एवं


संबोधित करती उषा सहनी।

बिहार में सम्राट चौधरी की सरकार में महिलाओं पर अत्याचार और जुल्म बढ़े हैं। महिलाओं के साथ लगातार यौन शोषण एवं बलात्कार की घटनाएं बढ़ी है। उन्होने कहा क एक तरफ सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है दूसरे तरफ महिलाओं के मान सम्मान एवं सुरक्षा देने में विफल साबित हो रहा है। आज श्रम कानून में संशोधन कर सरकार मजदूरों के हक और अधिकार को छीना जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका,आशा,ममता और रसोईया को सरकार न्यूनतम मजदूरी से भी काम मानदेय दे रही है। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त करने हेतु देशव्यापी आंदोलन चलाने का काम कर रहे हैं। मोदी सरकार मनरेगा योजना को बंद कर भीभी जी राम जी योजना को लागू कर देश के मजदूर वर्ग का रोजगार एवं मजदूरी छिनने का काम कर रही है। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार एवं सम्राट चौधरी के खिलाफ व्यापक आंदोलन करने की आवश्यकता है इसलिए विभिन्न जन संगठनों की ओर से 28 सितंबर को पटना लोक भवन मार्च में हजारों हजार की संख्या में भाग लेने का अपील किये ।बिहार राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा बिहार में आधा गंगा गंडक के बाढ़ से लोग प्रभावित हैं,दूसरे तरफ सुखार की स्थिति पैदा हो गया है। बाढ़ के चलते किसानों के बड़े पैमाने पर फसल बर्बाद हो गया है।सम्राट चौधरी की सरकार बाढ़ पीड़ितों को राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराने में विफल साबित हो रहा है। बिहार सरकार ने तमाम भूमिहीन परिवारों को पांच-पांच डिसमिल जमीन देने का वादा किया था लेकिन आज भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उल्टे सरकारी जमीन पर बसे भूमि परिवारों के घर पर बुलडोजर चलाकर बेघर किया जा रहा है। बैठक में जिला मंत्री पुनीत मुखिया पिछले कार्यो का रिपोर्ट पेश किये एवं 1 सितंबर दिल्ली रैली में भाग लिए साथियों को धनबाद ज्ञापन किय। बैठक को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद के सदस्य रविंद्र यादव, जिला कार्यकारिणी के सदस्य नारायण शाह , अंचल मंत्री अनिल कुमार सिंह, मनोज सदा, कैलाश पासवान, सीपीआई जिला परिषद के सदस्य रमेश चंद्र चौधरी, योगेंद्र शर्मा, राजकुमार पासवान, विभाश चंद्र बोस, सत्यनारायण सिंह, प्रमोद राम,राधेश्याम, विनोद यादव ने भी संबोधित किये।

## सनातन के लिए मंच कोई भी हो आवाज स्पष्ट और एकजुट हो : नितिन

**चौथम।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की जिला बैठक माँ मधुमति विवाह भवन, पिपरा चौक में जिला अध्यक्ष नीरज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा भारत माता के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए हिन्दू हेल्पलाइन के प्रांत अध्यक्ष नितिन कुमार ने कहा कि सनातन धर्म और राष्ट्रहित की बात हो तो मंच कोई भी हो, आवाज स्पष्ट और एकजुट होनी चाहिए। संगठन व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि धर्म, संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित के संकल्प से मजबूत होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के बीच निरंतर जनजागरण करते हुए हिन्दू समाज को संगठित एवं जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अहंकार और व्यक्ति-केंद्रित सोच से संगठन मजबूत नहीं होताय समय परिवर्तनशील है और किसी एक व्यक्ति के अनुसार हमेशा नहीं चलता। बैठक में धर्मांतरण के विरुद्ध जनजागरण, लव जिहाद के प्रति सामाजिक जागरूकता, गौ-संरक्षण, संगठन विस्तार, 25 लाख हिन्दू परिवार संपर्क अभियान तथा एक मुट्ठी अनाज योजना सहित आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत अध्यक्ष पंकज सिंह ने युवाओं को सामाजिक जागरूकता के लिए सक्रिय होने का आह्वान किया। जिला महामंत्री संजय वर्मा एवं मंत्री सनी गुप्ता ने संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय महिला परिषद की प्रांत अध्यक्ष अनीता देवी,बमबम चंद्रवंशी, सुधीर मंडल एवं गोल्डेन कुमार,राजेश कुमार , ज्योतिष, मेजर ,विमल, सुमन,बिक्की कुमार साहू ,गुड्डू,गुलशन, अभिषेक कुमारने भी अपने विचार रखे। बैठक में संगठित हिन्दू-सशक्त हिन्दू के संकल्प के साथ सेवा, संस्कार और सामाजिक जागरण को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।


कार्यक्रम में नीतिन कुमार व अन्य।

## 11 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ शुरू होगा शारदीय नवरात्र

### अष्टमी वत,देवी जागरण,महारात्रि एवं निशा पूजा 18 अक्टूबर को

**खगड़िया।** जिले में शारदीय नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बीच विजयादशमी की तिथि को लेकर पंचांगों में अंतर सामने आया है। कन्हैयाचक गांव निवासी आचार्य विजय ष्ण के अनुसार विश्वविद्यालय पंचांग में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ 11 अक्टूबर 2026, रविवार को कलश स्थापना के साथ बताया गया है। वहीं विजयादशमी 21 अक्टूबर, बुधवार को मनाने का विधान है। दूसरी ओर बनारस पंचांग में विजयादशमी की तिथि 20 अक्टूबर बताई गई है। विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार 16 अक्टूबर को षष्ठी के दिन बेल निमंत्रण (गज पूजा), 17 अक्टूबर को सप्तमी के दिन नवपत्रिका प्रवेश एवं सरस्वती पूजन होगा। 18 अक्टूबर को अष्टमी के अवसर पर अष्टमी वत, देवी जागरण, महारात्रि एवं निशा पूजा होगी। 19 अक्टूबर को वृद्धि पूजन अष्टमीधवमी रहेगी। पंचांग के अनुसार दिन में 8रू04 बजे के बाद नवमी प्रवेश होगा। इसके बाद 20 अक्टूबर को नवमी के दिन नवमी पूजा, हवन एवं नवरात्रि पारण होगा। वहीं 21 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर अपराजिता पूजा, जयन्ती धारण, देवी विसर्जन एवं नीलकंठ दर्शन का विधान बताया गया है। आचार्य विजय ष्ण ने बताया कि पंचांग में देवी के गज (हाथी) पर आगमन को शुभ वृष्टिप्रद तथा गज पर ही गमन को शुभ वृष्टिकरा बताया गया है। उन्होंने पंचांग निर्माताओं से आग्रह किया कि विजयादशमी की तिथि को लेकर एकमत निर्णय घोषित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे। वहीं खगड़िया और भागलपुर के कई पंडितों का मानना है कि विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार ही शारदीय नवरात्र एवं विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा।

## भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

**खगड़िया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन श्याम लाल चंद्रशेखर नर्सिंग कलेज परमानपुर के ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। भाजपा युवा मोर्चा खगड़िया के जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। आयोजकों के अनुसार, शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता में सहयोग करना था। कार्यक्रम में भाजपा खगड़िया जिलाध्यक्ष शत्रुघ भगत, जिला महामंत्री ड़ इंद्रभूषण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, जिला प्रवक्ता सह अस्पताल व्यवस्थापक धर्मेंद्र यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्विनी सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय एवं भाजपा नेता ड़ अमर सत्यम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है। ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने तथा युवाओं को सामाजिक सेवा के कार्यो से जोड़ने में सहयोग मिलता है। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अमर सिंहा एवं प्रताप रवि सिंह रहे। सह-संयोजक सह जिला प्रवक्ता भाजयुमो अंशु कुमार झा रहे। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लोकेश शाह, जिला कोषाध्यक्ष ष्ण कुमार यादव, जिला मंत्री मिथुन कुमार, खगड़िया नगर मंडल अध्यक्ष विशाल लाहिरी, जिला स्वच्छता प्रमुख शशि गुप्ता, अभिषेक कुमार सहित भाजपा युवा मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।शिविर में युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए सामाजिक सहभागिता का परिचय दिया। आयोजन के दौरान रक्तदान करने वाले युवाओं में उत्साह देखा गया। भाजपा जिलाध्यक्ष षत्रुध भगत ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया।



रक्तदान करते भाजयुमो कार्यकर्ता।

## ट्रैक्टर ने सड़क किनारे गड़े बिजली के खंभे में ठोकर मारी

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के रोहियामा और पुरानी जीरो माइल के बीच अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सड़क किनारे गड़े बिजली के खंभे में ठोकर मार दी। इस घटना में बिजली का खंभा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र की बिजली आपूर्ति लगभग 15 घंटे तक पूरी तरह ठप रही। ग्रामीणों का कहना है कि बेलदौर क्षेत्र में बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण छोटी-छोटी समस्याओं के कारण भी बिजली ठप रहती है। बिजली की बदहाल व्यवस्था के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि अगर विभाग के मानवबल मुस्तैद नहीं रहते तो स्थिति और भी बदतर हो जाती। बताते चले कि मानवबल की कड़ी मशक्कत और कड़ी मेहनत के बाद 15 घंटे बाद किसी तरह बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी, तब जाकर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# मारवाड़ी युवा मंच ने दिव्यांगजनों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ, विधायक ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**खगड़िया (डीएनएस)।** मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में अग्रसेन भवन में रविवार को दिव्यांगजनों की सहायता के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने फीता काटकर किया। इस दौरान दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई।कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, स्टिक, कान की मशीन सहित विभिन्न प्रकार के त्रिम अंग उपलब्ध कराने की पहल की गई। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे और आवश्यक उपकरण प्राप्त करने के लिए अपना पंजीकरण कराया। विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं। जरूरतमंद दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध होने से उन्हें दैनिक जीवन में काफी सुविधा मिलेगी और वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच की ओर से इस अभियान के तहत 25 दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाइकिल, 25 लोगों के लिए व्हीलचेयर, 40 लोगों के लिए स्टिक तथा 40 लोगों के लिए कान की मशीन उपलब्ध कराने के लिए पंजीकरण किया गया है। इसके अलावा 80 दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के त्रिम अंग उपलब्ध कराने के लिए भी आवेदन लिया गया है। विधायक ने बताया कि पंजीकरण के बाद सभी आवेदनों एवं जरूरतों की जांच चिकित्सकों की टीम द्वारा की जाएगी। चिकित्सकीय जांच के बाद पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक उपकरण एवं त्रिम अंग उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर को चिकित्सकीय जांच एवं प्रक्रिया पूरी होने के बाद त्रिम अंग प्रदान करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच की पूरी टीम को इस सामाजिक एवं मानवीय पहल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के लिए किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में सेवा और सहयोग की भावना मजबूत होती है।कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक लाभार्थी की जरूरत के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। चिकित्सकीय जांच के बाद संबंधित दिव्यांगजन के लिए उपयुक्त त्रिम अंग या सहायक उपकरण का चयन किया जाएगा, ताकि उन्हें उसका अधिकतम लाभ मिल सके।इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष नवीन गोयनका, सुजीत बजाज, प्रशांत खंडेलिया, रोशन तुलस्यान, सार्थक बजाज, केशव चमड़िया, ष्ण बंका, कैलाश खेड़िया सहित मंच के अन्य सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कार्यक्रम में विधायक व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

## सत्संग से कर्म,धर्म, अर्थ और मोक्ष की प्राप्ति होती है : मुख्तानंद

**बेलदौर।** नगर पंचायत बेलदौर अवस्थित महर्षि मेंही योगा आश्रम में मासिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस सत्संग में मुक्तानंद जी महाराज, स्वामी खगेशानंद जी महाराज, बिसारी बाबा, फुलेंद्र बाबा, देव सुंदर बाबा शरीक हुए। वही हरिद्वार से पधारे स्वामी मुख्ता नंद जी महाराज ने कहा कि जीवन का कल्याण एवं उद्धार चाहते हैं तो ईश्वर भक्ति करें इसके लिए मनोयोग पूर्वक नित्य-प्रतिदिन ध्यान और सत्संग करना चाहिएं। सत्संग से कर्म,धर्म, अर्थ और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रद्धा भक्ति और विश्वास के साथ नित्य प्रतिदिन ध्यान करने से आत्म बल बढ़ता है साथ ही साथ आत्म कल्याण भी होता है। उन्होंने कहा कि विश्वास के साथ गुरु का ध्यान जाप करते रहेंगे उस पर गुरु की पा सदा बरसते रहेंगे। मौके पर गौतम बाबा,तपेश्वर आनंद जी महाराज,फूलचंद शर्मा, बुद्धदेव आर्य, अनंत शर्मा, विपिन विहंगम, वीरेंद्र शर्मा सहित सैकड़ो सत्संग प्रेमी मौजूद थे।

## प्रभावित क्षेत्र में वास्तविक एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए : डीएम

**खगड़िया।** बाढ़ का पानी कम होने के साथ ही उत्पन्न होने वाली संभावित चुनौतियों एवं जनसुरक्षा से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पोस्ट-फ्लड गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ पश्चात् किए जाने वाले कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बाढ़ का पानी उतरना राहत एवं बचाव कार्यो की समाप्ति नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण पोस्ट-फ्लड चरण की शुरुआत है। इस अवधि में जलजमाव, दूषित पानी, संक्रमण, सर्पदंश, डूबने की घटनाओं सहित अन्य स्वास्थ्य एवं जनसुरक्षा संबंधी जोखिमों के प्रति विशेष सतर्कता आवश्यक है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने, आवश्यकतानुसार ब्लीचिंग पाउडर एवं चूना का छिड़काव, जलजमाव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी, प्रभावित क्षेत्रों में माइकिंग के माध्यम से लगातार जन-जागरूकता तथा संध्या चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधे संवाद करने पर विशेष जोर दिया गया। जानकारी हो कि अब तक जिले में कुल 2,435 किलोग्राम ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा चुका है। सभी प्रखंडों को आवश्यकतानुसार ब्लीचिंग पाउडर एवं चूना उपलब्ध कराया गया है, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता एवं संक्रमण की रोकथाम से संबंधित कार्यो को त्वरित गति से संचालित किया जा सके। वही नगर परिषद क्षेत्र में जलजमाव वाले स्थानों पर डी-वाटरिंग तथा मच्छर एवं अन्य कीटजनित जोखिमों की रोकथाम के लिए डिफगिंग का कार्य भी लगातार कराया जा रहा है। संबंधित स्थानीय निकायों को प्रभावित क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई एवं आवश्यकतानुसार सैनिटाइजेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। संध्या चौपाल एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को बाढ़ के बाद खुले जलस्रोतों, गड्ढों एवं जलजमाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचने, बच्चों को विशेष रूप से ऐसे स्थानों से दूर रखने तथा डूबने की घटनाओं की रोकथाम के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सर्पदंश की घटनाओं के प्रति भी लोगों को सावधान करने तथा ऐसी स्थिति में तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेने के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पोस्ट-फ्लड गतिविधियां केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र में इनका वास्तविक एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जनप्रतिनिधियों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने तथा प्रशासन को आवश्यक फीडबैक उपलब्ध कराने की अपील की गई। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के सामान्य जनजीवन की बहाली के साथ-साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जनसुरक्षा से जुड़े संभावित जोखिमों को समय रहते चिन्हित कर उनका निराकरण किया जाए। इसके लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय, क्षेत्रीय स्तर पर सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## खगड़िया में डांस प्रतियोगिता का आयोजन

### प्रतियोगिता में छोटे-छोटे प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**खगड़िया।** बचपन प्ले स्कूल, खगड़िया के परिसर में रविवार को खगड़िया जिला डांस संगठन के तत्वावधान में वर्ष 2026 की भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खगड़िया जिले के विभिन्न डांस क्लबों के साथ-साथ आसपास के जिलों से आए छोटे-बड़े प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद की अध्यक्षष्णा कुमारी यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रतिभा कुमारी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मिथिलेश यादव, प्रतियोगिता के निर्णायक रकी, बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर प्रधुम्न कुमार, डेंजरस डांस कंपनी के मास्टर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बचपन प्ले



जिला परिषद अध्यक्ष व अन्य।

स्कूल की होनहार नन्हीं डांस प्रतिभागी रही, जिसने एबीसी डांस प्रतियोगिता दिल्ली में अल इंडिया स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर खगड़िया का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए मुख्य अतिथि ष्णा कुमारी यादव ने बच्ची को अपने हाथों से सम्मानित एवं पुरस्त किया। साथ ही डांस कंपीटीषन में भाग लेने वाले को भी सम्मानित किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती ष्णा कुमारी यादव ने दोनों बच्चों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए दोनों बच्चों को अपनी ओर से 5,100-5,100 की नकद पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा से बच्चों, अभिभावकों और उपस्थित लोगों में खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन आकाश ने किया। वहीं कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा एवं आयोजन की तैयारी में डेंजरस डांस कंपनी के मास्टर सुमित की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में हर्ष भी मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षक नेता मनीष सिंह ने डांस संगठन द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं तथा उन्हें कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यहां के प्रतियोगिता से जो विजेता होंगे वह राज्य द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता में भाग लेंगे और वहां विजेता होंगे और नेशनल लेवल पर होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग से ओमप्रकाश भी मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि खगड़िया जिले में नृत्य एवं अन्य कलाओं से जुड़ी प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या मामले में नामजद अभियुक्त की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मरांची थाना क्षेत्र में रामप्रवेश सिंह की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। रामप्रवेश की हत्या के मामले में नामजद किए गए एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत की सूचना है। घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी कई सवाल उठने लगे हैं।
बताया जाता है कि रविवार की सुबह रामप्रवेश सिंह का शव बरामद हुआ था। मरांची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। परिजनों की ओर से हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, हत्या की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। इसी बीच हत्या मामले में नामजद व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत की खबर ने मामले को और पेचीदा बना दिया है। चर्चा यह भी है कि शव मिलने के बाद पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए कुछ परिजनों को बाद में छोड़ दिया गया। सबसे अहम सवाल यह है कि यदि मौत रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से हुई, तो इस मामले में पोस्टमार्टम की कार्रवाई किस पुलिस इकाई ने और किस प्रक्रिया के तहत कराई सामान्यतः रेलवे ट्रैक से जुड़े मामलों में रेल पुलिस की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। हाल में पटना में एक अलग रेल-मामले में निर्धारित प्रक्रिया के पालन को लेकर रेल पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की खबर सामने आई थी।

### मुखिया के घर हथियारों का जखीरा, पूजा के दौरान प्रदर्शन पड़ा महंगा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के बसोबागी गांव में विश्वकर्मा पूजा के दौरान हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन की सूचना पर एसटीएफ और बाढ़ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक मुखिया के घर से चार हथियार बरामद किए। बरामद हथियारों में दो पिस्टल, एक 315 बोर की रायफल और एक डबल बैरल गन शामिल है। पुलिस ने मौके से रणवीर कुमार (27) और राहुल कुमार (25), दोनों निवासी बसोबागी, को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, बरामद रायफल और डीबीबीएल गन विनोद कुमार के नाम से लाइसेंसी हैं, जिनकी करीब 15 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। इसके बावजूद उनके नाम से दर्ज हथियार घर में रखे जाने तथा दो पिस्टल बरामद होने की जांच की जा रही है। मामले में बाढ़ थाना कांड संख्या 623ध्26 दर्ज कर राम प्रवेश गोप, राज कुमार गोप (मुखिया), राहुल कुमार और रणवीर कुमार को आरोपित किया गया है। पुलिस लाइसेंस व अन्य दस्तावेजों का सत्यापन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### पटना स्नातक सीट पर अनंत-नीरज आमने-सामने

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना तक विधान परिषद सीट के चुनाव से पहले बिहार की राजनीति में मोकामा से जुड़ी पुरानी अनंत सिंह-नीरज कुमार की प्रतिद्वंद्विता एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। मोकामा विधायक अनंत सिंह ने जदयू नेता नीरज कुमार के खिलाफ खुला मोर्चा खोलते हुए कहा है कि वे उनका समर्थन नहीं करेंगे और अनुज सिंह के पक्ष में खड़े हैं। दोनों नेताओं के बीच बयानबाजी लगातार तेज हो रही है। अनंत सिंह ने नीरज कुमार को आमने-सामने बहस की चुनौती देते हुए बजरंगबली मंदिर के सामने आने की बात कही और 20 करोड़ रुपये की शर्त का भी उल्लेख किया। नीरज कुमार ने भी पलटवार करते हुए अनंत सिंह के पुराने राजनीतिक और आपराधिक मामलों को लेकर सवाल उठाए हैं। इस विवाद की पृष्ठभूमि में वर्ष 2015 का मोकामा विधानसभा चुनाव भी चर्चा में है, जब निर्दलीय अनंत सिंह ने जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार को 18,348 मतों के अंतर से हराया था। अब पटना तक सीट के चुनाव को लेकर दोनों नेताओं के आमने-सामने आने से मोकामा समेत पूरे राजनीतिक क्षेत्र में चर्चा तेज है। अनंत सिंह के अनुज सिंह के समर्थन और नीरज कुमार के पक्ष में जदयू की स्थिति के बीच आने वाले दिनों में यह विवाद किस दिशा में जाता है, इस पर राजनीतिक नजरें टिकी हैं।

# लोकतंत्र की रखवाली में मीडिया की अहम भूमिका : डॉ. भीम सिंह

## जमालपुर में पहली बार सजा अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता का मंच, देश-विदेश के पत्रकारों का जुटान



जमालपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।



पत्रकारों को सम्मानित करते अतिथि।

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** जमालपुर की धरती रविवार को पत्रकारिता के वैश्विक मंच में तब्दील हो गई। मारवाड़ी धर्मशाला रोड स्थित सिद्धिविनायक मैरिज हल परिसर में अल इंडिया जर्नलिस्ट यूनियन भारत की ओर से पहली बार आयोजित अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन में देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी पत्रकारों का जुटान हुआ। बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और भूटान से पहुंचे पत्रकार सम्मेलन के खास आकर्षण रहे। पत्रकारिता की बदलती चुनौतियों, लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका और समाज के विकास में कलम की जिम्मेदारी को लेकर दिनभर गंभीर मंथन हुआ।
सम्मेलन का उद्घाटन राज्यसभा सांसद ड़ भीम सिंह, मुंगेर विधायक कुमार प्रणय, मुख्य पार्षद पार्वती देवी सहित देश-विदेश से पहुंचे वरिष्ठ पत्रकारों एवं अतिथियों ने किया। उद्घाटन के साथ ही मंच से पत्रकारिता की मौजूदा तस्वीर और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा शुरू हुई। वक्ताओं ने कहा कि तकनीक के विस्तार और सूचना के तेज प्रवाह के दौर में पत्रकारिता की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।राज्यसभा सांसद ड़ भीम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की रखवाली में मीडिया की भूमिका सबसे अहम है। पत्रकार सत्ता और समाज के बीच सवाल खड़े करने वाला मजबूत माध्यम हैं। उनकी कलम की ताकत केवल खबर प्रकाशित करने तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की आवाज को सामने लाने और व्यवस्था को जवाबदेह बनाने में भी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में तथ्य, निष्पक्षता और जनसरोकार सर्वोपरि होने चाहिए।सम्मेलन में देश-विदेश से आए पत्रकारों ने वर्तमान पत्रकारिता के सामने खड़ी चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा किए। डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, तेजी से फैलती सूचनाओं, विश्वसनीयता के संकट और पत्रकारों की सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि खबरों की रफ्तार के साथ उसकी विश्वसनीयता बनाए रखना आज पत्रकारिता की सबसे बड़ी कसौटियों में से एक है।पत्रकारों ने इस बात पर भी जोर दिया कि पत्रकारिता का केंद्र समाज और आम आदमी की आवाज होनी चाहिए। गांव, गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से सामने लाना ही जनपक्षधर पत्रकारिता की वास्तविक पहचान है।सम्मेलन के दौरान अपनी लेखनी और सामाजिक सरोकारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने वाली शख्सियतों को अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह ने कार्यक्रम को भावनात्मक और गरिमापूर्ण बना दिया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए पत्रकारों ने एक-दूसरे के अनुभव साझा किए और पत्रकारिता के क्षेत्र में आपसी संवाद तथा सहयोग को मजबूत करने का संकल्प भी व्यक्त किया।कार्यक्रम में अल इंडिया जर्नलिस्ट यूनियन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सम्राट, उपाध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष केएम राज, महासचिव मोहम्मद इम्तियाज आलम, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार, जिला सचिव दीपक विश्वास, जिला कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार विकास, अंशु अवस्थी, कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार, पुष्कर राज, रामायण सिंह राजपूत, इम्तियाज खान, अतहर खान, शशिकांत सहित सैकड़ों पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।जमालपुर में पहली बार आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन ने न केवल शहर को देश-विदेश के पत्रकारों से जोड़ा, बल्कि पत्रकारिता के सरोकारों पर संवाद के लिए एक ऐसा मंच भी तैयार किया, जहां सीमा और भाषा से परे कलम की ताकत, लोकतंत्र की जिम्मेदारी और समाज के प्रति पत्रकारों की भूमिका पर आवाज एक साथ उठी।

## सोनपुर में व्यापक स्वच्छता अभिान

**सोनपुर (एनएसबी)** स्वच्छता ही सेवा2026 अभियान के अंतर्गत सोनपुर मंडल में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने हेतु 07 प्रमुख स्टेशनों एवं 08 रेलवे कलोनियों में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी एवं नवगछिया स्टेशनों पर यात्रियों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण तथा प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।इसके साथ ही मंडल की सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, गढ़हारा, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी एवं नवगछिया रेलवे कलोनियों में स्वच्छता रैलियां, जनसंपर्क एवं सफाई गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के दौरान मंडल के उन स्थानों को भी चिन्हित किया गया जहाँ कचरा जमा था। इन स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरे का निष्पादन कराया गया तथा स्थानीय नागरिकों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। सोनपुर मंडल यात्रियों, रेलकर्मियों एवं आमजन से अपील करता है कि वे स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाई।



स्वच्छता अभियान संचालन।

## 2026 की तृतीय पेंशन अदालत का सफल आयोजन

**सोनपुर (एनएसबी)** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में आज दिनांक 18 सितंबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में वर्ष 2026 की तृतीय पेंशन अदालत का सफल आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन में आयोजित इस पेंशन अदालत में कुल 11 परिवाद प्राप्त हुए। ये परिवाद मुख्यतः वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट), चिकित्सा भत्ता तथा एरियर भुगतान से संबंधित थे। सभी मामलों की विस्तृत सुनवाई कर उनका त्वरित एवं संतोषजनक निष्पादन किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल लेखा अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी सहित पेंशनर्स एसोसिएशन एवं विभिन्न यूनियनध्एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक में भाग लेते लोग।

## बाढ़ की मार के बीच जरूरतमंदों तक पहुंचा राहत का राशन

### लायंस क्लब ने बांटे 200 पैकेट, शिवकुंड के रामनगर नायटोला में चिति बाढ़ पीड़ित परिवारों को मिली मदद, सेवा अभियान में जुटे समाजसेवी

**जमालपुर (मुंगेर)।** बाढ़ की विभीषिका झेल रहे शिवकुंड के निकट रामनगर नायटोला में लायंस क्लब अफ जमालपुर आदर्श की ओर से राहत एवं सेवा अभियान चलाया गया। क्लब के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच 200 पैकेट सूखा राशन वितरित किया।



बाढ़ पीड़ितों के बीच सामग्री बाटते लायंस क्लब।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में शामिल है, जहां जलजमाव और आवागमन की परेशानी के कारण कई जरूरतमंद परिवारों तक समय पर सरकारी सहायता पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ऐसे परिवारों को चिति कर लायंस क्लब की टीम ने उनके बीच सूखा राशन पहुंचाया। राहत सामग्री मिलने के बाद जरूरतमंद परिवारों के चेहरे पर राहत नजर आई।इस दौरान क्लब के अध्यक्ष शैली वर्गीज ने कहा कि आपदा की घड़ी में जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। क्लब आगे भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार सेवा गतिविधियां जारी रखने का प्रयास करेगा।कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सोनी रजा, रतन घोष, आलोक बोस, ड़ सुमन रजा, शिवलाल रजक, हिमांशु शेखर सहित मौजूद रहे। सदस्यों ने स्वयं राहत सामग्री का वितरण कर बाढ़ प्रभावित परिवारों का हाल जाना और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।बाढ़ के बीच राहत सामग्री लेकर गांव तक पहुंची सामाजिक संस्था की इस पहल ने मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की।

# दुर्गा पूजा से पहले स्ट्रीट लाइट से जगमगाएगा जमालपुर : पार्वती देवी



सर्वदलीय एवं सर्व समाज विकास बैठक को संबोधित करतीं मुख्य पार्षद पार्वती देवी।



मौजूद शहरवासी।

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** दुर्गा पूजा से पहले जमालपुर शहर स्ट्रीट लाइट से जगमगाएगा। शहर की मूलभूत समस्याओं का समाधान और नागरिक सुविधाओं में सुधार नगर परिषद की प्राथमिकता होगी। उक्त बातें मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने सर्वदलीय एवं सर्व समाज विकास बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में आम लोगों की सहभागिता बेहद जरूरी है। इसके लिए बैठक के माध्यम से शहरवासियों, जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से लिखित रूप में सुझाव मांगे गए हैं।मुख्य पार्षद ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में नगर परिषद क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यो की समीक्षा के साथ आने वाले दिनों में किन क्षेत्रों में काम किया जाना चाहिए, इस पर जनता की राय ली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल कर शहर के विकास की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। दुर्गा पूजा को देखते हुए शहर की साफ-सफाई, रोशनी और अन्य नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।बैठक में चेंबर अध्यक्ष वासुदेव पुरी, सचिव गिरधर संघई, नवल यादव, राजीव नयन, राजेश रमन उर्फ राजू, रिंकू सिंह, मुकेश पासवान, चंद्रशेखर प्रसाद सहित कई लोगों ने शहर की समस्याओं और विकास को लेकर अपने सुझाव दिए। लोगों ने सड़क, नाला, जलजमाव, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई सहित विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इधर, मुख्य पार्षद की ओर से सर्वदलीय एवं सर्व समाज को साथ लेकर विकास के मुद्दे पर बैठक आयोजित किए जाने की शहरवासियों ने सराहना की। मौके पर वार्ड पार्षद आलोक कुमार, सोनू मंडल, कैलाश सिंह, सुजीत कुमार, रामजीवन मंडल सहित सैकड़ों शहरवासी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनपुर मंडल ने रचा नया ऑपरेशनल रिकार्ड

#### बिना किसी एन-रूट क्रू चेंज के रिकर्ड 23 क्रैक ट्रेनें संचालित, 95 प्रतिशत मेल/एक्सप्रेस समय पालन बरकरार

**सोनपुर (एनएसबी)** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल ने अपरेशनल उत्ष्टता, लाइन क्षमता के प्रभावी उपयोग एवं क्रू अप्टिमाइजेशन का शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में रिकर्ड 23 क्रैक मालगाड़ियों का सफल संचालन किया। यह सोनपुर मंडल का अब तक का सर्वाधिक एक-दिवसीय क्रैक ट्रेन संचालन है, जिसे बिना किसी एन-रूट क्रू चेंज के संपन्न किया गया। इस उपलब्धि के अंतर्गत कटिहारछपरा (ज्ञप्ब्ब्) खंड पर 9 क्रैक ट्रेनों ने 326 किलोमीटर की दूरी मात्र 9 घंटे 12 मिनट में तय की तथा 36 किमीध्घंटा की औसत गति प्राप्त की। विशेष रूप से समस्तीपुर यार्ड (ैच्श्र) में किसी भी ट्रेन का क्रू परिवर्तन नहीं किया गया और सभी ट्रेनें निर्बाध रूप से यार्ड से होकर गुजरीं, जिससे जंक्शन पर ठहराव समाप्त हुआ तथा ट्रंक रूट की नेटवर्क गतिशीलता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। एक दिन में संचालित क्रैक ट्रेनों का विवरण रेल खंड ट्रेनें कटिहारछपरा (ज्ञप्ब्ब्) 9 सिमरियामुजफ्फरपुरसिमरिया 8 बरौनीतिलैया 3 बरौनीदरभंगा 3 कुल 23 अपरेशन से प्राप्त प्रमुख उपलब्धियाँ 23 रनिंग क्रू सेट की प्रत्यक्ष बचत, क्रू एवं परिचालन लागत में उल्लेखनीय कमी, लोकोमोटिव एवं वैगनों के टर्नअराउंड में सुधार, भीड़भाड़ वाले मार्गो पर अतिरिक्तलाइन क्षमता उपलब्ध ट्रेन-अन-डिमांड एवं अन्य मालगाड़ियों के संचालन में सुविधा मालगाड़ियों के इस रिकर्ड संचालन के साथ-साथ सोनपुर मंडल ने यात्री सेवाओं में भी उत्ष्ट प्रदर्शन बनाए रखा। दिनभर संचालित 134 मेल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों में 95ः ट्रेनें समय पर चलीं, जो यह दर्शाता है कि सुव्यवस्थित माल परिचालन और यात्री समय पालन एक-दूसरे के पूरक हैं। महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल एवं मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर के मार्गदर्शन में मंडल भविष्य में भी क्रैक ट्रेन संचालन को और अधिक सुढ़ करते हुए नेटवर्क क्षमता, परिचालन दक्षता तथा यात्रियों एवं माल ग्राहकों को विश्वसनीय रेल सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अग्रसेन एवं अग्रहरि महोत्सव में समाज के विकास सहयोग और एकजुटता पर दिया गया जोर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहर में रविवार को अग्रसेन एवं अग्रहरि महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के दौरान बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता सहित समाज के कई अन्य अतिथि एबं गणमान्य लोग मौजूद थे। महोत्सव को पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता, भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, अग्रहरि वैश्य समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवी लाल, जिला अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष रमेश प्रसाद अग्रहरि एवं कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता समेत समाज के कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस दौरान समाज के लोगों ने आपसी एकजुटता, सामाजिक सहयोग और समाज के विकास के लिए सहभागिता बरकरार रखने पर जोर दिया। वहीं महोत्सव के आयोजकों ने कहा कि अग्रसेन एवं अग्रहरि महोत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाना तथा सामाजिक एकता और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना है। आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। मौके पर बिट्टू गुप्ता, अरविंद गुप्ता, प्रकाश कुमार गुप्ता, शिवपूजन गुप्ता, राजकिशोर गुप्ता, छेदी गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, लालबाबू गुप्ता, अमोद गुप्ता, संतोष गुप्ता, चंदन गुप्ता, सुनील गुप्ता, राजा गुप्ता, प्रकाश लाल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, रवि गुप्ता, ष्णमोहन गुप्ता, सुबोध गुप्ता राजकुमार गुप्ता, राजू गुप्ता, मुन्ना गुप्ता सहित बड़ी संख्या मे समाज के लोग मौजूद थे।



संबोधित करते पर्यटन मंत्री केदार प्र गुप्ता।

### गणेश पूजा के दौरान कांटी विधायक के नेतृत्व में निकली भव्य शोभायात्रा

**मुजफ्फरपुर(एसएनबी)।** दामोदरपुर पंचायत के गंगाराम पोखर से गणेश पूजन के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल की गईं, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। पूरे रास्ते श्रद्धालु धार्मिक जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा में युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। धार्मिक गीतों और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। आयोजन को लेकर दामोदरपुर समेत आसपास के गांवों में भी उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांटी विधायक ई अजीत कुमार ने कहा कि धर्म और संस्ति समाज को एकजुट रखने का कार्य करते हैं। ऐसे धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्ति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। युवाओं को अपनी धार्मिक एवं सांस्तिक विरासत को समझकर उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। शोभायात्रा में प्रेम सर्राफ, टुन्ना शर्मा, गणेश गुप्ता, छोटन सिंह, बिट्टू गुप्ता, विजय साह, मणिकांत प्रसाद, अरविंद पासवान, विजय चौधरी, बनावल गुप्ता, रामकिशोर भगत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



शोभायात्रा के दौरान क्षेत्रीय विधायक का स्वागत करते लोग।

### बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रमंडल स्तरीय बैठक मे संगठन विस्तार पर जोर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में रविवार को जिला प्राथमिक शिक्षक संघ भवन सभागार में प्रमंडल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गईं। सर्वप्रथम उपस्थित राज्य स्तर एवं जिला स्तर के अध्यक्ष, सचिवों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र राय ने शिक्षको की विभिन्न समस्याओ पर प्रकाश डाला। जिसमें स्थानांतरण, वेतन विसंगति आदि पर विशेष चर्चा की गईं। साथ ही जिला स्तर पर सदस्यता अभियान एवं आगामी अंचल एवं जिला स्तरीय संघठानिक चुनाव की घोषणा की गई। की गईं



बैठक मे शामिल प्राथमिक शिक्षक संघ के अंचल से लेकर प्रमंडल स्तर के सदस्य गण।

घोषणा के अनुसार 31 दिसंबर 2026 तक संघ का अंचल स्तरीय चुनाव एवं 30 अप्रैल 2027 तक जिलास्तरीय संघ का चुनाव तथा 30 जून 2027 तक प्रमंडल स्तरीय संघ कार्यकारिणी का चुनाव होने की जानकारी सभी प्रमंडलो से आए सदस्यो को दी गई। संघ के राज्य महासचिव घनश्याम प्रसाद यादव ने विभिन्न जिले एवं अंचलो से आये अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यो से युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को संगठन के मुख्य धारा में लाने को लेकर हुंकार भरी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मिथिलेश शर्मा, शंकर सिंह, मनोज कुमार, राजीव रंजन एवं संजय तिवारी ने संगठन को निचले स्तर संकुल के सभी विद्यालयों के शिक्षकों को सदस्य बनाने के कार्य को मुहीम चलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया। कार्यक्रम में जिले के कई शिक्षक नेता राजेश कुमार मिश्रा, प्रसून कुमार, राजकिशोर सिंह, चन्द्र भूषण कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर, युवाओं ने किया रक्तदान

**समस्तीपुर। एनएसबी** सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा, समस्तीपुर उत्तरी की ओर से भाजपा जिला कार्यालय हरपुर ऐलौथ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के साथ कार्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कार्यकताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा समस्तीपुर उत्तरी के जिलाध्यक्ष विमल कुमार गोलू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा समस्तीपुर उत्तरी जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा, विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार पासवान तथा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम




सुमिरन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमल कुमार गोलू सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। भाजपा उत्तरी जिलाध्यक्ष नीलम सहनी ने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार ने रक्तदान को महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा बताते हुए युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार पासवान और भाजपा दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा जिला प्रभारी संजीब साह, उपाध्यक्ष श्याम पासवान, शैलेंद्र सिंह, कुमारी कविता सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। रेडक्रॉस की ओर से नवीन कुमार, शिवम कुमार एवं हरिवंश कुमार ने रक्त संग्रहण में सहयोग किया।

### बालू-गिट्टी की खरीद-बिक्री अब टन के हिसाब से, ट्रक एसोसिएशन की बैठक में बनी सहमति

**दलसिंहसराय नगर। एनएसबी** ट्रक एसोसिएशन दलसिंहसराय की महत्वपूर्ण बैठक राजीव लाइन होटल में आयोजित की गई। बैठक में बालू और गिट्टी की खरीद-बिक्री टन के हिसाब से करने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुजीत कुमार राय ने बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान ट्रक मालिकों की विभिन्न समस्याओं के साथ निर्माण सामग्री की ढुलाई और कारोबार को व्यवस्थित करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में अध्यक्ष सुजीत कुमार राय ने कहा कि बालू और गिट्टी की खरीद-बिक्री वजन यानी टन के आधार पर किए जाने से कारोबार में पारदर्शिता आएगी। इससे निर्माण सामग्री की मात्रा को लेकर होने वाले विवाद की संभावना कम होगी और ट्रक मालिकों एवं व्यवसायियों के बीच हिसाब-किताब में भी स्पष्टता बनी रहेगी। उन्होंने एसोसिएशन से जुड़े सभी ट्रक मालिकों से बैठक में लिए गए निर्णय का पालन करने तथा आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की। बैठक का संचालन धीरज कुमार राय ने किया। उन्होंने कहा कि ट्रक मालिकों की समस्याओं को सामूहिक रूप से सामने लाकर उनके समाधान के लिए एसोसिएशन लगातार प्रयास करता रहेगा। बैठक में मौजूद ट्रक मालिकों ने भी परिचालन से जुड़ी समस्याओं और अपने सुझावों को रखा। इस दौरान बालू-गिट्टी की ढुलाई, ट्रक परिचालन, खरीद-बिक्री में पारदर्शिता और ट्रक मालिकों के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में 50 से अधिक ट्रक मालिक शामिल हुए। मौके पर राजीव कुमार, संतोष कुमार, शांतनु कुमार, राजू सिंह, संदीप साह, विजय सिंह, जितेंद्र राय, नवनीत चौधरी, नीतीश कुमार, विजय राय, रंजीत राय, अमरेश राय सहित अन्य ट्रक मालिक मौजूद थे।

### जूट हस्तशिल्प प्रशिक्षण के 13वें दिन पहुंचे एमएलसी, महिलाओं के उत्पादों का किया अवलोकन

**समस्तीपुर। एनएसबी** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से नाबार्ड द्वारा प्रायोजित आजीविका एवं उद्यम विकास कार्यक्रम (एलईडीपी) के तहत चल रहे 20 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण के 13वें दिन मानवाधिकार समिति के अध्यक्ष सह विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार ने प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। स्वयं सहायता समूह भवन, परतापुर में अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित प्रशिक्षण में महिलाओं को जूट के रेशे से हस्तशिल्प उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम की थीम ह्यसीखने से लेकर व्यवसाय बनाने तकह्व रखी गई है। निरीक्षण के दौरान डॉ. तरुण कुमार ने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से बातचीत की और उनके द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की जानकारी ली। महिलाओं ने जूट के रेशे से बनाए गए पेन स्टैंड, फूल, डलिया, वॉल हैंगिंग सहित विभिन्न उत्पाद दिखाए। डॉ. कुमार ने रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि जूट से तैयार हस्तशिल्प उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और पारंपरिक हस्तकला को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस दौरान उन्होंने चीनी मिल चौक स्थित मिथिला ग्राम नाबार्ड रूरल मार्ट का भी निरीक्षण किया। यहां ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार मिथिला पेंटिंग और अन्य उत्पादों को देखा तथा उनके बारे में जानकारी ली। डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने बताया कि महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर के मेलों तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। अक्टूबर और नवंबर में भोपाल एवं चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले मेलों में जिले की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए भेजे जाने की जानकारी दी गई। मौके पर औसेफा के सचिव ललित कुमार, कलाकार प्रेरणा कुमारी, प्रशिक्षक धर्मेंद्र राम, शिवनाथ महतो सहित 30 प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता रैली, 200 विद्यार्थियों ने दिया संवाद और संवेदनशीलता का संदेश

**समस्तीपुर। एनएसबी** मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के शंभुपट्टी स्थित पोदार इंटरनेशनल स्कूल की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली डीआरएम कार्यालय से शुरू होकर गोलंबर होते हुए पटेल मैदान पहुंची। इसमें करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखौरी नील किशोर सिन्हा एवं आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता संदेशों वाले पोस्टर और तख्तियां ले रखी थीं। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नारे लगाकर लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने तनाव, चिंता, भावनात्मक परेशानियों तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर खुलकर संवाद करने की अपील की। पटेल मैदान गोलंबर के समीप विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से राहगीरों और आम नागरिकों को मानसिक तनाव एवं भावनात्मक परेशानी को छिपाने के बजाय परिवार, शिक्षक या विशेषज्ञ से बातचीत करने का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखौरी नील किशोर सिन्हा ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी व्यक्ति के समग्र विकास के लिए जरूरी है। बच्चों और युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सही समझ विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपनी भावनाओं को समझना, परेशानी होने पर भरोसेमंद व्यक्ति से बात करना और एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील रहना स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है। जागरूकता और संवाद के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बनी झिझक और गलत धारणाओं को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों का योगदान रहा।

# परीक्षा के दौरान विद्यालय में बाहरी लोगों के प्रवेश से मचा हड़कंप, छात्रों से मारपीट का आरोप; तीन हिरासत में

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के मऊ बाजितपुर दक्षिण स्थित सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल (विद्यापति प्लस टू उच्च विद्यालय) में शनिवार को परीक्षा के दौरान बाहरी लोगों के प्रवेश और छात्रों के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया। घटना के बाद विद्यालय परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिसर से तीन संदिग्ध युवकों को पकड़कर पूछताछ के लिए थाने ले गई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।



विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अमित भूषण के अनुसार, शनिवार करीब 12:30 बजे विद्यालय में परीक्षा चल रही थी। इसी दौरान करीब 12 से 15 बाहरी लोग विद्यालय परिसर में प्रवेश कर गए। आरोप है कि कुछ लोग परीक्षा कक्ष तक पहुंच गए और वहां मौजूद छात्रों के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार किया। छात्रों को बचाने पहुंचे शिक्षकों के साथ भी कथित रूप से दुर्व्यवहार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रबंधन ने विद्यापतिनगर थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। थानाध्यक्ष सूरज कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम विद्यालय पहुंची और परिसर में मौजूद तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए थाने ले गई। पुलिस की कार्रवाई के बाद विद्यालय परिसर में स्थिति सामान्य हुई।

**टिफिन के दौरान एक और छात्र से मारपीट का आरोप**

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, पहली घटना के बाद टिफिन के समय एक अन्य छात्र के साथ भी मारपीट की घटना सामने आई। बताया गया कि भोजन के बाद छात्र परिसर में मौजूद था, तभी उसके साथ कथित रूप से मारपीट की गई। इसमें छात्र के सिर में गंभीर चोट लगने की बात कही जा रही है। हालांकि, इस घटना में कौन लोग शामिल थे और घटना की वास्तविक वजह क्या थी, यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**सीसीटीवी फुटेज की जांच करेगी पुलिस**

विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे होने की बात विद्यालय प्रबंधन ने कही है। ऐसे में पुलिस के लिए घटना के समय की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकती है। पुलिस विद्यालय प्रबंधन की शिकायत, सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है। परीक्षा के दौरान बाहरी लोगों के विद्यालय परिसर में प्रवेश कर कक्षा तक पहुंचने की घटना ने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। अभिभावकों ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने आने की उम्मीद है।

### अग्निपीड़ित परिवारों से मिलीं सांसद शांभवी चौधरी, राहत सामग्री बांटी

**कल्याणपुर एनएसबी।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के अजना पंचायत स्थित जखरा गांव के वार्ड संख्या 13 में गैस सिलेंडर फटने से पांच घर जलकर राख होने के बाद शनिवार को समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी एवं धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष सायन कुणाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर अग्निपीड़ित परिवारों से मुलाकात की। दोनों ने पीड़ित परिवारों से घटना की जानकारी ली और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बताया गया कि शुक्रवार की अहले सुबह एक घर में चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर फट गया था। इसके बाद लगी आग ने देखते ही देखते आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। अगलगी की घटना में पांच घर जलकर राख हो गए। आग में घरों में रखे सामान समेत अन्य संपत्ति के भी नुकसान की बात सामने आई है।

घटना के बाद सांसद शांभवी चौधरी ने पीड़ित परिवारों के बीच सूखा राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से बातचीत कर सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता और अन्य सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने को कहा।

## शोभायात्रा के साथ भगवान बलभद्र और सहस्त्रबाहु अर्जुन पूजनोत्सव, जायसवाल समाज ने दिखाई एकजुटता

**दलसिंहसराय/एनएसबी।** दलसिंहसराय शहर में जायसवाल समाज की ओर से भगवान श्री बलभद्र एवं सहस्त्रबाहु अर्जुन का द्वितीय पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई।




कार्यक्रम की शुरूआत शहर के प्रसिद्ध मनोकामना मंदिर से हुई। यहां से निकली शोभायात्रा 33 नंबर रेलवे गुमटी होते हुए शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई होटल मधुर मिलन, काली चौक पहुंची। शोभायात्रा में भगवान श्री बलभद्र एवं सहस्त्रबाहु अर्जुन से संबंधित आकर्षक झांकियां शामिल थीं। झांकियों और शोभायात्रा को देखने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में लोगों की भीड़ जुटी रही। समारोह में समाज की एकजुटता, सामाजिक विकास और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद तथा विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा पूर्व जिला जज नागेंद्र नाथ चौधरी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार चौधरी, डॉ. राजेश कुमार रौशन, बिहार प्रदेश आयुष चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र मौर्य, राम भूषण चौधरी, मनोज कुमार जायसवाल, राम कृष्ण चौधरी, नगर परिषद दलसिंहसराय सशक्त समिति के सदस्य देव भूषण चौधरी, बेगूसराय से विक्रम जायसवाल एवं रीणा जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभात चौधरी, राजकमल, मिथलेश चौधरी, हेमंत आनंद, चंदन जायसवाल, उत्सव जायसवाल, प्रेम जायसवाल, माधव चौधरी, सौरभ जायसवाल, बसंत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, आरके ज्वेल विजय जायसवाल सहित महिला संगठन की ज्योति जायसवाल, मधुरूपा जायसवाल, निधि जायसवाल और रूबी कुमारी की सक्रिय भूमिका रही।

समारोह में बाजितपुर, मऊ बाजार, सरायरंजन, समस्तीपुर और नागर बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों से भी जायसवाल समाज के लोग पहुंचे। सभी ने भगवान श्री बलभद्र एवं सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पीएम सूर्य घर योजना के लक्ष्य को समय पर पूरा करने पर जोर, बैंक शाखाओं से आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**समस्तीपुर/एनएसबी।** जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने को लेकर विद्युत विभाग की ओर से प्रयास तेज किए गए हैं। योजना के तहत जिले में कुल 21 हजार लाभुकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग की ओर से संबंधित बैंक शाखाओं और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लाभुकों के आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

जिले के तीन विद्युत प्रमंडलों के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत समस्तीपुर विद्युत प्रमंडल में 9460, दलसिंहसराय विद्युत प्रमंडल में 6765 तथा रोसड़ा विद्युत प्रमंडल में 4775 लाभुकों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के अनुसार, योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान कुछ बैंक शाखाओं में लाभुकों के ऋण संबंधी आवेदन लंबित अथवा अस्वीकृत किए जाने की जानकारी सामने आई है। एसबीआई की ताजपुर शाखा में 22 आवेदन सिबिल स्कोर के आधार पर अस्वीकृत किए जाने की सूचना मिली है। योजना के उपलब्ध दिशानिर्देशों में बैंकिंग प्रक्रिया के माध्यम से रूफटॉप सोलर के लिए ऋण सुविधा का प्रावधान है। इसी प्रकार केनरा बैंक की कस्बे आहार शाखा में 22 आवेदन लंबित पाए जाने की बात कही गई है। एसबीआई की विभूतिपुर, पटोरी एवं काशीपुर शाखाओं में भी योजना से संबंधित आवेदनों के लंबित अथवा अस्वीकृत होने की जानकारी सामने आई है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सरायरंजन शाखा में लाभुकों से जमीन स्वामित्व प्रमाण-पत्र मांगे जाने का मामला भी सामने आया है। वहीं ग्रामीण बैंक की खजुरी शाखा में सब्सिडी राशि को बैंक ऋण की पूरी अदायगी तक होल्ड रखने की शिकायत प्राप्त होने की बात कही गई है। पंजाब नेशनल बैंक की नारघोगी शाखा में भी आवेदन लंबे समय तक लंबित रखे जाने की सूचना मिली है। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित बैंक शाखाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए प्रस्ताव सक्षम प्राधिकार को भेजे जाने की जानकारी दी गई है। विभाग का उद्देश्य निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करना और अधिक से अधिक परिवारों को रूफटॉप सोलर से जोड़ना है।

## रालोमो की जिला बैठक में संगठन विस्तार की रणनीति पर मंथन, जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान

**दलसिंहसराय। एनएसबी** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) की समस्तीपुर जिला स्तरीय बैठक शनिवार को दलसिंहसराय प्रखंड के रामपुर जलालपुर स्थित बीएड कॉलेज के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता रालोमो के जिलाध्यक्ष निशांत कुशवाहा ने की।

बैठक में संगठन को बूथ और प्रखंड स्तर तक मजबूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने को लेकर चर्चा की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकताओं से आम लोगों के बीच जाकर संगठन की गतिविधियों एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया।

बैठक के मुख्य वक्ता रालोमो के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत पंकज ने कहा कि पार्टी को प्रदेश स्तर पर और अधिक विस्तार देने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकताओं से अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करने तथा उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से जोड़ने की अपील की।

उन्होंने लगातार जनसंपर्क अभियान चलाने और सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंड अध्यक्षों को अंगवस्त्र एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों और प्रखंड स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के अंत में रालोमो दलसिंहसराय प्रखंड अध्यक्ष धनेश्वर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

मौके पर कमलेश कुशवाहा, विनोद प्रसाद सिंह, अशोक कुमार सिंह, उदय कुमार, डॉ. राजकुमार सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशामुक्त समाज के लिए युवाओं ने उठाया संकल्प, जागरूकता अभियान में चला हस्ताक्षर अभियान

**समस्तीपुर। एनएसबी** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में रविवार को नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। सक्सेस मिशन क्लब, काशीपुर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं एवं युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी, माय भारत भावना गोयल ने कहा कि मादक पदार्थ, तंबाकू, सिगरेट सहित विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की।

डीपीओ नमामि गंगे नीरजेश कुमार ने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई से युवाओं को बचाने के लिए जागरूकता जरूरी है। युवा वर्ग आगे आकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दे, तभी समाज को नशे की समस्या से मुक्त करने की दिशा में प्रभावी प्रयास हो सकता है। इस दौरान नशे के खिलाफ स्लोगन लेखन एवं हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। युवाओं ने नशा नहीं करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन सक्सेस मिशन क्लब के संस्थापक सदस्य विकास कुमार एवं रामविनय कुमार ने किया। आयोजन में युवाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# मुक्तापुर रेल गुमटी ओवरब्रिज निर्माण का मंच ने किया निरीक्षण

**समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण और एप्रोच सड़क की व्यवस्था की मांग**

**कल्याणपुर एनएसबी।** समस्तीपुर रेल विस्तार एवं विकास मंच की टीम ने रविवार को मुक्तापुर रेल गुमटी पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया। इस दौरान मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने निर्माण स्थल का जायजा लेते हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा की। टीम ने स्थानीय दुकानदारों, आम लोगों और वाहन चालकों से बातचीत कर निर्माण कार्य के कारण उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्याम किशोर सिंह से भी निर्माण कार्य की स्थिति और अब तक की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बिजली विभाग की ओर से विद्युत पोलों को हटाकर किनारे स्थापित करने, वन विभाग द्वारा पेड़-पौधों को स्थानांतरित करने तथा रेल विभाग की ओर से गुमटी के समीप डायवर्सन मार्ग उपलब्ध कराने के बाद निर्माण कार्य में तेजी आने की संभावना है। मंच के सदस्यों ने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा कराया जाना जरूरी है, ताकि लोगों को लंबे समय तक आवागमन की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मंच के प्रतिनिधियों ने ओवरब्रिज के निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पूरा ध्यान रखने की मांग की। इसके साथ ही आरओबी के दोनों ओर समुचित एप्रोच सड़क का निर्माण कराने तथा निर्माण स्थल पर आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए सड़क को मोटरेबल यानी वाहन चलने योग्य बनाने पर जोर दिया। प्रतिनिधियों ने कहा कि ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र में रेल गुमटी के कारण लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। ऐसे में निर्माण के दौरान भी स्थानीय लोगों, दुकानदारों और वाहन चालकों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्ग और सड़क की स्थिति बेहतर रखना आवश्यक है। मंच ने निर्माण से जुड़ी समस्याओं एवं अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी, डीआरएम तथा अन्य संबंधित उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। मंच के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समय में आरओबी का निर्माण पूरा कराएंगे। नरीक्षण दल में सुरेंद्र प्रसाद सिंह, राकेश कुमार ठाकुर, शंकर प्रसाद साह, राम विनोद पासवान, विश्वनाथ सिंह हजारी, शत्रुघ्न राय पंजी, अधिवक्ता मो. शाहिद हुसैन, जयलाल राय, मनोज कुमार, अशोक कुमार, मो. असगर अंसारी, मिथिलेश कुमार राय सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### 35 पोल से हजारों फीट बिजली तार चोरी, इलाके में अंधेरा

**टिकारी (एनएसबी)।** आंती थाना क्षेत्र के तिनेरी पंचायत में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने मौला बिगहा से नरसिंहपुर रोड स्थित पत्थर पहाड़ तक 28 पोल पर लगे 11 हजार वोल्ट के और मौला बिगहा नहर से मंडूका देवी स्थान तक 7 पोल पर लगे एलटी तार को काटकर चोरी कर लिया। इस तरह कुल 35 पोल से हजारों फीट तार गायब है। रविवार सुबह ग्रामीण जब बधार की ओर गए तो कटी हुई तार जमीन पर पड़ी मिली, जिसके बाद हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना आंती थाना को दी। मौके पर पहुंची एसआई मीरा कुमारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि 35 पोल की तार काटी गई है, जांच की जा रही है। वहीं विद्युत कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि चोरों ने कृषि फीडर के तार काटे हैं, इससे किसानों को परेशानी होगी। अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

### आईएमए हॉल में जीरिएट्रीक क्लीनिक का हुआ आयोजन

**गयाजी।** रविवार को लॉयंस क्लब गयाजी द्वारा स्थानीय आई. एम. ए. हॉल में "जीरिएट्रीक क्लीनिक" का आयोजन किया गया। लायन डॉ. नन्द किशोर गुप्ता



की अध्यक्षता में इस निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर में कुल 80 रोगियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। जरूरत मंद रोगियों को निःशुल्क अंग्रेजी और होम्योपैथिक दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। हृदय रोग से पीड़ित रोगियों के लिए ई. सी. जी. की भी व्यवस्था थी। सभी रोगियों का ब्लड शुगर जांच किया गया। हड्डी रोड विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र प्रसाद, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नन्द किशोर गुप्ता, डॉ. के. के. कमर (होम्योपैथी), नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पूर्णेंदु शेखर, फिजिशियन डॉ. कुमार गौतम अजय कुमार, ललन प्रसाद, राजू कुमार, पप्पू कुमार, राजेश कुमार। लायन विनय वर्मा (अध्यक्ष), लायन डॉ. तनवीर उस्मानी (सचिव), लायन अजय कुमार, लायन राजीव शर्मा आदि इस मौके पर मौजूद थे।

### प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक सुरेंद्र पाण्डे हुए सम्मानित

**गयाजी।** प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक सुरेंद्र पांडे को पटना में आयोजित 15 वां राष्ट्रीय उत्सव में नटराज कला सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया. यह



सम्मान कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी व पटना मध्य के विधायक संजय गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया. विलक्षण प्रतिभा एवं विपुल योगदान के लिये सुरेंद्र पांडे को गायन संवर्ग में यह सम्मान मिला। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सानिध्य में आयोजित इस कार्यकम को नटराज कला मंदिर पटना ने आयोजित किया गया। गयाजी की प्रसिद्ध ठुमरी गायन शैली के गायक सुप्रसिद्ध गायक सुरेंद्र पाण्डेय को सम्मनित करने पर संगीत विद्या से जुड़े कलाकारो ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

### मुडेरा हाईस्कूल निर्माण को लेकर 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना का ऐलान

टिकारी । मुडेरा में उच्च विद्यालय निर्माण को लेकर ग्रामीणों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। विद्यालय निर्माण के लिए विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बावजूद परसावां गांव के ग्रामीणों द्वारा निर्माण कार्य रोकने और 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना देने की घोषणा किए जाने के विरोध में मुडेरा, जंगली बिगहा, कनौदी एवं घोरहा के ग्रामीणों ने भी धरना देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी, गया को आवेदन देकर 28 सितंबर 2026 से कोंच प्रखंड मुख्यालय परिसर में शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना देने की अनुमति मांगी है। आवेदन में कहा गया है कि मुडेरा में उच्च विद्यालय निर्माण के लिए विभागीय स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। इसके बावजूद निर्माण कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया जा रहा है।ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग को लेकर वे प्रखंड मुख्यालय परिसर में शांतिपूर्वक धरना देंगे। आवेदन में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के साथ धरना की अनुमति देने का भी अनुरोध किया गया है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पूरे क्षेत्र में चलाया गया सफाई अभियान

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत पूरे बिहार में मनाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत करपी प्रखंड के विभिन्न पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक के द्वारा पंचायत के भिन्न-भिन्न जगह पर साफ सफाई कार्यक्रम चलाया जा रहा है वैसे तो बिहार में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अणव्रत जारी है,लेकिन विशेष रूप से 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वछता ही सेवा अभियान कार्यक्रम अपने आप में एक अहमियत रखता है। इस तरह के स्वच्छता अभियान चलाए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह फैले हुए गंदगी को साफ किया जा रहा है।ताकि आम जनजीवन महामारी जैसे संकट से बच सके केयाल पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक पिंटू कुमार के द्वारा इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान किया गया,और पंचायत के अंदर जगह-जगह पर अन्य सुरक्षा कर्मियों को लगा कर साफ सफाई का अभियान चलाया गया इसी तरह का अभियान क्षेत्र के शहर तेलपा, जितेन्द्र राजवंशी,चौहान, उपेन्द्र कुमार,पुराण,बिनोद कुमार बेलखरा, संजय पटेल,खभैणी, सरोज कुमार,बंभई सहित प्रखंड के तमाम पंचायत में चलाया जा रहा है। इस अभियान से विद्वानों का यह कथन है कि स्वच्छ वातावरण में ही एक अच्छे व्यक्ति का निर्माण होता है। यह कथन सार्थक होता नजर आ रहा है।

### पईन में डूबने से घर का इकलौते चिराग बुझा, गांव में पसरा मातम

**शहरतेलपा(एनएसबी)।** बीते दिन अरवल जिले के शहर तेलपा थाना क्षेत्र के केयाल पंचायत के ग्राम बांसाताँड़ मे एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। पईन में नहाने के दौरान 13 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई।मृतक की पहचान सम्राट कुमार (13 वर्ष), पिता अजित कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सम्राट अपने पिता का इकलौता पुत्र था और वह आजाद नगर के पास स्थित पईन में नहाने गया था। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से वह डूब गया।आसपास के लोगों को जब घटना की जानकारी मिली तो उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।इकलौते पुत्र की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां और पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव सहित आसपास के गांवों में भी मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक सम्राट अपने घर का इकलौता चिराग था,उसकी असामयिक मृत्यु से पूरा परिवार से में चला गया है।

### बिजली तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**कुर्था (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी रामलक्ष्मण सिंह के पुत्र रविन्द्र यादव (45) की रविवार को विद्युत स्पशार्घात से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रविन्द्र यादव रविवार को खेत घूमने गए थे। खेत से लौटने के दौरान देवी स्थान के समीप बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। इसी दौरान वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, अरवल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कुर्था के राजेपुर में वक्फ कमेटी का चुनाव संपन्न

**कुर्था (एनएसबी)।** बिहार स्टेट सुन्नी वक्फ बोर्ड के निदेर्शानुसार कुर्था प्रखंड के राजेपुर स्थित वक्फ संपत्ति को लेकर आयोजित बैठक में वक्फ प्रबंध समिति का चुनाव कराया गया। चुनाव में सर्वसम्मति से खुर्शीद कुरैशी को अध्यक्ष तथा ऐनुलहक अंसारी को सचिव चुना गया।

चुनाव के दौरान गैन कुरैशी को उपाध्यक्ष, इलियास मंसूरी को उपसचिव तथा अशरफ कुरैशी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, इकबाल अंसारी, हैदर अली सहित अन्य लोगों को प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में शामिल किया गया। कुल सात सदस्यीय प्रबंध समिति का गठन किया गया। चुनाव की



बैठक में भाग लेते लोग।

अध्यक्षता जिला औकाफ कमेटी, अरवल के अध्यक्ष हाजी इसलाम अंसारी ने की। इस अवसर पर जिला औकाफ कमेटी के सचिव एडवोकेट निसार अख्तर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ की संपत्तियां आम लोगों की अमानत हैं। इनका उचित रखरखाव और पारदर्शी प्रबंधन आज के समय में बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी मेल-जोल, भाईचारे और सौहार्द के साथ वक्फ संपत्तियों की देखरेख करें तथा इनके बेहतर उपयोग और संरक्षण के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के सदस्यों से जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की।

**अध्यक्ष खुर्शीद कुरैशी, सचिव ऐनुलहक अंसारी चुने गए**

**वक्फ संपत्तियों का उचित प्रबंधन हो : निसार अख्तर**

बैठक में जिला औकाफ कमेटी के अध्यक्ष हाजी इसलाम अंसारी, उपाध्यक्ष मौलाना मिन्नतुल्लाह कासमी, सचिव एडवोकेट निसार अख्तर, मिस्टर अंसारी, शमसाद आलम सहित राजेपुर गांव के इकबाल अंसारी, हैदर अली, कुरैशी समाज के अन्य लोग तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक के दौरान वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, उचित रखरखाव और प्रबंध समिति के माध्यम से व्यवस्थित संचालन को लेकर भी चर्चा की गई।

# पितृपक्ष मेला 2026 को लेकर सड़कों की युद्धस्तरीय

**गयाजी (एनएसबी)।** पितृपक्ष मेला 2026 के अवसर पर देश-विदेश से गया जी आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों के सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन को लेकर जिला प्रशासन एवं पथ निर्माण विभाग, गया द्वारा सड़कों की मरम्मत एवं आवश्यक निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। इस वर्ष पितृपक्ष मेला का आयोजन 25 सितंबर 2026 से 10 अक्टूबर 2026 तक किया जाना है। मेला अवधि में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं पिंडदानियों के गया पहुंचने की संभावना को देखते हुए सड़क, यातायात एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा पथ निर्माण विभाग के साथ लगातार समन्वय स्थापित करते हुए मेला क्षेत्र तथा तीर्थयात्रियों के आवागमन से जुड़े प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार पॉट होल, पैचिंग, रिक्टीफिकेशन, सड़क मरम्मत एवं अन्य सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य मेला अवधि के दौरान किसी भी प्रमुख मार्ग पर आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो तथा श्रद्धालुओं को विष्णुपद मंदिर, पिंडदान स्थलों एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचने में सुविधा मिले। गयाजी टाउन क्षेत्र में विष्णुपद मंदिर से सीधे जुड़ने अथवा उससे संपर्क स्थापित करने वाली कुल 21 सड़कों में से 14 सड़कों पर पॉट होल पैचिंग, रिक्टीफिकेशन एवं मरम्मत का कार्य 19 सितंबर 2026 तक पूर्ण कर लिया गया है। शेष सड़कों पर मरम्मत कार्य तेजी से जारी है तथा इसे 24 सितंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पितृपक्ष मेला के दौरान गया में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में

**पितृपक्ष के 5 दिन शेष**



श्रद्धालु एवं पिंडदानी पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का प्रमुख आवागमन गया रेलवे स्टेशन, बोधगया, विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी के घाटों, पिंडदान स्थलों एवं अन्य धार्मिक स्थलों की ओर होता है। ऐसे में इन सभी प्रमुख मार्गों की सड़क स्थिति को बेहतर रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है। जिला प्रशासन द्वारा पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मेला प्रारंभ होने से पूर्व चिह्नित सभी महत्वपूर्ण सड़कों पर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। सड़क निर्माण एवं मरम्मत के दौरान भी यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आम लोगों तथा तीर्थयात्रियों के आवागमन में न्यूनतम व्यवधान है। मेला क्षेत्र की तैयारियों की नियमित समीक्षा जिला प्रशासन के स्तर पर की जा रही है। सड़क मरम्मत कार्यों की प्रगति की लगातार निगरानी करते हुए संबंधित अभियंताओं एवं पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि मेला अवधि के दौरान गया आने वाले प्र तीर्थयात्री को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिले तथा पिंडदान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े।

**तीर्थयात्रियों के सुगम आवागमन के लिए पथ निर्माण विभाग ने तेज की कार्रवाई**

# लहेरी समाज का सातवां वनभोज सह मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

**गयाजी (एनएसबी)।** रविवार को स्थानीय कपिलधारा स्थित बाबा गणिनाथ गोविंद आश्रम में गया जिला लहेरी संघ की ओर से सातवां वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बिहार, झारखंड उड़ीसा पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, नई दिल्ली और हरियाणा से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज की प्रगति, आर्थिक दशा-दिशा और आपसी एकजुटता को मजबूत करना था।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि गया नगर निगम के महापौर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, पूर्व उपमहापौर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, अखिल भारतीय लाहकार संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामफल लखेरा एवं दुर्गा शंकर लहेरा, झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष शशि लाहकार, महासचिव विनोद कुमार लाहकार, फरीदाबाद से सुरेंद्र सोलंकी, रोहतक से सी.एस. दीवान, अखिल भारतीय लखेरा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवीन कुमार लहेरी, प्रदेश महिला अध्यक्षा वीणा देवी सहित अन्य मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

स्वागत उद्बोधन में आगत सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए नवीन कुमार लहेरी ने कहा कि समाज की एकता, उत्थान और प्रगति के लिए ऐसे आयोजनों का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर रचनात्मक कार्य करने का आह्वान किया, जिससे समाज को एक नई दिशा मिल सके। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामफल लखेरा ने कड़े शब्दों में कहा कि समाज के युवक-युवतियों का विवाह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद ही किया जाना चाहिए। कम उम्र में शादियां होने के कारण समाज में शिक्षा का स्तर पिछड़ रहा है, जिसे सुधारने की आज सबसे बड़ी




आवश्यकता है। फरीदाबाद से पधारे सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि जब तक समाज में आपसी एकजुटता नहीं होगी, तब तक संपूर्ण सशक्तिकरण संभव नहीं है। उन्होंने समाज के पिछड़ेपन को दूर करने पर शिक्षा को महत्व दिया।

बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में नगर निगम के महापौर गणेश पासवान ने कहा कि कोई भी समाज गरीब नहीं होता, बल्कि शिक्षा के स्तर को बढ़ाकर ही वास्तविक गरीबी को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संख्या बल कम होने के बावजूद लहेरी समाज का देश और समाज के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य सरकार को समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए ठोस कदम रखना चाहिए। उनके परंपरागत पेशे को पुनर्जीवित करने के लिए आगे आने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए पूर्व उपमहापौर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने वर्षों से उपेक्षित रहे लहेरी समाज को एक आधुनिक सामुदायिक भवन बनवाने का बड़ा ऐलान किया। उन्होंने घोषणा की कि आगामी छह महीने के भीतर समाज को यह सौगात मिल जाएगी, जिसमें आरओ वाटर, बिजली और अन्य सभी आधुनिक सुविधाएं सुसज्जित होंगी। इससे समाज के लोग अपने सामाजिक एवं मांगलिक कार्य एक छत के नीचे आसानी से संपन्न कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि लहेरी जाति ने चूड़ी का कारोबार कर सांस्कृतिक परंपरा को जीवन बनाने का काम किया है। भले ही आर्थिक स्थिति संघर्षपूर्ण रही हो, लेकिन लहेरी समाज के भीतर का हौसला और जुनून ही इन्हें निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए धीरज कुमार लहेरी ने पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव द्वारा लहेरी समाज को सामुदायिक भवन देने की घोषणा का स्वागत करते हुए समाज की ओर से उनके प्रति आभार प्रकट किया। समारोह के दौरान एक विशेष अविवाहित युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में अभिभावक, युवक और युवतियां उपस्थित रहे। इस सत्र से परिवारों को आपस में जुड़ने और वैवाहिक रिश्तों की रूपरेखा तय करने में काफी सहायता मिली। आगत सभी प्रतिनिधियों को विष्णु चरण, अंग वस्त्र और माला पहनकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत-संगीत का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पटना दूरदर्शन की प्रसिद्ध गायिका पूर्णिमा चंद्रा और स्थानीय गीतकार श्याम कुमार की युगल जोड़ी ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मनमोहक प्रस्तुति पर श्रोता झूमते रहे और पूरे पंडाल में उत्सव जैसा माहौल बन गया। कार्यक्रम के अंत में समाज की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शंकर लहेरी, संतोष कुमार लहेरी, निरंजन कुमार, भोला लहेरी, मुनमुन कुमार, विनोद प्रसाद लहेरी, मणिकांत, संजय लहेरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जिला पदाधिकारी ने दिव्यांगजनों के बीच 20 बैटरी चालित ट्राई-साइकिल का किया वितरण

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा समाहरणालय परिसर, अरवल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पात्र दिव्यांगजनों के बीच 20 बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा लाभुक दिव्यांगजनों को सांकेतिक रूप से चाबी प्रदान की गई तथा हरी झंडी दिखाकर बैटरी चालित ट्राई साइकिल के साथ रवाना किया गया। इस पहल का उद्देश्य चलन दिव्यांगजनों की आवागमन संबंधी कठिनाइयों को कम करते हुए उन्हें अधिक आत्मनिर्भर, सशक्त एवं स्वावलंबी बनाना है। कार्यक्रम के अवसर पर दिव्यांगजनों, वृद्धजनों एवं विधवाओं के कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु विशेष स्टॉल भी लगाया गया। स्टॉल के माध्यम से उपस्थित लाभुकों एवं आमजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। बैटरी चालित ट्राई साइकिल के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत वैसे 18 वर्ष पूर्ण कर चुके चलंत दिव्यांगजन, जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है तथा जिन्हें आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, निर्धारित पात्रता एवं शर्तों के अनुरूप बैटरी चालित ट्राई साइकिल के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## सेवा संकल्प अभियान की कार्ययोजना को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**अरवल (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक जिला अतिथि गृह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने की, जबकि कुशल संचालन कार्यक्रम प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भास्कर कुमार ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले एक माह के ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कार्यकताओं को अभियान के तहत विभिन्न जनहितकारी एवं सेवा कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनसे संवाद करें तथा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाते हुए अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं सुशासन के 25 वर्ष की यात्रा देशवासियों के आशीर्वाद और भाजपा के समर्पित एवं देवदुर्लभ कार्यकताओं के अथक प्रयासों से संभव हुई है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कार्यक्रम प्रभारी भास्कर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को साकार करने के लिए संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने के लिए संगठन के नौ मंडलों में कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु संयोजक एवं सह-संयोजक बनाए गए हैं।

# पत्रकारों की वजह से सच्चाई आज भी जीवित है : केशव प्रसाद मौर्य

**उपमुख्यमंत्री ने आईएफडब्लूजे के 132 वें राष्ट्रीय परिषद सत्र को वर्चुअल माध्यम से किया संबोधित**

**बोधगया (एनएसबी)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बिहार के बोधगया में आयोजित इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के 132 वें राष्ट्रीय परिषद सत्र से वर्चुअल माध्यम से पत्रकारों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारिता के महत्व, लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका, निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता की आवश्यकता तथा राष्ट्र और समाज के प्रति पत्रकारों के दायित्वों पर अपने विचार व्यक्त किए। उपमुख्यमंत्री ने आईएफडब्ल्यूजे के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. के. विक्रम राव जी को स्मरण करते हुए कहा कि डॉ. राव पत्रकारों की बुलंद आवाज थे। भारतीय पुलिस सेवा में चयनित होने के बावजूद उन्होंने अफसर की कुर्सी के बजाय पत्रकार की कलम को चुना। उनका यह निर्णय पत्रकारिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, साहस और जनसरोकारों के प्रति समर्पण का प्रतीक है। डॉ. के. विक्रम राव जी की पावन स्मृतियों को सादर नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन और कृतित्व पत्रकारिता जगत के लिए प्रेरणास्त्रोत है। श्री मौर्य ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। पत्रकारों की वजह से सच्चाई आज भी जीवित है। निष्पक्ष, निर्भीक और




मंचासीन अतिथि।



वर्चुअल संबोधन करते उपमुख्यमंत्री।

जिम्मेदार पत्रकारिता समाज को वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराती है तथा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाती है। पत्रकारों की लेखनी ने जनसामान्य के बीच अनेक महत्वपूर्ण विषयों को पहुंचाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से जनता के सामने विभिन्न राजनीतिक दलों और सरकारों के कार्यों का वास्तविक चित्र प्रस्तुत होता है। विपक्ष के कुक्रम और जनविरोधी गतिविधियां भी पत्रकारों की सक्रियता के कारण जनता के सामने आती हैं। जनता तथ्यों के आधार पर अपना दृष्टिकोण बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार जनता के विश्वास पर खरा उतरने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरकार जनकल्याण, सुशासन और विकास के माध्यम से देश के प्रत्येक राज्य में जनता का विश्वास अर्जित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। युवाओं को आधुनिक तकनीक, नवाचार, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों से जोड़कर विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय, सम्मान और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय सुनिश्चित करने के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। श्री मौर्य ने पत्रकारो से आह्वान किया कि वे डॉ. के. विक्रम राव जैसे वरिष्ठ पत्रकारों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सत्य, निष्पक्षता, तथ्यपरकता और जनहित को अपनी पत्रकारिता का आधार बनाएं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार प्रस्तुत करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। उपमुख्यमंत्री ने आईएफडब्लूजे के 132वें राष्ट्रीय परिषद सत्र के आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के आयोजन पत्रकारिता जगत में वैचारिक विमर्श, अनुभवों के आदान-प्रदान और युवा पत्रकारों के मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण माध्यम बनेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सराय टोल प्लाजा पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई - 407 पिकअप जब्त - ड्राइवर गिरफ्तार

**सराय (एनएसबी)।** रविवार देर संध्या सराय टोल प्लाजा पर सराय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक 407 पिकअप वाहन को जब्त किया। वाहन में भारी मात्रा में बीयर और विदेशी शराब लदी थी, लगभग 400 लीटर बताई जा रही है। सराय थानाध्यक्ष सजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर टोल प्लाजा पर



चेकपॉइंट लगाकर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 407 पिकअप को रोककर तलाशी ली गई तो भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। ड्राइवर को मौके पर ही गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई और पूछताछ में जुटी है।

### दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर हुई समिति की बैठक

**महुआ (एनएसबी)।** रविवार को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति जहांगीरपुर सलखन्नी (घुसकी हाट) वार्ड नंबर 01 पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिन्हा एवं संचालन पूजा समिति के सचिव विपुल कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूजा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होगी।विजयदशमी के दिन रावण का दहन भी किया जाएगा।संस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित की जाएगी।इस



बैठक में पूजा समिति के कोषाध्यक्ष अर्जुन प्रधान, जहांगीरपुर सलखन्नी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पारस मणि, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पप्पू चौधरी,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू राम,बस्ती सरसिकन पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेश चौधरी,वार्ड सदस्य महेश कुमार,राम स्वार्थ सिंह,सुरेंद्र पासवान,मुकेश आशिक,मंगल राय,सुधीर कुमार,संजय राय, विवेक, मुन्ना, अशोक, सुरेंद्र,कुंदन,दीपक,लालबाबू शर्मा,संजीव पासवान,विवेक पासवान,विनोद चौधरी,सिंटू कुमार आदि के साथ साथ अनेकों लोग मौजूद रहे।

### 'यूथ बोले तो' कार्यक्रम की सफलता को लेकर हाजीपुर में बैठक

**हाजीपुर (एनएसबी)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से आगामी 24 सितंबर 2026 को पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले 'यूथ बोले तो' कार्यक्रम की भव्य एवं सफल तैयारी को लेकर रविवार को सिटी पैलेस, हाजीपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह विधान पार्षद अशरफ अंसारी ने प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान कार्यक्रम में जिले से अधिक से अधिक युवाओं एवं कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने, संगठनात्मक स्तर पर तैयारियों को गति देने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक रणनीति पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भी विचार साझा किए। विधान पार्षद अशरफ अंसारी ने बताया कि ह्ययूथ बोले तोह्ल कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में युवाओं से शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, उद्यमिता, तकनीक एवं भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर सीधा संवाद किया जाएग। ह्ययूथ बोले तोह्ल कार्यक्रम युवाओं को अपनी बात, सवाल और सुझाव सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के समक्ष रखने का मंच प्रदान करेगा।

### मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में 12 घायल, चार रेफर

**कल्याणपुर एनएसबी।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में 12 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.के. ठाकुर ने बताया कि घायलों में हायाघाट गांव निवासी 39 वर्षीय मोहम्मद निराले, जर्नादनपुर गांव निवासी राजीव कुमार ठाकुर, बांकीपुर गांव निवासी 60 वर्षीय मनतोरी देवी एवं 20 वर्षीय नीतीश कुमार शामिल हैं। वहीं लदौरा गांव निवासी मुन्ना कुमार एवं 21 वर्षीय दीपांजलि, बिरसिंहपुर गांव निवासी 16 वर्षीय विकास कुमार, 18 वर्षीय सचिन कुमार एवं 27 वर्षीय राकसाना खातून तथा बारह पत्थर गांव निवासी 23 वर्षीय राहुल कुमार भी मारपीट में घायल हुए हैं। कारंबघा गांव निवासी विपीन कुमार के घायल होने की भी जानकारी दी गई है। अस्पताल में इलाज के दौरान चार घायलों की स्थिति गंभीर पाए जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया। अलग-अलग गांवों में हुई घटनाओं के कारणों को लेकर स्थानीय स्तर पर विवाद की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, दो एनबीडब्ल्यू वारंटी भी धराए

**कल्याणपुर एनएसबी।** कल्याणपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने अलग-अलग मामलों में जारी एनबीडब्ल्यू वारंट के आधार पर दो वारंटियों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार रावत ने बताया कि कांड संख्या 337/26 से जुड़े चोरी के मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिंघियाही गांव निवासी रामलाल गिरी के पुत्र राहुल कुमार को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पुलिस टीम ने परतापुर गांव निवासी स्वर्गीय दुर्गा लाल के पुत्र सुभाष कुमार तथा मनियारपुर गांव निवासी तेजन राम के पुत्र शिबू राम को भी गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी था। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ विभिन्न मामलों में फरार एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### बूढ़ी गंडक में स्नान के दौरान किशोर की डूबने से मौत

**कल्याणपुर एनएसबी।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौरा गांव के समीप बूढ़ी गंडक नदी में रविवार को स्नान करने के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद नदी किनारे अफरा-तफरी मच गई। साथ में स्नान कर रहे अन्य किशोरों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार लदौरा गांव के कुछ किशोर रविवार को बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान 17 वर्षीय मोहम्मद अब्दुल गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण तत्काल सफलता नहीं मिल सकी। बाद में स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद किशोर को पानी से बाहर निकाला गया।

# नशामुक्त बिहार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हाजीपुर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत राष्ट्रव्यापी संकल्प तथा मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में नशामुक्ति के आवाह्न के आलोक में नशामुक्त बिहार कार्यक्रम का आयोजन हाजीपुर के बिका सभागार में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी, विधानपार्षद डॉ० संजय मयूख ,कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी श्री किशलय किशोर , बिका के निदेशक श्री जितेंद्र कुमार, सुश्री चेतना झांब, डॉ० पंकज सिंह, मनीष कुमार, शेखर कुमार इत्यादि ने सामूहिक रूप से किया। अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि आज के परिवेश में नशामुक्त समाज बनाना हम सबों की नैतिक जिम्मेवारी है ।

इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि किशलय किशोर जैसे युवा समाज के लिए एक उदाहरण हैं, वहीं डॉ० संजय मयूख ने कहा कि हाल के दिनों में यह देखा गया है कि वैशाली जिले में नशे





का प्रभाव बढ़ा है जबकि वैशाली हमेशा से पूरे विश्व को लोकतंत्र और ज्ञान का पाठ पढ़ाने वाला रहा है, ऐसे में यहां के लोगों कि नैतिक जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान एक गैर राजनैतिक अभियान है, जो पूरे बिहार में सिलसिलेवार चलाया जाएगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आयोजक किशलय किशोर ने कहा कि नशा न हमें सिर्फ आर्थिक रूप से कमजोर करता है बल्कि सामाजिक रूप से हमारी प्रतिष्ठा को भी धूमिल करता है तथा परिवार के आने वाली कई पीढ़ियों का भविष्य बर्बाद कर देता है, नशे की लत से शिक्षा और संस्कार का भी नाश होता है, इसीलिए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की ।

बिका के निदेशक श्री जितेंद्र कुमार ने इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजनों के लिए बिका का परिसर हमेशा उपलब्ध रहेगा तथा उन्होंने नशा को सामाजिक पहल से खत्म करने की बात कही। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महामंत्री श्री पंकज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस पुनीत अभियान में शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहेगा । एक एक शिक्षक एवं छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सचेत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन राजा उत्सव ने किया ।

## नशे के सौदागरों से सांठ गांठ रखने में थानाध्यक्ष समेत 8 पुलिसकर्मी निलंबित

**पीली डायरी ने खोला काले कारनामे का कच्चा चिट्ठा। पुलिस मुख्यालय ने की बड़ी कार्रवाई।**

**हाजीपुर/महनार (एनएसबी)।** राज्य के पुलिस मुख्यालय ने नशे के सौदागरों से कथित सांठ गांठ रखने के आरोप में महनार थानाध्यक्ष वेदानंद सिंह समेत 8 पुलिसकर्मी को निलंबित किया गया।निलंबित होने वालों में डायल 112 प्रभारी,एक दरोगा,दो सिपाही और चार चौकीदार शामिल है पुलिस मुख्यालय की जांच के बाद यह कार्रवाई की गई।पूरा मामला महनार थानाक्षेत्र के लावापुर गांव में सूखा नशा कारोबारी के घर हुई छापेमारी से जुड़ा है।

बताया जाता है कि 23 जुलाई 2026 को मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, पटना की टीम ने महनार थाना पुलिस के साथ लावापुर नारायण गांव में मनी राय और धनंजय राय के घर पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान 492.99 ग्राम स्मैक/कोटा मादक पदार्थ, छह लाख 51 हजार रुपये से अधिक नगद, सोना-चांदी, एक देशी कट्टा और बाइक बरामद होने की बात सामने आई थी। मादक पदार्थ की यह बरामदगी महनार थाना क्षेत्र में अब तक की बड़ी बरामदगी में बताई गई थी। बताया जाता है कि इसी मामले की जांच के दौरान महनार थाना में तैनात



पुलिसकर्मियों की नशा कारोबारियों से कथित सांठगांठ के आरोप सामने आए। शिकायत यह भी थी कि दूसरे बरामद सामान को भी जब्ती सूची में ठीक से दर्ज नहीं किया गया।

सूखा नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने वाली पुलिस ही अब सवालों के घेरे में है क्योंकि जिस थाने पर इलाके को नशामुक्त रखने और नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसने की जिम्मेदारी थी उसी थाने के थानाध्यक्ष समेत 8 पुलिसकर्मियों पर नशा कारोबारियों से कथित सांठगांठ के आरोप में निलंबन की कार्रवाई ने पूरे पुलिस तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है। कई अन्य पदाधिकारियों के भूमिका की भी जांच की जा रही है।ऐसे में पुलिस मुख्यालय स्तर पर हुई जांच और कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि महनार में सूखा नशा कारोबार आखिर पुलिस की नजर से बच कर चल रहा था या पुलिस के संरक्षण के में?बताया जा रहा है कि आरोपो की जांच के दौरान पीली डायरी, कॉल डिटेल और उउळश फुटेज जैसे महत्वपूर्ण साक्ष्यों की पड़ताल की गई और इन साक्ष्यों में सामने आए कथित संपर्क और गतिविधियों ने पुलिसकर्मियों तथा नशा कारोबारियों के बीच संबंधों को लेकर गंभीर संदेह पैदा किया जिसके बाद पुलिस मुख्यालय ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई की पुष्टी करते हुए ग्रामीण एसपी सोनू कुमार राय ने बताया कि निलंबित पुलिसकर्मियों में महनार थानाध्यक्ष वेदानंद सिंह, डायल-112 प्रभारी, एएसआई राजेश कुमार, सिपाही राजीव कुमार,महिला सिपाही निशा कुमारी तथा चौकीदार रौशन कुमार,राजन पासवान,रघुनाथ कुशवाहा और पुतलेश कुमार शामिल हैं। ऐसे में अहम सवाल यह कि सूखे नशे के इस अवैध कारोबार में पुलिस माफिया गठजोड़ की जड़े कहाँ तक फैली हुई है।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजिय

**300 लोगों का हुआ मुफ्त इलाज व जांच**

**हाजीपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चिकित्सा प्रकोष्ठ, वैशाली दक्षिणी के तत्वावधान में आज हाजीपुर के ऐतिहासिक रामचौरा मंदिर परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित इस शिविर में सुबह से ही मरीजों का तांता लगा रहा, जिसमें कुल 300 लोगों का मुफ्त इलाज, स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श दिया गया।मुख्य अतिथि और वरिष्ठ नेताओं ने किया शुभारंभशिविर का नेता संजीव कुशवाहा, कौशल सिंह, सुबोध कांस्यकार, विनय कुमार निराला और कमल किशोर राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की गहन जांच कर उन्हें उचित चिकित्सीय सलाह दी:सामान्य रोग विशेषज्ञ: डॉ. रवि भूषण लाल एवं डॉ. अमित कुमार सिंहनेत्र रोग विशेषज्ञ: डॉ. रमाकांत ठाकुर एवं डॉ.



विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उप सभापति प्रतिनिधि मनोरंजन पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का कुशल नेतृत्व और संचालन जिला संयोजक भारतेंदु ऋतुराज, जिला सह संयोजक डॉ. रवि प्रकाश गुप्ता, विधानसभा प्रभारी किशोर कुणाल और मंडल संयोजक अमित निषाद की देखरेख में संपन्न हुआ। भाजपा वैशाली के उपाध्यक्ष मिथलेश तिवारी, भाजपा अमित प्रकाशस्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ: डॉ. नेहा तिवारीहड्डी रोग विशेषज्ञ: डॉ. रौशनपैथोलॉजिस्ट: डॉ. रोहित कुमार सिंहदंत चिकित्सक: डॉ. सपनाशिविर के समापन पर पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि अंत्योदय की भावना के साथ समाज के हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना ही इस 'सेवा संकल्प अभियान' का मुख्य लक्ष्य है।

## विश्व स्वच्छता दिवस पर गंडक नदी एवं स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में चला स्वच्छता अभियान

**हाजीपुर (एनएसबी)।** विश्व स्वच्छता दिवस के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड, वैशाली एवं अर्थ डे नेटवर्क इंडिया के सहयोग से प्लास्टिक वॉरियर्स टीम द्वारा गंडक नदी क्षेत्र एवं स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में विशेष स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्काउट-गाइड एवं प्लास्टिक वॉरियर्स ने श्रमदान करते हुए नदी क्षेत्र एवं कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत गंडक नदी के आसपास



के क्षेत्र से प्लास्टिक कचरा, पॉलीथिन एवं अन्य अपशिष्ट को एकत्र कर उचित तरीके से हटाया गया। स्वयंसेवकों ने लोगों से अपील की कि नदी एवं सार्वजनिक स्थलों को कूड़ेदान न बनाएं और विशेष रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करें।इसके साथ ही स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में भी व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के बाद स्काउट एवं गाइड द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व गाइड कैप्टन आरती सिंह ने किया। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली के जिला संगठन आयुक्त एवं अर्थ डे नेटवर्क इंडिया के राज्य सलाहकार ऋतुराज ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है। गंडक नदी हमारे लिए केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी प्राकृतिक धरोहर है। इसे प्लास्टिक और कचरे से मुक्त रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## हाजीपुर जंक्शन पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम, श्रमदान, वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**हाजीपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेलवे सोनपुर डिविजन के तत्वावधान में स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सहयोग से हाजीपुर जंक्शन पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम, श्रमदान, वृक्षारोपण कार्यक्रम इत्यादि का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सोनपुर रेल मंडल के सहायक मंडल यांत्रिक इंजीनियर विकास शुक्ला ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास से ट्रेनों में एवं रेल परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। जिसमें आम जन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आम लोगों से अपील किया है कि रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाने में आप सभी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। स्टेशन परिसर में यत्र तत्र कूड़ा कचरा ना फेके तथा डस्टबिन का प्रयोग करें। इस अवसर पर उन्होंने स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में स्वर्गीय





कन्हाई सामाजिक सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव डॉक्टर सुधीर कुमार शुक्ला ने कहा कि भारतीय रेल को स्वच्छ रखना हम सभी के सामूहिक के जिम्मेवारी है। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि रेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विशेष स्वच्छता कार्यक्रम चलाई जा रही है ताकि लोगों के बीच जन जागरूकता फैलाई जा सके। कार्यक्रम में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संजय कुमार सिन्हा, अप स्टेशन अधीक्षक विजय कुमार, रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर राकेश सिंह, स्काउट एंड गाइड का आयुक्त ऋतुराज स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के राहुल कुमार, कन्हाई कुमार झा मिथिलेश पटेल, मुन्ना सिंह, विपिन कुमार इत्यादि के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड के बच्चों एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

## गृह स्वामी को घर में बंद कर लाखों रुपए की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ

**24 घंटे के अंदर थाना क्षेत्र में हुई दो भयंकर चोरी की घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर लोगों में गहरा आक्रोश।**

**महुआ (एनएसबी)।** महुआ थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगातार घट रही चोरी की घटनाओं से जहां इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर लोगों ने सवाल उठने शुरू कर दिए हैं। वहीं क्षेत्र में लगातार घट रहे चोरी की घटनाओं के बाद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र के मांगुराही पंचायत के मांगुराही गांव में उपेंद्र राय के घर में शनिवार की देर रात चोरों ने एक भीषण चोरी की घटना को अंजाम देते हुए लाखों रुपए की संपत्ति उठाकर ले जाने में कामयाब रहे। घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वही इस घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्रीत परिवार ने इस चोरी की घटना के बाद महुआ थाने को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद महुआ थाने की पुलिस अपने दल वल के साथ मौके पर



पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के डरने के बाद प्रीति परिवार ने महुआ थाने को एक लिखित आवेदन दिया है उसे लिखित आवेदन में प्रेषित गिरी स्वामी उपेंद्र राय ने लिखा है कि शनिवार की देर रात अज्ञात लोगों के द्वारा घर में सो रहे हैं लोगों को बाहर से किवाड़ बंद कर दिए जाने के बाद डकैतों ने घर में रखे गोदरेज की अलमारी को उठाकर घर से काफी दूर चौड़ में ले गए ।वहीं घर में रखी कई बक्से भी उठा कर ले गए इसका कोई अता-पता नहीं चल पाया है। पीड़ित उपेंद्र राय ने आवेदन में लिखा है कि बेटी की शादी के लिए 9 लाख पचास हजार रुपए नगद के साथ-साथ 8 लाख रुपए के आसपास के जेवरात भी रखे हुए थे। चोरों ने अलमारी को तोड़कर सारा सामान गायब कर दिया। वही तीन बक्से भी उठा कर ले गए जिसमें भी 3 लाख रुपए नगदी के साथ-साथ लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात भी चोरों ने गायब कर। घटना एक बजे के रात्रि के आसपास की बताई जाती। रविवार की सुबह जब लोगों ने घर की हालत देखी तो माजरा समझते ही सबों होश उड़ गए।घर में सभी रोने पीटने लगे। वहीं आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई घटना की खबर सुनते ही पूर्व जिला परिषद अशोक कुमार अकेला , राजद नेता प्रदीप राय, जलाल पुर गंगटी पंचायत के मुखिया आमोद कुमार के साथ-साथ अनेकों लोग पीड़ित परिवार के घर पर पहुंच कर अपनी संवेदना प्रकट करते इस भयंकर चोरी की घटना की तीव्र निन्दा करते हुए मौके पर उपस्थित पुलिस से यथा शीघ्र इस मामले की छानबीन करते हुए सफल उद्भेदन की मांग की है। 24 घंटे के अंदर महुआ प्रखंड क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह पर हुई भयंकर चोरी की घटना के बाद पुलिस के कार्यशैली पर भी लोगों ने गंभीर सवाल उठने शुरू कर दिए हैं ।लोगों का कहना है यदि पुलिस सघन गस्ती चलाएं तो इस तरह की घटनाओं पर काफी अंकुश लगाया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

**गोपालगंज (एनएसबी)।** गोपालगंज के तत्वावधान में आज रविवार को कुचायकोट प्रखंड के सांगवाडीह पंचायत भवन परिसर में सूचना का अधिकार अधिनियम एवम नागरिकों के मौलिक कर्तव्य, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, विधिक सहायता आदि विभिन्न विषयो पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया स कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज के पैनल अधिवक्ता संजीव एवं पीएलबी इम्तियाज अंसारी की टीम ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सूचना का अधिकार अधिनियम क्या है, किसी विभाग से सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सूचना प्राप्त करने के तरीके, सूचना प्रदान करने की समयावधि, भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्य के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज एवम राष्ट्रीय गान का सम्मान, भारत की संप्रभुता एवम अखंडता की रक्षा करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, सभी माता पिता एवम अभिभावक को अपने 6 से 14 वर्ष के बच्चो को स्कूल भेजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया स साथ ही कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के तहत कानूनी प्रावधान तथा कानूनी सहायता के अंतर्गत कोई भी महिला, जो किसी विभाग में कार्यरत हैं और कार्य स्थल पर उस महिला के साथ किसी प्रकार का यौन उत्पीडन का मामला होता है तो वह महिला उस विभाग में बने यौन उत्पीडन कमिटी के समक्ष अपना मामला रख सकती हैं एवं कमिटी उन पहलुओं पर उचित निर्णय लेगी आदि विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई स टीम के सदस्यों द्वारा मुफ्त विधिक सहायता प्राप्त करने के तरीके एवं मुफ्त विधिक सहायता के अंतर्गत उचित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को उनके वादों में उचित पैरवी करने हेतु मुफ्त अधिवक्ता की उपलब्धता पर भी प्रकाश डाला गया स कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता के बीच पीएलवी इम्तियाज अंसारी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संबंधित तथा केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित हैंडबिल भी वितरित किया गया एवम उक्त योजनाओं के बारे में भी उपस्थित आम जनता को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सांगवाडीह पंचायत के मुखिया, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियो के अलावा स्थानीय ग्रामीण जनता उपस्थित हुए स

### स्वर्ण व्यवसायी लूटकांड में संदिग्धों की तलाश तेज,रातभर छापामारी

**कटेया,गोपालगंज (एनएसबी)।** कटेया थाना क्षेत्र के जमुनहा बाजार-भृंगीचक मार्ग पर स्वर्ण व्यवसायी हरेंद्र वर्मा से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूटे जाने के मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है।घटना के उद्भेदन के लिए गठित




एसआईटी ने संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापामारी शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल से बरामद बाइक के आधार पर भी अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस की टीम ने जमुनहा बाजार से लेकर भृंगीचक मार्ग तक लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला है।फुटेज के माध्यम से यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि अपराधियों ने व्यवसायी का पीछा कहां से किया था। साथ ही घटना के बाद बदमाश किस रास्ते से फरार हुए, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। शनिवार की शाम दो बाइक पर सवार करीब चार अपराधियों ने भृंगीचक के समीप बसवारी के पास व्यवसायी को घेर लिया था। अपराधियों ने गहनों से भरा बैग छीन लिया। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर व्यवसायी को जख्मी कर दिया गया। व्यवसायी के शोर मचाने पर लोगों के जुटने की आहट पाकर बदमाशों ने हवाई फायरिंग की और भाग निकले।भागने के दौरान एक बाइक घटनास्थल पर ही छूट गई थी। घटना के बाद पुलिस की टीम शनिवार की रात संभावित ठिकानों पर छापामारी की। हालांकि,अब तक किसी संदिग्ध की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। पुलिस का कहना है कि मामले में कई बिंदुओं पर जांच चल रही है और जल्द ही अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में कटेया थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस सभी आवश्यक बिंदुओं पर जांच कर रही है। मामले का जल्द से जल्द उद्भेदन करने की दिशा में पुलिस टीम कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि घटना में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

### छिनतई गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार; 16 जेवरात और बाइक बरामद, खरीदने वाला सोनार भी पकड़ा गया

**दलसिंहसराय नगर। एनएसबी** दलसिंहसराय एवं आसपास के क्षेत्रों में चोरी और छिनतई की घटनाओं की जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक, सोने का मंगलसूत्र, लॉकेट, कान का फूल समेत 16 पीस आभूषण और एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपितों से कई घटनाओं में उनकी कथित संलिप्तता की जानकारी मिली है। रविवार को डीएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम तकनीकी अनुसंधान और प्राप्त सूचनाओं के आधार पर लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपित बार-बार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस को चकमा देने का प्रयास कर रहे थे। इसी क्रम में 19 सितंबर को करीब 3:30 से 4 बजे के बीच पुलिस को सूचना मिली कि सदरगंज चौक के पास एक महिला के गले से सोने की चेन छीनने का प्रयास किया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर वार्ड संख्या 13 निवासी विमल पोद्दार के पुत्र अनीश कुमार उर्फ बौधा तथा नरहन बस स्टैंड वार्ड संख्या 14 निवासी स्व. अर्जुन महतो के पुत्र शिव कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

**चोरी के जेवर खरीदने वाला सोनार भी गिरफ्तार**

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपितों से पूछताछ और उनकी निशानदेही के आधार पर चोरी के आभूषण खरीदने वाले एक सोनार को भी गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एकडारा निवासी सुजीत कुमार साह के रूप में हुई है। पुलिस ने सिंघिया बाजार स्थित उसकी दुकान से विभिन्न मामलों में लूटे अथवा चोरी किए गए 16 पीस आभूषण बरामद करने का दावा किया है। पुलिस जांच में यह भी बात सामने आने की जानकारी दी गई कि अनीश कुमार उर्फ बौधा अपने अन्य साथियों और एक महिला के साथ मिलकर छिनतई की घटनाओं को अंजाम देता था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस पहले से लगातार छापेमारी कर रही थी।

**14 मामलों में दर्ज हैं कांड**

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों से संबंधित बेगूसराय, विभूतिपुर और दलसिंहसराय थानों में कुल 14 कांड दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपितों से पूछताछ कर छिनतई की अन्य घटनाओं, गिरोह में शामिल लोगों तथा चोरी-लूट के सामान की खरीद-बिक्री से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटाने में लगी है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ विवेक कुमार शर्मा, दलसिंहसराय थानाध्यक्ष इरशाद आलम समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि बरामद आभूषणों और पूछताछ के आधार पर अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

## जनता दरबार में माननीय सांसद सह जद(यू.) राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सुमन जी ने सुनीं आमजनों की समस्याएँ


(फरियाद सुनते सांसद)

**गोपालगंज (एनएसबी)।** आम जनता की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान के उद्देश्य से माननीय सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन जी ने अपने आवास पर जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से सांसद महोदय को अवगत कराया। सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन जी ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर कई मामलों के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेंशन, सरकारी योजनाओं का लाभ सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मामलों को लोगों ने सांसद महोदय के समक्ष रखा। सांसद महोदय ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। आमजन अपनी समस्याओं को लेकर सीधे संपर्क कर सकते हैं, उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते आम जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना और संबंधित विभागों के माध्यम से उनके समाधान का प्रयास करना उनकी जिम्मेदारी है। जनता की सेवा, क्षेत्र का विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाना निरंतर जारी रहेगा। जनता दरबार के दौरान लोगों ने अपनी समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनके समाधान के लिए पहल करने पर सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 18 मामलों में जब्त 2874 लीटर शराब का हुआ विनष्टीकरण


(जेसीबी से विनष्टीकरण करते)

**कटेया, गोपालगंज (एनएसबी)।** शराबबंदी कानून के तहत कटेया थाना क्षेत्र के 18 मामलों में जब्त की गई 2874.09 लीटर देशी एवं विदेशी शराब का शनिवार को विनष्टीकरण किया गया। सबेया फील्ड में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में निर्धारित प्रक्रिया के तहत शराब नष्ट करने की कार्रवाई पूरी की गई। विनष्टीकरण के दौरान उत्पाद निरीक्षक जनार्दन प्रसाद एवं हथुआ के कार्यपालक दंडाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों की निगरानी में जब्त शराब की मात्रा और संबंधित मामलों का सत्यापन किया गया। इसके बाद नियमानुसार शराब को नष्ट किया गया।बताया गया कि विभिन्न मामलों में पुलिस एवं उत्पाद विभाग की कार्रवाई के दौरान जब्त की गई शराब को निर्धारित प्रक्रिया के तहत विनष्ट किया गया है।शराब के विनष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न कराई गई। थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि शराबबंदी कानून के प्रभावी अनुपालन को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दीपक ने कम समय में कंपनी में बनाई थी अच्छी पकड़, जिससे नाराज चल रहे थे सहकर्मी

**उचकागांव /गोपालगंज (एनएसबी) ।** उचकागांव थाना क्षेत्र के दहीभाता गांव निवासी दीपक कुमार ठाकुर की असम के गुवाहाटी जिले के नवगांव थाना क्षेत्र में चाकू से गला रेत कर की गई हत्याकांड के बाद शनिवार की रात्रि मृतक का शव उनके पैतृक घर दहीभाता में पहुंचने के अगले दिन सुबह गोपालगंज सदर विधायक सुभाष सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह अपने समर्थको के साथ मृतक के दरवाजे पर पहुंच कर उनके स्वजन से मिलकर घटना की जानकारी ली। इस दौरान मृतक के पिता रामप्रीत ठाकुर और भाई बबलू ठाकुर ने बताया कि दीपक ठाकुर ने तीन वर्षों के अंदर अपनी कंपनी में अधिक से अधिक व बेहतर काम दिखाकर अपनी अच्छी पकड़ बना ली थी। जिससे कंपनी के अधिकारी दीपक को ज्यादा मानने लगे थे। जबकि उनके रुम-पार्टनर व सहकर्मी पिछले सात वर्षों से कंपनी में काम करने के बावजूद भी कंपनी में अच्छी पकड़ नहीं बना पाए थे।जिससे दीपक की अपने सहकर्मियों से अंदरुनी दुश्मनी भी चल रही थी। जिसकी जानकारी दीपक ने पूर्व में ही अपने स्वजन को फोन पर दी थी और कहा था कि कभी भी किसी के साथ कोई भी घटना हो सकती है। इधर दीपक के भाई बबलू ठाकुर ने आरोप लगाया है कि दीपक के कैंप में काम करने वाले सहकर्मियों के द्वारा ही उनकी हत्या की गई है। जबकि अभी तक असम पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर सकती है। घटनास्थल से दीपक का मोबाइल, कंपनी से संबंधित कागजात, आधार कार्ड आदि जरुरी कागजात भी गायब पाए गए हैं। घटना की जानकारी लेने के बाद सदर विधायक सुभाष सिंह ने मामले में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा व स्थानीय एसपी से बात कर मामले में जल्द से जल्द दीपक को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

# गुवाहाटी में हत्या का शिकार हुए युवक शव पहुंचा दहीभाता, मचा कोहराम


(मृत परिवार को संतावना देते विधायक)

**उचकागांव (गोपालगंज) (एनएसबी)।** उचकागांव थाना क्षेत्र के दहीभाता गांव निवासी 25 वर्षीय युवक की असम के गुवाहाटी जिले के नवगांव थाना क्षेत्र के कामपुर शहर के समीप जंगल में ले जाकर गला रेत कर हुई हत्या के बाद शनिवार की रात मृतक का शव उनके पैतृक घर पर पहुंच गया। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड गई। इस दौरान स्वजन की चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया।

बताया जा रहा है कि उचकागांव थाना क्षेत्र के दहीभाता गांव निवासी रामप्रीत ठाकुर के 25 वर्षीय बेटे दीपक कुमार ठाकुर भोपाल से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने के बाद असम के गुवाहाटी जिले में नाहटा कंस्ट्रक्शन कंपनी में इंजीनियर के पद पर पिछले दो वर्षों से काम कर रहे थे। कार्य स्थल से कुछ दूरी पर स्थित एक शुगर मिल के परिसर में किराए पर रूम लेकर अपने तीन अन्य साथियों के साथ रहते थे। साथ ही इसी कैंप में उनके कंपनी के अन्य कर्मी भी रहते थे। उनके पिता पिछले बीस वर्षों से मौके से लगभग 35 किलोमीटर दूर रहकर सैलून चलाने का काम करते हैं। 16 सितंबर की संध्या किराए के रूम से कुछ दूरी पर स्थित एक जंगल के समीप ले जाकर दीपक की चाकू से गोंदकर उनकी हत्या कर दी गई थी। घटना से लगभग एक घंटे पहले ही उनकी अपनी मां और पत्नी से बात भी हुई थी। इसके बाद से उनके मोबाइल पर संपर्क नहीं हो पा रहा था। घटना की सूचना उनके पिता को मिलने के बाद पिता द्वारा उनकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान स्थानीय लोग एवं पुलिस के सहयोग से दीपक का शव गुवाहाटी के नवगांव थाना क्षेत्र के कामपुर स्थित शुगर कंपनी से कुछ दूरी पर स्थित एक तालाब में पाया गया था। मृतक के शव को कब्जे में लेकर नवगांव पुलिस पोस्टमार्टम कराने के बाद जांच-पड़ताल कर रही थी। मामले में मृतक के पिता के आवेदन पर कैंप में रहने वाले अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। नवगांव पुलिस द्वारा दीपक के रूम पार्टनर सहित स्थानीय 25 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वैसे घटना के पांच दिन बाद भी अभी तक असम पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। मृतक दीपक की शादी सात माह पहले ही उचकागांव थाना क्षेत्र के नवादा परसौनी गांव निवासी धुरंधर ठाकुर की बेटी रितु देवी के साथ हुई थी। मृतक का शव उनके पैतृक घर दहीभाता में पहुंचने के बाद मृतक की पत्नी रितु देवी, मां दुलारी देवी, सास फूलमती देवी, पिता रामप्रीत ठाकुर, ससूर धुरंधर ठाकुर, भाई बबलू ठाकुर, साले राकेश ठाकुर सहित पूरे परिवार का भी रो-रोकर बुरा हाल था। जिसे मनाने के लिए आस-पास के लोग लगे हुए थे। इस दौरान स्वजन व ग्रामीणों के देखरेख में मृतक का अंतिम संस्कार शनिवार की देर रात्रि ही कर दी गई।

# बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोपालगंज जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन, अतुल कुमार चौबे फिर बने जिलाध्यक्ष


(माला पहनाकर स्वागत करते)

**कटेया, गोपालगंज (एनएसबी)।** बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन की गोपालगंज जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 20 सितंबर को जिला टाउन में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे शिक्षकों ने संगठन की मजबूती, विस्तार एवं पुनर्गठन के साथ शिक्षकों की लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में अतुल कुमार चैबे को सर्वसम्मति से पुनः जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं अम्बुज सिन्हा को महासचिव, नवनीत मिश्रा को संयोजक, संजीव कुमार रंजन को संरक्षक तथा अंकज कुमार तिवारी को वरीय जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। नवगठित जिला कार्यकारिणी में अशोक कुमार यादव, अमृतेश आशुतोष, अभय पासवान, ज्योतिन्द्र गिरी, राजकुमार यादव, वीरेंद्र गुप्ता, अश्वनी मिश्रा, नागेंद्र राम एवं आनंद कुमार को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। उमाशंकर बैठा को वरीय जिला सचिव बनाया गया। जिला सचिव के रूप में सोनू अली, धर्मेंद्र यादव, रामसेवक गुप्ता, गौरव कुशवाहा, सुनील कुमार, सन्नी कुमार एवं मोहम्मद तौफीक का चयन किया गया। इसके अलावा प्रभाकर पासवान को जिला मीडिया कोषाध्यक्ष, अंशु तिवारी एवं अजय कुमार मिश्रा को जिला प्रवक्ता तथा अभिषेक कुमार सिंह एवं मैनुद्दीन अंसारी को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अतुल कुमार चैबे ने कहा कि संगठन को जिले के प्रत्येक प्रखंड और विद्यालय स्तर तक मजबूत किया जाएगा। शिक्षकों की एकजुटता के साथ उनके अधिकार एवं हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यकर्मी का दर्जा प्राप्त कर चुके शिक्षकों को सप्तम वेतन आयोग का लाभ सहित अन्य लंबित मांगों के लिए संगठन क्रमवार एवं लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करेगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने तथा अधिक से अधिक शिक्षकों को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी शिक्षकों एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति शिक्षकों की एकता में है और एकजुट होकर ही शिक्षक हितों की आवाज को मजबूती दी जा सकती है।